रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित | हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 1 दिसंबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 99 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### गुजरात में 478 करोड़ के मादक द्रव्य पकड़े गये

**नई दिल्ली।** गुजरात में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले वडोदरा में 478 करोड़ रुपये मूल्य के मादक द्रव्य पकड़े गये हैं। निर्वाचन आयोग ने इसे चुनाव को धन और मादक पदार्थों के प्रभाव से मुक्त रखने के लिए की गयी निरंतर कड़ी सतर्कता का परिणाम बताया है। आयोग की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार जब्ती के मामलों में 28 गुना वृद्धि हुई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस बार 29 नवंबर तक गुजरात में 27.07 करोड़ रुपये नकद, 14.88 करोड़ रुपये की अनुमानित मूल्य की कुल 4.12 लाख लीटर शराब, 15.79 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं, 171.24 करोड़ रुपये के मुफ्त बांटने के सामान और वडोदरा की जब्ती के अतिरिक्त 61.96 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं।

### रुपया 42 पैसे मजबूत

**मुंबई।** शेयर बाजार की तूफानी तेजी के साथ ही आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 42 पैसे मजबूत होकर 81.30 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, पिछले कारोबार दिवस रुपया चार पैसे फिसलकर 81.72 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया नौ पैसे चढ़कर 81.63 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और बिकवाली से समर्थन पाकर 81.30 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। हालांकि लिवाली के दबाव में यह 81.64 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक उतरा।

### भारत ने छह साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराया

**एडिलेड।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आखिरी मिनट में गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की




श्रृंखला का तीसरा टेस्ट बुधवार को 4-3 से जीत लिया। भारत ने छह साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है। भारत की इस ऐतिहासिक जीत में हरमनप्रीत (12वां), अभिषेक (47वां), शमशेर सिंह (57वां) और आकाशदीप (60वां मिनट) ने गोल किये।

# बलात्कारी के साथ पीएम की फोटो लगाना अपमान : भूपेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा ने एक बलात्कारी के साथ प्रधानमंत्री की फोटो लगाकर उनका अपमान किया है। भाजपा के लिए अच्छा होगा कि वे पहले बलात्कारी के साथ लगी प्रधानमंत्री की फोटो हटाएं। ऐसे प्रत्याशी से भाजपा अपना समर्थन भी वापस ले। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा हमारे प्रधानमंत्री का अपमान कर रही है। एक नाबालिग



बच्ची के साथ बलात्कार करने वाले को कैंडिडेट बना दिया है। अब उसके साथ प्रधानमंत्री की फोटो लगाएं हैं। यह सीधे-सीधे प्रधानमंत्री का अपमान नहीं है? भाजपा ही प्रधानमंत्री का अपमान कर रही है। एक बलात्कारी के साथ प्रधानमंत्री की फोटो लगाएं हैं, यह कितनी अपमानजनक बात है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के आरोपों से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, अजय चंद्राकर जी पहले खुद देख लें। बलात्कार के आरोपी ब्रह्मानंद नेताम के साथ प्रधानमंत्री की फोटो लगाए हैं कि नहीं लगाएं हैं। पहले प्रधानमंत्री की फोटो वहां से हटायें। मुख्यमंत्री ने कहा, अच्छा तो यह होगा कि जब यह पता चल गया कि ब्रह्मानंद नेताम बलात्कारी है तो भाजपा उससे अपना समर्थन वापस ले ले। उनके हाईकमान से भी कहना चाहूंगा कि अपना समर्थन वे वापस लें। एक बलात्कारी के बचाव में भाजपा के राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर का नेतृत्व क्यों खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुंह छिपाने से काम नहीं चलेगा। भाजपा नेताओं को आगे बढ़कर ब्रह्मानंद नेताम से अपना समर्थन वापस ले लेना चाहिए। सिंबल तो वापस नहीं हो सकता लेकिन समर्थन तो वापस ले ही सकते हैं।

## विकास से कोसों दूर भानुप्रतापपुर : कौशिक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश को कर्ज में डुबोने वाली कांग्रेस सरकार के शासन काल में भानुप्रतापपुर के साथ पूरा प्रदेश विकास की दृष्टिकोण से कोसों दूर हैं। कौशिक ने कहा कि प्रदेश की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार जिस तरह से प्रदेश को लूट रही हैं, जिस तरह से प्रदेश कि जनता के साथ वादाखिलाफी की हैं उसे अब जनता समझ चुकी हैं। वादाखिलाफी कांग्रेस सरकार ने सत्ता आने से पहले 36 बिन्दुओं का घोषणा पत्र जारी किया था। परन्तु अब तक



उसे पुरा नहीं कर पायी हैं, कांग्रेस ने बिजली बिल हाफ का वादा किया परन्तु बिजली ही हाफकर दी, शराबबंदी का वादा किया था इसके विपरीत शराब की घर पहुंच सेवा लागु कर शराब की नदियां बहा रही हैं, महिलाओं के लिए महिला स्व सहायता। समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो योजना डॉ. रमन सिंह की सरकार ने बनाई थी उसे कांग्रेस सरकार ने छीन लिया। 2500 रूपए बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया। उन्होंने कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार के सारे प्रकरण षडयंत्रों का हिस्सा हैं, जिस तरह से भ्रष्ट कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के छवि पर आरोप लगाया हैं उसे भानुप्रतापपुर की जनता समझ चुकी हैं कि यह उनके षडयंत्रों का एक हिस्सा हैं कौशिक ने कहा कि इस सबका बदला भानुप्रतापपुर कि जनता इस उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम को भारी मतों से विजय बनाकर लेगी और इस वादाखिलाफी कांग्रेस सरकार को आईना दिखाएगी।

## मूणत ने की सीएम भूपेश के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत



पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सीएम भूपेश बघेल द्वारा ब्रम्हानंद नेताम को बलात्कारी कहने पर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। मूणत ने शिकायत में कहा कि नेताम पर आरोप लगाया गया है इस तरह का कोई अपराध अभी तक सिद्ध नहीं हुआ है। लेकिन सीएम बघेल ऐसा आरोप लगाकर भाजपा प्रत्याशी की छवि बिगाड़ रहे है। जिस पर चुनाव आयोग से उन्होंने कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# बृहस्पति का सीएम भूपेश को पत्र, अफसर युवाओं को कलम नहीं बंदूक पकड़ाना चाहते है

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रामानुजगंज विधायक बृहस्पति सिंह ने छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने यह कहा है कि अफसरों की मनमानी और लालफीताशाही सूबे के युवाओं को शिक्षा से वंचित कर इनके हाथ में कलम की जगह बंदूक पकड़ाना चाहती है। जो राज्य के युवाओं और राज्य के लिए एक चिंताजनक विषय है। दरअसल रामानुजगंज के विधायक बृहस्पति ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ के नर्सिंग कॉलेजों में खाली 27 सौ सीटों में 12वीं पास इच्छुक छात्रों को प्रवेश देने हेतु यह पत्र लिखा है। विधायक सिंह ने अपने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ में शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में विभाग की उदासीनता से लगभग 2700 नर्सिंग छात्र-छात्राओं की सीटें रिक्त है, जो कि प्रवेश हेतु शेष है।

विधायक सिंह ने आगे लिखा कि 12वीं पास छात्र-छात्राएं नर्सिंग की पढ़ाई करने के लिए कॉलेज में दर-दर भटक रहे है, परंतु सीटें रिक्त होने के बावजूद भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संज्ञान में पिछले वर्ष छात्रों ने यह बात लाई थी, तो वर्ष 21-22 सहित पिछले 3 वर्षों तक प्रवेश दी जाती रही है।

इस वर्ष स्वास्थ्य शिक्षा विभाग के तानाशाह रवैया के कारण अभी तक नर्सिंग की पढ़ाई करने वाले छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राएं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति गरीब छात्र-छात्राएं महीनों से प्रवेश के लिए गुहार लगाते लगाते थक चुके हैं। इनका शासन-प्रशासन से भी मोहभंग हो चुका है।

## बृहस्पत सिंह के निशाने पर फिर सिंहदेव

सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, और विधायक बृहस्पत सिंह ने नर्सिंग कॉलेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की अनुमति देने के लिए सीएम



भूपेश बघेल को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग की तानाशाही रवैये के कारण अजा, जजा, और अति गरीब विद्यार्थी परेशान हैं। प्रवेश के लिए गुहार लगाते-लगाते थक चुके हैं। शासन-प्रशासन से मोह भंग हो चुका है। बृहस्पत सिंह ने यहां तक कह दिया कि परन्तु चिकित्सा विभाग के अफसरों की मनमानी और लालफीता शाही उन्हें स्वास्थ्य शिक्षा से वंचित कर रही है, उनके हाथ में कलम की जगह बंदूक पकड़ाना चाहती है। बृहस्पत सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सीएम को चिट्ठी लिखी है, और कहा कि प्रदेश में शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी नर्सिंग महावद्यालयों में विभाग की उदासीनता से लगभग 2700 नर्सिंग छात्र छात्राओं की सीटें रिक्त है, जो कि प्रवेश के लिए शेष है।

# बस-ट्रक में भिड़ंत, 6 मरे, 13 घायल

वार्ता < बहराइच
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के जरवल रोड क्षेत्र में रोडवेज बस और ट्रक की भिड़ंत में पांच यात्रियों समेत छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि बहराइच-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर



घाघरा घाट के पास यात्रियों से भरी एक रोडवेज बस को ट्रक ने साइड से टक्कर मार दी। इस हादसे में बस सवार पांच यात्रियों और ट्रक चालक की मौत हो गयी जबकि 13 लोग घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिये ज़िला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) मुस्तफ़ाबाद में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्री योगी ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत कार्य को युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग की यात्री राहत योजना के अधीन मृतकों एवं गंभीर घायलों को अनुमन्य सहायता राशि के तत्काल वितरण का निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्राम तपेसिपाह पानी टंकी के पास आज सुबह यह हादसा उस समय हुआ जब रोडवेज बस लखनऊ से बहराइच की तरफ आ रही थी जबकि ट्रक बहराइच से लखनऊ की तरफ जा रहा था कि दोनों की आमने सामने टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में बस में सवार पांच यात्रियों और ट्रक ड्राइवर की मौके पर मृत्यु हो गयी।

# आग लगने से 6 लोग जिंदा जले

वार्ता < फिरोजाबाद
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद के जसराना क्षेत्र में एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लगने से एक परिवार के छह लोगों की जल कर मृत्यु हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कस्बा पाढम में मंगलवार रात रमन कुमार सिंह के मकान में अचानक आग लग गयी। सूचना पर पुलिस



के जवान मौके पर पहुंचे मगर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां देर से पहुंचने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिसकी वजह से आग मकान की तीन मंजिल में फैल गयी और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। जिलाधिकारी रवि रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए आगरा, एटा, मैनपुरी से दमकल मंगानी पड़ी। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद 18 दमकल गाड़ियों से आग पर काबू पाया जा सका। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में गहरा दुख जताते हुये पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद और समुचित इलाज कराने के निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिये हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दमकल के जवानो ने भीषण आग की लपटों के बीच फंसे लोगों में से एक लड़की उन्नति को ऊपर की मंज़िल से रस्सी के सहारे लटकाकर बचा लिया जबकि अन्य लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मरने वाले रमन कुमार का पुत्र मनोज कुमार (38), उसकी पत्नी नीरज (35), पुत्र हर्ष (12),भारत (8) के अलावा नितिन की पत्नी शिवांगी (32) और तीन माह की मासूम तेजस्वी शामिल हैं। घर के मुखिया रमन कुमार अपने गांव और छोटा बेटा नितिन किसी कार्यक्रम में शामिल होने घर से बाहर थे। सूत्रों ने बताया कि मकान के नीचे के भाग में इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर और ज्वेलरी की दुकानें जल कर खाक हो चुकी हैं। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया बिजली का शार्ट सर्किट होना माना जा रहा है।

# देश विरोधी तत्वों से कड़ाई से निपटने की तैयारी, एंडी रेडिकलाइजेशन सेल बनाना अच्छा कदम : अमित शाह

एजेंसी < अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात चुनाव में आम आदमी पार्टी की चुनौती को तवज्जो न देते हुए दावा किया कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी शायद अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की स्टेट यूनिट की ओर



से कट्टरपंथ विरोधी प्रकोष्ठ स्थापित करने की घोषणा एक अच्छी पहल है, जिस पर केंद्र और अन्य राज्य विचार कर सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि गुजरात में बीजेपी अभूतपूर्व जीत दर्ज करेगी। लोगों को हमारी पार्टी और हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है। गुजरात चुनाव में 'आप' की दस्तक के सवाल पर शाह ने कहा, हर पार्टी को चुनाव लड़ने का अधिकार है, लेकिन यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे पार्टी को स्वीकार करते हैं या नहीं। वहीं, कट्टरवाद पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसका संप्रदाय से कोई लेना-देना नहीं है।

## गुजरात में रोजगार नहीं जहर बांट रही है भाजपा सरकारः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात में जहरीली शराब पीने से लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक जताया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार रोजगार देने की बजाय जहर बांटने



का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गुजरात में एक तरफ शराबबंदी का दिखावा करती है तो दूसरी तरफ वहां जहरीली शराब के सेवन से लोगों की मृत्यु हो रही है जो दुखद है। गांधी ने ट्वीट किया, ÷ड्राई स्टेट, गुजरात में कल फिर ज़हरीली शराब से लोगों की मृत्यु हुई। एक तरफ़ दिखावे की शराबबंदी, दूसरी ओर ज़हरीली शराब और ड्रग्स से लोग मर रहे हैं - रोज़गार की जगह ज़हर दे रही है सरकार। ये है भाजपा का 'गुजरात मॉडल' ! गांधी-सरदार की भूमि को नशे में लिप्त कर दिया है।

## संगाई महोत्सव जीवंत पर्यटन के रूप में याद किया जाएगा

# एकता के विचार को प्रोत्साहित करता है संगाई त्योहार, स्थायी जीवनशैली के लिए प्रेरणा : मोदी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

मणिपुर के संगाई त्योहार के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संगाई त्योहार एक स्थायी जीवन शैली के लिए प्रेरित करता है। यह 'एकता का त्योहार' विचार को प्रोत्साहित करता है। इसे विभिन्न स्थानों पर मनाया जा रहा है। संगाई उत्सव उद्योग और निवेश को भी आकर्षित करता है।

संगाई महोत्सव को लेकर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कई ट्वीट्स किया हैं। एक ट्वीट में उन्होंने कहा, मणिपुर संगाई महोत्सव 2022 के दौरान सभी आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माउंटेड पुलिस पुलिस, विशेष महिला कमांडो यूनिट और



टूरिस्ट पुलिस बनाई गई है।

मुख्यमंत्री सिंह ने अपने ट्वीट में संगाई महोत्सव में शिरकत करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू का भी आभार जताया। उन्होंने संगाई महोत्सव के समापन के मौके पर वर्चुअल तरीके से मणिपुर की जनता के लिए संबोधन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का भी आभार जताया। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, मैं अपने कैबिनेट सहयोगियों, माननीय विधायकों और अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है। मुझे यकीन है कि ऐसा करने के लिए उनमें से कई लोगों ने पिछले तीन महीनों में पर्याप्त नींद नहीं ली है। मुख्यमंत्री ने कहा, मणिपुर संगाई महोत्सव-2022 को मणिपुर के सबसे जीवंत पर्यटन उत्सव के रूप में याद किया जाएगा। राज्य के भीतर और बाहर से पांच लाख से ज्यादा लोगों की भागीदारी के साथ यह त्योहार वास्तव में एकता का त्योहार रहा है।

## मोदी 2 दिन में करेंगे 7 जनसभाएं और रोड शो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीजेपी के लिए चुनाव प्रचार की बड़ी जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री 1 और 2 दिसंबर को गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी कुल 7 जनसभाओं को संबोधित करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 दिसंबर को पहले चरण की वोटिंग के बीच पंचमहल के कलोल, छोटा उदयपुर के बोडेली और हिम्मतनगर में रैली करेंगे। यहां 5 दिसंबर को दूसरे फेज में मतदान होना है। कलोल में गुरुवार सुबह 11 बजे, बोडेली में 12.30 और हिम्मतनगर में 2.45 बजे पीएम मोदी की रैलियां शेड्यूल हैं। इसके बाद पीएम मोदी गुरुवार की रात गांधीनगर में ठहरेंगे। इसके बाद 2 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी बनासकांठा के कनकराज, पाटन, सोजितरा और अहमदाबाद में ताबड़तोड़ जनसभाएं करेंगे। कनकराज में रैली सुबह 11 बजे, पाटन में 12:30 बजे, सोजितरा में 2:45 बजे और अहमदबाद में आखिरी रैली शाम 7 बजे होगी। गुजरात चुनाव के लिए पीएम मोदी ने 20 नवंबर को सोमनाथ मंदिर में दर्शन कर चुनावी प्रचार अभियान का आगाज किया था। अहमदाबाद में 2 दिसंबर को रोड शो और रैली के साथ बीजेपी का प्रचार अभियान खत्म हो जाएगा। गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी अब तक 20 रैलियां कर चुके हैं। इसके साथ ही वह दो कार्यक्रमों में हिस्सा ले चुके हैं। इस तरह दूसरे दौर के मतदान से पहले पीएम मोदी गुजरात में 27 सभाओं को संबोधित कर चुके होंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी ने 34 सभाओं को संबोधित किया था।

# खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए शरत कमल

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत के दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल को बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रमंडल खेलों के दो बार के गोल्ड मेडलिस्ट शरत इस




साल खेल रत्न से सम्मानित होने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। वह आज मणिका बत्रा के बाद यह पुरस्कार पाने वाले दूसरे टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गये। उम्र को धता बताने वाले 40 वर्षीय कमल ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में पुरुष एकल, पुरुष टीम और मिश्रित युगल में स्वर्ण जीते। इसके अलावा उन्होंने पुरुष युगल में भी चांदी का तमगा हासिल किया। शरत के पिता श्रीनिवास राव ने केवल चार साल की उम्र में ही उनका परिचय टेबल टेनिस से करवा दिया था। अपने समय के टेबल टेनिस खिलाड़ी रहे श्रीनिवास ने भाई मुरलीधर राव के साथ मिलकर शरत को खेल की तकनीकी बारीकियां सिखाईं। साल 2002 में भारत के लिये पदार्पण करने वाले शरत 20 सालों में सात स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य सहित कुल 13 राष्ट्रमंडल पदक जीत चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने एशियाई खेल और एशियाई चैंपियनशिप में भी दो-दो कांसे के तमगे जीते हैं। शरत को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने के अलावा श्रीमति मुर्मू ने 40 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों में सीमा पुनिया (एथलेटिक्स), एल्डहोज पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश सेबल (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एचएस प्रणय (बैडमिंटन), अमित पंघाल (मुक्केबाजी), निखत ज़रीन ( मुक्केबाज़ी), भक्ति कुलकर्णी (शतरंज), आर प्रगनानंद (शतरंज), दीप ग्रेस एक्का (हॉकी), सुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी सैकिया (लॉन बाउल्स), सागर ओवलकर (मल्लखंब), एलावेनिल वलारिवान (शूटिंग), ओम प्रकाश मिथरवाल (शूटिंग), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (भारोत्तोलन), अंशु मलिक (कुश्ती), सरिता मोर (कुश्ती), परवीन (वुशु), मानशी जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरुण ढिल्लों (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल पाटिल (पैरा तैराकी), जेरलिन अनिका जे (बधिर बैडमिंटन) के नाम शामिल हैं।

# बदहाल सन्ना-सोनक्यारी मार्ग से आक्रोशित ग्रामीणों ने 7 घंटे तक किया चक्काजाम

## ग्रामीणों का साथ देने भाजपा के कार्यकर्ता भी पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारे लगाए

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर/मनोरा
www.dailypioneer.com



सदियों पुरानी सन्ना-सोनक्यारी मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। सरकार और प्रशासन का दरवाजा खटखटाने, गुहार लगाकर थक जाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क बाधित कर चक्का जाम करने का फैसला ले लिया। बुधवार की सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण सोन्क्यारी ग्राम पंचायत से सड़क पर पहुंचे और चक्का जाम कर यात्री बसों के साथ ही माल वाहक वाहनों को भी 7 घंटे तक रोके रखा। ग्रामीणों को समझाईश देने पीडब्लूडी कार्यालय के एसडीओ भी पहुंचे और उन्हें आश्वासन देने की कोशिश की पर ग्रामीणों ने उनकी एक न सुनी और लगातार अपना आंदोलन जारी रखा। ग्रामीणों की मांग का समर्थन करने बीजेपी के कार्यकर्ता भी पहुंचे और भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ नारे बाजी करने लगे।

**बीमारी से ग्रसित हो रहे ग्रामीण** – धरने पर बैठे महिला व पुरुषों ने बताया कि सड़क की बदहाल और धूल मिट्टी से हमारे परिवार को श्वास संबंधी बीमारी हो रही है। बिना कुछ खाएं पिए ग्रामीण सुबह 7 बजे से चक्का जाम कर धरने पर बैठे रहे। बदहाल सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराने की मांग को लेकर 7 घंटे तक अड़े रहे। विभाग की ओर से लिखित आश्वासन मिलने पर ही जाम को हटाया गया।

**भाजपा कार्यकर्ता भी पहुंचे** – सोनक्यारी पंचायत में सुबह 7 बजे से शुरू हुआ चक्का जाम को समर्थन देने भाजपा के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे और भूपेश बघेल मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए धरने पर बैठ गए।

### घंटों यात्री बस में फंसा रहे

बदहाल सड़क की मांग को लेकर ग्रामीणों के चक्का जाम से घंटो भर यात्री फंसे रहे। कार, मोटरसाइकिल, बस, सभी गाड़ी जाम में फंसे रहे। फंसे हुए यात्रियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि अम्बिकापुर, गुमला, झारखण्ड रांची जाने वाले यात्री ज्यादा फंसे हुए थे। यात्रियों ने कहा कि हम लोग 25 किलोमीटर पदयात्रा से जशपुर मुख्यालय जा रहे हैं। वही कुछ यात्री वृद्ध थे लेकिन किसी तरह धीरे धीरे से पदयात्रा कर रहे थे ऑटो मिलने पर किसी तरह सवार होकर जशपुर पहुंचे।

# एनएमडीसी नेशनल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप ट्रॉफी पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ के नाम



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी के सौजन्य से लौहनगरी किरंदुल में पहली बार सेंट्रल जोन नेशनल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में 6 राज्यों की 11 पुरुष एवं महिला टीमों ने हिस्सा लिया था।जिसमें जिसमें दिल्ली मध्य प्रदेश झारखंड उत्तराखंड छत्तीसगढ़ की टीमें थी।लीग पद्धति के आधार पर खेले गए इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया वहीं द्वितीय स्थान पर एन एम डी सी की टीम रही इसी तरह बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने इस चैंपियंस ट्रॉफी को अपने नाम किया द्वितीय स्थान पर मध्य प्रदेश की टीम रही।

सेंट्रल जोन नेशनल बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के समापन समारोह बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में एनएमडीसी परियोजना के महाप्रबंधक विनय कुमार उपस्थित थे विशिष्ट अतिथियों में बी के माधव उपमहाप्रबंधक कार्मिक,लखबीर सिंग उप महाप्रबंधक सिविल,एस बी सिंह महाप्रबंधक उत्पादन,एच एन तिवारी प्रबंधक सम्पदा,मजदूर संघ एटक के सचिव राजेश संधू,अध्यक्ष के साजी,बीटीओए अध्यक्ष ए अनिल,नरसिम्हा रेड्डी राजेंद्र यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता में अदिति जैन,भूमिका साहू,सेवा दास मानिकपुरी,चिंतामणि चंद्रवंशी,रमन ठाकुर,रमेश सिंह एवं भानु प्रताप ने निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।वही मंच संचालन राजनाथ के द्वारा बखूबी निभाया गया।

दंतेवाड़ा जिले के इतिहास में बैलाडीला नगर में हो रहे हैं राष्ट्रीय स्तर के बॉल बैटमिंटन प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक प्रारंभ करने के लिए जिला बॉल बैटमिंटन संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष ईश्वर राव, सचिव देवरायालु, बालेंद्र सिंह, हरकान्त देवनाथ, जी सूर्या राव, रविश तिवारी, हरिकिशन कोडपी, रवि पांडे, एकटेश्वर राव, मो. नसाद व संघ के सभी सदस्यों का भरपूर योगदान रहा।

### काकड़गांव के नक्शा-खसरा का मदवॉर व व्यक्तिवार अंतिम प्रकाशन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अधीन राजस्व सर्वेक्षण उपरांत ग्राम काकड़गांव पटवारी हल्का नम्बर 34 राजस्व निरीक्षक मंडल गोलावण्ड तहसील के किसानों के कब्जानुसार प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण बाद तैयार नक्शा, खसरा का मदवॉर और व्यक्तिवॉर अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। उक्त ग्राम के नक्शा-खसरा का अंतिम प्रकाशन अवलोकन हेतु ग्राम के प्रमुख स्थलों पर चस्पा किया गया है। उपरोक्त सर्वेक्षण में भूमि हस्तान्तरण, आबंटन के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी 23 दिसंबर तक लिखित में अपना दावा-आपत्ति कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा में स्वंय अथवा अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

# जिले में स्काउट व गाइड बेसिक प्रशिक्षण 12 दिसंबर तक

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भारत स्काउट व गाइड छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भारत स्काउट व गाइड जिला संघ के पदेन संरक्षक और जिला कलेक्टर दीपक सोनी, राज्य आयुक्त स्काउट व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला आयुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के मार्गदर्शन में डाइट संबलपुर में बेसिक कब मास्टर, स्काउट मास्टर, रोवर लीडर, गाइड कैप्टन और रेंजर लीडर का 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। इस 7 दिवसीय आवासीय शिविर में 13 बेसिक कब मास्टर, 31 बेसिक स्काउट मास्टर, 31 रोवर स्काउट लीडर, 15 बेसिक गाइड कैप्टन और 13 बेसिक रेंजर लीडर कुल 103 प्रशिक्षणार्थी शिविर में भाग लेंगे। उक्त शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पूर्ण गणवेश के साथ नोटबुक, पेन, पेंसिल, स्केच पेन, ड्राइंग शीट, रस्सी, लाठी, वाटर बैग, टार्च, मेडिसिन, मौसम अनुकूल पर्याप्त कपड़े ईत्यादि के साथ उपस्थित होने कहा गया है। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

### राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा में बस्तर से पहुंचे सत्तार

**सुकमा।** राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा मे शामिल होने बस्तर से इंदौर पहुँचे बस्तर के कांग्रेसी नेता सत्तार अली कदम से कदम मिलाने बस्तर से पहुँचे सत्तार अली से की राहुल गांधी ने चर्चा भी किया। कांग्रेसी नेता एवं उर्दू बोर्ड डायरेक्टर सत्तार जब इस यात्रा में शामिल हुए तो राहुल गांधी ने हाथ उनका अभिवादन करते हुए उनसे बस्तर का हाल पूछा तो सत्तार ने उन्हें बस्तर में चल रही राजनीतिक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य जानकारियों से भी अवगत करवाया।



# मजदूरी भुगतान के लिए वन विभाग के चक्कर काट रहे हैं मजदूर, डीएफओ से मुलाकात कर बताई व्यथा

पायनियर संवाददाता ◀ केशकाल
www.dailypioneer.com



एक ओर जहां राज्य सरकार विभिन्न विभागीय योजनाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने का दावा करती है। वहीं केशकाल वनमंडल अंतर्गत सुरडोंगर में वन विभाग द्वारा बनवाए गए कृष्णकुंज में मजदूरी का काम करने वाले स्थानीय युवक युवतियों को तीन महीने बीत जाने के बाद भी अब तक मजदूरी भुगतान नहीं किया गया है। बुधवार की सुबह 10 बजे से दर्जनों युवक युवतियां मजदूरी भुगतान करवाने के लिए केशकाल डिवीजन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रहे। लेकिन किसी अधिकारी ने उनसे मिलना या उनकी व्यथा सुनना जरूरी नहीं समझा। दिन भर इंतजार के बाद शाम लगभग 4 बजे मजदूरों ने नवपदस्थ डीएफओ गुरुनाथन एन से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। जिस पर डीएफओ ने जल्द से जल्द भुगतान करवाने का आश्वासन दिया है।

**3 महीने से नहीं हुआ है भुगतान, मजदूर परेशान–** कृष्णकुंज में मजदूरी करने वाले उमा महंत, नंदूराम यादव ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों के कहने पर सुरडोंगर के लगभग 30 से अधिक लोगों ने अगस्त महीने में मजदूरी का काम किया था। लेकिन 3 महीने बीतने के बाद भी हमारी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। हम लगातार रेंजर, डीएफओ से मिल कर मजदूरी भुगतान की मांग करते आ रहे हैं लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पैसे न मिलने के कारण हमें जीवन यापन में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब तक हमारा पैसा नहीं मिलेगा हम यहां से जाने वाले नहीं है।

**एक सप्ताह के भीतर करेंगे भुगतान–** वहीं नवपदस्थ डीएफओ गुरुनाथन एन. ने कहा कि डीएमएफ मद से कृष्णकुंज में काम कर चुके मजदूरों का भुगतान नहीं होने की जानकारी मेरे संज्ञान में आई है। जिनमे से कुछ लोगों का भुगतान हो गया है, कुछ ही लोग शेष हैं। उनकी मजदूरी का भुगतान भी एक सप्ताह के भीतर करवा दिया जाएगा।

# जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति, दिव्यांग एवं 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने चलेगा विशेष अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ गौरेला पेण्ड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आज वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति, दिव्यांगजन एवं 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के पूर्व विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण (अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023) के दौरान 9 नवंबर 2022 से लेकर 8 दिसंबर 2022 तक दावा आपत्ति प्राप्त की जा रही है। जिसमें नया पंजीयन, डिलीशन एवं संशोधन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में सभी मतदान केन्द्रों पर जागरूकता अभियान चलाकर बी.एल.ओ. अथवा मतदाता स्वयं ऑनलाइन वीएचए एवं एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से पात्र मतदाताओं के पंजीयन कराने के निर्देश दिये गये। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने 4 अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर घोषित किया गया है। आयोग द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों के 17 वर्ष से अधिक के पात्र मतदाताओं को पंजीयन कराने के विशेष निर्देश दिये गये है। इसके लिए जिले में अभियान चलाकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोग द्वारा जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय (पीवीटीजी) के पात्र मतदाताओं का शतप्रतिशत पंजीयन कराने हेतु निर्देश हैं। इसके लिये बी.एल.ओ. एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसी तरह जिले में दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) मतदाता एवं ट्रांसजेंडरों का चिन्हाकन कर विशेष अभियान चलाने और मतदाता सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिये गये है। बी.एल.ओ. को घर-घर जाकर सर्वे कर सभी 17 वर्ष से अधिक पात्र मतदाताओं का पंजीयन निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए गये है। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर बीसी एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद रूप तिवारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अविनाश कुजुर, प्रशांत गुप्ता एवं रिचा चंद्राकर उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कुनकुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कुनकुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम श्री अजय किशोर लकड़ा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लैब, मरीज वार्ड, दवाई स्टोर रूम, धनवंतरी मेडिकल स्टोर सहित अस्पताल की व्यस्था की जानकारी ली। उन्होंने ने दवाई स्टोर रूम को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए हैं और कबाड़ समान को बाहर निकालने के लिए कहा। उन्होंने दवाई स्टोर रूम में दवाइयों को आलमारी में अच्छे से रखने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने के लिए कहा है और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का भी गंभीरता से इलाज करने के निर्देश दिए हैं।

### मनोरा विकासखंड के किसान दोनदेराम ने करडीह गौठान में उत्साह के साथ पैरादान किया

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन जिले के सभी गौठानों में पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध कराने का सार्थक प्रयास कर रहा है।

इसी कड़ी में प्रशासनिक अमला किसानों को पैरादान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है साथ ही जिले में अभियान चलाकर पैरादान संग्रहण का कार्य किया जा रहा है जिला के सभी विकासखंड के गौठान में किसान उत्साह के साथ पैरादान कर रहे हैं। मनोरा विकासखंड के किसान दोनदे राम ने करडीह गौठान में लगभग 10 क्विंटल पैरादान किया है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया अधिक से अधिक पैरादान करके सहयोग प्रदान करे।

# बाबासाहेब सेवा संस्था ने मनाया ज्योतिबा फुले की 132वीं स्मृति दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



बाबा साहेब सेवा संस्थान कार्यालय में संस्था के द्वार महात्मा ज्योतिबा फुले की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर स्मृति दिवस मनाया गया। इस बारे में पी पी गोंडाने ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, गोविंदराव फुले जिन्हें ज्योतिबा फुले के नाम से भी जाना जाता हैं। इनका जन्म 11 अप्रेल 1827 को खानवाड़ी (पुणे) ब्रिटिश भारत महाराष्ट्र, में हुआ था। वे एक भारतीय समाज सुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक और क्रांतिकारी, कार्यकर्ता थे। 1873 में इन्होंने महाराष्ट्र में सत्य शोधक समाज नामक संस्था का गठन किया। जो महिलाओं व दलितों के उत्थान के लिये उन्होंने अनेक कार्य किये। जहां समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के ये प्रबल समर्थक थे। वे भारतीय समाज में प्रचलित जाती पर आधारित विभाजन और भेदभाव के विरुद्ध थे। समाज की कुप्रथा, अंधश्रद्धा की जाल से समाज को मुक्त करना इनका उद्देश्य था। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक तिलक पांडे, मुख्य सलाहकार पी पी गोंडाने, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, पुष्कर सिंह मंडावी, रमेश पोयम, ओम प्रकाश नाग, संदीप कोर्राम, परवीन देवांगन, सिद्धार्थ महाजन, संस्था के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# बिजली बिल की बेतहाशा वृद्धि को लेकर भाजयुमो ने बिजली ऑफिस का घेराव किया

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को नवागढ़ एवं खण्डसरा युवा मोर्चा के तत्वावधान में ग्राम अँधियारखोर-पडकी डीह में धरना प्रदर्शन उपरांत बिजली ऑफिस का घेराव किया गया। छत्तीसगढ़ में लगातार बिजली बिल की बेतहाशा वृद्धि के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा विभिन्न चरणों में बिजली बिल को लेकर आंदोलन कर रही है, इसी तारतम्य में भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान के नेतृत्व में अँधियारखोर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए बिजली ऑफिस पहुंचकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बिजली ऑफिस को घेर लिया। जहां पर तैनात पुलिस बल ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को गेट में रोकने का प्रयास किया, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गेट के सामने ही बैठ गए व नारेबाजी करते रहे, जहाँ भाजपा नेता दीवान ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में मनमानियों को लेकर जमकर फटकार लगाई। जिला महामंत्री विकास दीवान ने कहा कि बिजली बिल हाफ करने का सपने दिखाकर बहुमत हासिल करने वाली कांग्रेस अब बिजली उपभोक्ताओं के जेब में डाका डालने पर तुली हुई है। बिजली बिल के विषयों को लेकर दीवान ने सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि अगर बिजली बिल की दरों में रियायत नहीं दी गई,बिजली बिल हाफ नहीं किया गया तो आने वाले समय में इससे भी उग्र प्रदर्शन युवा मोर्चा करेगा। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा ने कहा कि बीते चार साल के दौरान बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि की है।इससे भी जब सरकार का मन नहीं भरा तो अब सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ डाल रही है। प्रदर्शन में एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरिकिशन कुर्रे, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ जगजीवन खरे, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य निमिराज सोनवानी ने सम्बोधित किया।

# जिले में अब तक बने साढ़े 17 हजार से ज्यादा जाति प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप जिले में जाति प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु समयबद्ध अभियान चलाने के फलस्वरूप बीते 4 वर्षों में साढ़े 17 हजार से अधिक जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जा चुके हैं। इस दिशा में अब तक अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के 14213 आवेदकों सहित अन्य पिछड़ा वर्ग के 3305 आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया जा चुका है। जिसके तहत कोण्डागांव अनुविभाग में कुल 6955, केशकाल में 6820 और फरसगांव अनुविभाग में कुल 3743 जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये हैं। राज्य सरकार के निर्णयानुसार अब सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र यथा जाति प्रमाण पत्र स्थायी अभिलेख होगा, जो प्रतिवर्ष की बजाय एक ही बार जारी किये जायेंगे। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में जाति प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए समयबद्ध अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्र सम्बन्धित स्कूलों में प्रतिपूरित करने सहित समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ तहसील कार्यालयों में जमा किये जा रहे हैं। इसके पश्चात सम्बन्धित छात्र-छात्राओं को स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करने के लिए ऑनलाईन प्रक्रिया पूरी की जाती है। उक्त प्रक्रिया के लिए स्कूल शिक्षा और राजस्व विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गयी है। वहीं जाति प्रमाण पत्र प्रदाय स्थिति में अद्यतन प्रगति लाने के लिए नियमित तौर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। इस ओर अन्य राजस्व प्रकरणों की तरह जाति प्रमाण पत्र संबंधी आवेदन पत्रों को भी ई-कोर्ट में ऑनलाईन दर्ज कर नियत समयावधि में निराकृत किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप जाति प्रमाण पत्र प्रदाय में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

# शिशु मंदिर में हुआ विज्ञान कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चजत माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जहां शासकीय उच्चजत माध्यमिक विद्यालय मसोरा के व्याख्याता गोविन्द राज नायडू एम.एस.सी विज्ञान संकाय की मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा बारहवी के 36 छात्र छात्राएं सम्मिलित रहें।

इस विज्ञान कार्यशाला आयोजन का मुख्य उदेश्य बारहवी के छात्र छात्राएं वर्तमान सत्र में बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुए। जहां छात्र छात्राओं द्वारा कैरियर को ध्यान में अध्यापन शौली में किस प्रकार रूझान उत्पन्न करें इस संदर्भ में मार्गदर्शन अतिथि व्याख्याता के द्वारा दिया गया। समस्याओं को किन किन माध्यमों से बेहतर बनाया जा सकता है इसे प्रयोग के द्वारा समझाया गया। वर्तमान परिस्थिति में छात्र छात्राओं की अध्यापन शौली किस प्रकार होनी चाहिए बताया गया। सर्वागिंण विकास की ओर अग्रसर हो सकेगें । छात्र छात्राऐ किन किन बिन्दुओं को ध्यान में रख कर अध्यापन करेंगें, इस पर चर्चा की गयी। अंत में विद्यालय के छात्र छात्राओं को उनका कैरियर उज्जवल हो समय का पालन कर अध्यापन करने हेतु गोविन्द राज नायडू व्याख्याता, संस्था के प्राचार्य के, रमेश नायडू भौतिक संकाय की व्याख्याता डाली साहू, विज्ञान संकाय के व्याख्याता दुर्गेश और अन्य आचार्यो द्वारा शुभकामनाएं प्रकट की गई।

# उत्कृष्ट विद्यालय की व्यवस्था से पालकों में असंतोष, व्यवस्था नहीं सुधारने की स्थिति में धरना प्रदर्शन की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में व्याप्त समस्याओं को लेकर पालक गणों ने ज्ञापन शिक्षा विभाग के अधिकारी को सौंपा है ।इस विषय पर पालको ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है शिक्षकों की मांग को लेकर बड़ी संख्या मे लोग नाराज हैं ,उन्होंने कहा कि लोग बच्चों की पढ़ाई और स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था को लेकर कभी भी सडक़ पर आकर आंदोलन कर सकते हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूल कक्षा पहली से बारहवीं तक संचालित है लेकिन इस स्कूल मे समस्याओं का अंबार है।नगर में संचालित आत्मानन्द स्कूल के दोनों माध्यमों की कक्षाएं एक ही भवन में दो पारियों में लगाई जा रही है स्कूल में कक्षा एक से कक्षा बारहवीं तक दोनों माध्यम में हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिससे दोनों माध्यमों के बच्चों को एक ही भवन में कक्षा लगाए जाने से समस्याएं हो रही है।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल विषय विशे्?षज्ञ शिक्षकों की कमी से जूझ रही है। संचालन का यह पहला वर्ष है, लेकिन अभी तक वहां सभी विषयों के शिक्षकों की पदस्थापना ही नहीं की जा सकी है। शिक्षकों की भर्ती प्रतिनियुक्ति पर की गई है। जरूरी विषयों के शिक्षक इसके लिए रूचि नहीं दिखा रहे हैं।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। दावा किया जा रहा है कि इससे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरूआत हुई है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल मोहला अध्यापन के दूसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। स्कूल की लोकप्रियता और अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पढ़ाने की तत्परता का आलम यह है कि अभिभावकों ने अपने बच्चों को निजी स्कूल से हटाकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में भर्ती करवाए परंतु उन्हें इस बात का जरा सा भी अंदाज नहीं था कि आधा शिक्षा सत्र बीत जाने के पश्चात भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक जायेगा और अभिभावक के माथे पर चिंता नजर आ रही है। अभिभावक गण प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुकी है बदले में उन्हें केवल तारीख पे तारीख दिया जा रहा है ऐसी स्थिति में बच्चे कैसे परीक्षा दे पाएंगे जबकि अर्धवार्षिक परीक्षा होने में मात्र 1 सप्ताह का समय बचा हुआ है और कोर्स की स्थिति कुछ भी नहीं हुआ है। ज्ञापन देने वाले अभिभावको मे विवकांद झा, महेंद्र श्रीवास, संजीत समझदार, प्रदीप बघेल व अन्य मौजूद थे।

# अंग्रेजी स्कूल में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर पालकों ने ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमपुरा में व्याप्त समस्याओं को लेकर पालक गणों ने ज्ञापन शिक्षा विभाग के अधिकारी को सौंपा है। इस विषय पर पालको ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है शिक्षकों की मांग को लेकर बड़ी संख्या मे लोग नाराज हैं, उन्होंने कहा कि लोग बच्चों की पढ़ाई और स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था को लेकर कभी भी सडक़ पर आकर आंदोलन कर सकते हैं। स्वामी आत्मानंद स्कूल कक्षा पहली से बारहवीं तक संचालित है लेकिन इस स्कूल मे समस्याओं का अंबार है।नगर में संचालित आत्मानन्द स्कूल के दोनों माध्यमों की कक्षाएं एक ही भवन में दो पारियों में लगाई जा रही है स्कूल में कक्षा एक से कक्षा बारहवीं तक दोनों माध्यम में हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिससे दोनों माध्यमों के बच्चों को एक ही भवन में कक्षा लगाए जाने से समस्याएं हो रही है। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी से जूझ रही है। संचालन का यह पहला वर्ष है, लेकिन अभी तक वहां सभी विषयों के शिक्षकों की पदस्थापना ही नहीं की जा सकी है। शिक्षकों की भर्ती प्रतिनियुक्ति पर की गई है। जरूरी विषयों के शिक्षक इसके लिए रूचि नहीं दिखा रहे हैं।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। दावा किया जा रहा है कि इससे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरूआत हुई है, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल मोहला अध्यापन के दूसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है। स्कूल की लोकप्रियता और अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पढ़ाने की तत्परता का आलम यह है कि अभिभावकों ने अपने बच्चों को निजी स्कूल से हटाकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में भर्ती करवाए परंतु उन्हें इस बात का जरा सा भी अंदाज नहीं था कि आधा शिक्षा सत्र बीत जाने के पश्चात भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक जायेगा और अभिभावक के माथे पर चिंता नजर आ रही है। अभिभावक गण प्रशासन से कई बार गुहार लगा चुकी है बदले में उन्हें केवल तारीख पे तारीख दिया जा रहा है ऐसी स्थिति में बच्चे कैसे परीक्षा दे पाएंगे जबकि अर्धवार्षिक परीक्षा होने में मात्र 1 सप्ताह का समय बचा हुआ है।

# बस्तर की संस्कृति को बचाने देवगुड़ियों और घोटूलों का किया जा रहा संरक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत संभाग के देवगुड़ी, मातागुड़ी, घोटुल और मृतक स्मारक स्थलों को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत बस्तर संभाग में 06 हजार 318 देवगुड़ी, मातागुड़ी, घोटुल और मृतक स्मारक स्थलों को संरक्षित करने के लिए राजस्व अभिलेख में शत प्रतिशत दर्ज कर लिया गया है, जिसमें 02 हजार 481 देवगुड़ी, 02 हजार 935 मातागुड़ी, 564 घोटुल और 338 प्राचीन मृतक स्मारक शामिल हैं। देवगुड़ी और मातागुड़ियों के लिए साथ ही घोटुलों के जीर्णोद्धार और सौन्दर्यीकरण के लिए न्यूनतम 5-5 लाख रुपए की स्वीकृति भी शासन द्वारा प्रदान की गई है। संभाग आयुक्त श्री श्याम धावड़े ने इन स्थलों को संरक्षित करने के लिए देवी-देवताओं के नाम पर 3-1 (ठ) के तहत सामुदायिक वनाधिकार पत्र जारी कर सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने के साथ-साथ देवस्थल परिसर में फलदार-छायादार पौधारोपण व संरक्षण पर जोर दिया है। इसके साथ ही संभाग में 20 हजार 101 बैगा, मांझी, चालकी, सिरहा, गुनिया, गायता, पुजारी, बजनिया, अटपहरिया का पंजीयन किया गया है, जो बस्तर की लोक परंपराएं, रीति नीति व विशिष्ट संस्कृति के संरक्षण में निरंतर अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहे हैं। शासन द्वारा उन्हें राजीव गांधी भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है।

# किरन्दुल में बाल संदर्भ शिविर का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल वार्ड क्रमांक 02 रामपुर कैम्प में 30 नवम्बर बुधवार को बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर उनको प्रोटीन पाउडर, लैक्टोजेन पाउडर,सिरप, गोली वितरण किया गया।साथ ही मलेरिया की भी जांच की गयी।उक्त शिविर में गर्भवती माता, पोषक माता,6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चे, 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चे, कुल हितग्राही लाभान्वित हुए। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को भाजी, कैल्शियम, आयरन गोली खाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय, नपा सीएमओ सुनील जैन, उपाध्यक्ष बाल सिंह कश्यप, सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी, डॉ नीरज साहू,डी के साहू, राजेश बेहेरा, महेश कुमार, स्वेता हालदार, नुपुर मंडल, संजय मरावी, शमीम रजा, चंद्रा बढ़ाई, ममता ठाकुर, पार्षदगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन उपस्थित थे।

# बाज़ार व्यवस्था समिति ने सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से बैठाया

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



साप्ताहिक बाज़ार के दिन बाज़ार व्यवस्था समिति के अध्यक्ष आदित्य ठाकुर सचिव संजय सोनी के मार्गदर्शन में समस्त सब्जी विक्रेताओं एवं ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं को बाजार के भीतर व्यवस्थित रूप से बैठाया गया। बैलाडीला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज छालीवाल ने कहा कि बाजार के बाहर भी सड़क के दोनों किनारे सब्जी विक्रेताएं दुकानें लगाते हैं जिसके कारण आवाजाही में दिक्कतों के साथ हीं दुर्घटनाओं की आशंका बनीं रहतीं हैं जिसके मद्देनजर समिति द्वारा दुकानों को व्यवस्थित रूप दिया गया।

# सरपंच-सचिव छिपाते है जानकारी नाराज ग्रामीणों ने कलेक्टर के यहां आरटीआई लगा 20 वर्षों की मांगी जानकारी




पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्य यदि हर पंचायत के सरपंच-सचिव और रोजगार सहायक ईमानदारी से करे तो गांव की तस्वीर और आदिवासी ग्रामीणों की तकदीर बदलने में देर न लगे.लेकिन दंतेवाड़ा जिले के अंदरूनी ब्लाक कटेकल्याण की धनीकरका ग्राम पंचायत में वर्षो से होने वाले विकास कार्यो में बंदरबांट कर ग्राम के सरपंच-सचिव और रोजगार सहायक भ्रष्टाचार को अंजाम देकर अपनी जेब गर्म कर रहे हैं.बदले में गांव के ग्रामीणों को कोई भी मूलभूत सुविधाओं का लाभ नही मिल रहा है। गांव के नाराज ग्रामीणों ने मिलकर सामूहिक रूप से एक आरटीआई दंतेवाड़ा कलेक्टर विनीत नंदनवार के पास लगा अपने ही गांव में हुए सरकार की समस्त योजनाओं में किये गए कार्यो में आय व्यय की जानकारी और वर्षभार मांग धनीकरका पंचायत के भूतपूर्व सरपंच दाड़ोराम के सहयोग से की है।

ग्रामीणों ने आरटीआई के माध्यम से इंद्राआवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा के अंतर्गत 20 वर्षो से किये गए कार्यो की सूची मांगी है, जानकारी के लिए बता दे कि धनीकरका गांव बेहद ही पिछड़ा और नक्सलग्रस्त इलाका है। जहाँ ग्रामीण अब सड़क, पुल, पुलिया और विकास चाहते हैं। मगर ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सरपंच सचिव और रोजगार सहायक गांव तक पहुँचने वाली हर योजना में भ्रष्टाचार कर गांव की हालत ज़स की तस वर्षो से बना रखे हैं।

# चौड़ीकरण, उन्नयन कार्य के बदले 15 हेक्टेयर रकबा में सिंचित क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण से बदली तस्वीर

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले में अवस्थित राष्टीय राजमार्ग 30 के चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य से हुई वृक्षों की क्षतिपूर्ति को मद्देनजर रखते हुए, कैम्पा मद के तहत 29 लाख 87 हजार रूपए की लागत से दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल के दहीकोंगा परिक्षेत्र अंतर्गत बड़ेबेंदरी ईलाके के 15 हेक्टेयर रकबा मे उच्च तकनीक सिंचित क्षतिपूर्ति मिश्रित वृक्षारोपण किया गया है। बड़ेबेंदरी ईलाके में वर्ष 2018-19 के दौरान रोपित पौधे नियमित रूप से सिंचाई व देखरेख के फलस्वरूप अब आशातीत रूप से बड़े हो गये हैं, जिसका वर्तमान में जीवित प्रतिशत 95 है। जिससे अब इस ईलाके में हरियाली की छटा बिखरने सहित ठण्डी बयार बह रही है। डीएफओ दक्षिण कोण्डागांव आरके जांगड़े ने इस बारे में बताया कि, रोपण के पहले उक्त वनभूमि अतिक्रमण से प्रभावित थी। जिसे वन प्रबन्धन समिति के सहयोग से मुक्त कराया गया। पौधारोपण क्षेत्र के चयन उपरांत रोपित किये जाने वाले पौधों की सुरक्षा हेतु चारों तरफ फेंसिंग किया गया। फेंसिंग के लिए सीमेंट के पोल व कांटेदार तार का उपयोग किया गया। इस क्षेत्र में वृक्षोरापण कार्य के जरिये ग्रामीणों को गांव में ही बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया गया। जिसमें बड़ेबेन्दरी और जरीबेन्दरी के 200 से अधिक श्रमिकों ने सागौन, साल, साजा, बीजा, नीम, सीरस, अर्जुन सहित कुसुम, बहेड़ा, जामुन, ईमली आदि फलदार प्रजाति के 15161 पौधे रोपित करने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाया। इन श्रमिकों को प्रति दिवस 305 रूपए की दर से मजदूरी का भुतान किया गया। पौधे रोपित करने के पश्चात पौधों की समुचित देखरेख हेतु बड़ेबेंदरी निवासी भूमिहीन परिवार के अनंतराम को रखा गया, जिन्हे पौधों की सुरक्षा और देखरेख के एवज में 75 हजार रूपए से अधिक पारीश्रमिक का भुगतान किया गया।

**अब बड़ेबेन्दरी ईलाके में हरियाली की छटा लगी बिखरने-** इस उच्च तकनीक सिंचित क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण कार्य में रोजगार प्राप्त करने वाले अशोक, चुन्नीलाल, रामधर, धनसू आदि ग्रीमीणों ने बताया कि, बड़ेबेन्दरी के उक्त खाली पड़े वनभूमि में वृक्षारोपण से वन क्षेत्र के घनत्व में बढ़ोतरी के साथ ही वन्य पशु-पक्षियों का आश्रय बनने लगा है। जहां कुसुम, बहेड़ा, जामुन, ईमली जैसे फलदार पौधों से भविष्य में हमें फलों की प्राप्ति होगी। वहीं साल वृक्षों से आने वाले वर्षो में निश्चित ही साल बीज जैसे वनोपज संग्रहण का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। इन ग्रामीणों ने बताया कि, अब उक्त वृक्षारोपण क्षेत्र के पौधे काफी बढ़ गये और क्षेत्र मे चहुंओर हरियाली के साथ ठण्डी बयार बह रही है।

# छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



शंकरलाल मंडावी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव द्वारा लिखित आवेदन दिया गया कि, 27 नवंबर को प्रधान अध्यापक हन्नुराम बघेल के द्वारा नाबालिक छात्राओं के साथ गलत इरादे से शरीर को छूकर छेड़खानी किया।

जिससे पीड़िता को खराब लगा और वह इस बात को अपने घर जाकर घर वालों को बताई। इस संबंध में शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच किया गया। जांच पश्चात थाना मर्दापाल में आरोपी हन्नूराम के खिलाफ लिखित आवेदन दिया गया। जिसमें आरोपी के द्वारा अपराध कारित करना पाए जाने से थाना मर्दापाल में अपराध क्रमांक 21 धारा 354, 12 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिग से छेड़छाड़ की घटना को गंभीरता से लेते हुए कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के आदेश से एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन व डीएसपी सतीश भार्गव के पर्यवेक्षण में थाना मर्दापाल द्वारा आरोपी हन्नुराम बघेल पिता चमरू राम, उम्र 53 वर्ष, निवासी राणापाल को 28 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया हैं।

## महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत

**कोण्डागांव।** एनएसयुआई द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के आवाहन पर प्रदेश सचिव सुमीत श्रीवास्तव के निर्देश् पर योगेश नेताम के नेतृत्व मे एनएसयुआई द्वारा



शासकीय गुंडाधूर महाविद्यालय मे भारत जोड़ो आंदोलन के समर्थन मे हस्ताक्षर अभियान की शुरुवात किया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और राहुल गांधी द्वारा भारत की अखंडता और सौहद्र को बनाए रखने नफरत को मिटाने व बेहतर भविष्य के लिए की जा रही हैं। और इस भारत जोड़ो पदयात्रा की सराहना करते हुए एनएसयुआई से जुड़ने की बात कही। इस अवसर पर योगेश नेताम, विकास कुंवर, हरिश बनर्जी, अमित सोनानी, रवि गौतम, गोलू पटेल और भारी संख्या मे देनप कार्यकर्ता व छात्र उपस्तिथ रहें।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विद्युत कार्य हेतु हेतु ई-निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) ई-निविदा सं.: सीनि.डीईई-जी-आर-ओटीपी-22-23-20, दिनांक: 25.11.2022.**

**कार्यः** विद्युत (सा) काम का हिस्सा **(1)** डब्ल्यूआरएस कालोनी, डीआरएम काम्प्लेक्स के आसपास स्ट्रीट लाइटिंग में सुधार, कापा साइडिंग पर हाई मास्ट ल्यूमिनरीज को एलईडी फिटिंग से बदलना, **(2)** रेलवे अस्पताल बीएमवाई और मंडल रेलवे अस्पताल/रायपुर का नवीनीकरण, **(3)** रायपुर स्टेशन शेल्टर में बस बार का प्रतिस्थापन, **(4)** रायपुर संभाग के एलसी नंबर डीडी–15 (एमएक्सए–आरएसए सेक्शन), एलसी नंबर डीडी–48 (एलबीओ–बीएक्सए सेक्शन) और आरवी–13 (आर–एमएनडीएच सेक्शन) पर 20000 से अधिक टीवीयू वाले एलसी गेट्स (03 Nos.) की इंटरलॉकिंग, **(5)** एलसी गेट्स नं. डीडी–27 किमी 896/8-9 पर आरएसए–जीडीजेड के बीच की इंटरलॉकिंग, **(6)** रायपुर मंडल पर एलसी गेट्स की विश्वसनीयता में सुधार, **(7)** रायपुर मंडल के ऊपर कंडक्टर का रिटेंशनिंग/ड्रॉल, क्षतिग्रस्त केबलों और थर्मोप्लास्टिक जंक्शन बाक्स को बदलना और एमएनडीएच में फीडर पिलर के री–शिफ्टिंग के साथ ऊंचाई बढ़ाना, **(8)** भाटापारा में छह यूनिट टाइप–II स्टाफ क्वार्टर का निर्माण। **निविदा मूल्यः** ₹ 39,50,893.84. **बयाना जमा राशिः** ₹ 79,100.00.

**क्र.सं.(2) ई-निविदा सं.: सीनि.डीईई-जी-आर-ओटीपी-22-23-21, दिनांक: 25.11.2022.**

**कार्यः** रायपुर संभाग में 03 वर्ष की अवधि के लिए ग्रीव्स कॉटन और केओईएल मेक वाली पावर कार का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्यः** ₹ 1,28,94,736.00. **बयाना जमा राशिः** ₹ 2,14,500.00.

**निविदा जमा करने की तिथि: 23.12.2022 को 11.45 बजे तक।**

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु कृपया **वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर** के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, उससे डाउनलोड कर/देख सकते है। इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे। यदि मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त हुआ तो उसे खारिज कर दिया जाएगा।

*वरि.मंडल विद्युत अभियंता(सामान्य)/*
पीआर/आर/सीनि.डीईई(सा.)/एफएल/178 रायपुर
South East Central Railway @secrail

# छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल में पहले दिन महिला व पुरुष दोनों वर्ग में रहा दबदबा

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नगर के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित 3 दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के प्रथम दिवस 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 263 महिला और 275 पुरुष कुल 538 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें कोण्डागांव ब्लॉक के प्रतिभागियों ने 14 विधाओं में से 7 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें मुख्य रुप से भंवरा में रितु कोर्राम, लंबी कूद में पुनीता मरकाम प्रथम, विल्लस में मेघा प्रथम, लंगडी दौड़ में रुबिका कोर्राम, पिट्ठूल में प्रतिभा नेताम व साथी, और गिल्ली डंडा, खो-खो में कोण्डागांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार केशकाल की टीम 3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। जिसमें मुख्य रुप से गेड़ी में रोशनी मरकाम प्रथम, फुगड़ी में प्रीति सोरी प्रथम, शंखली में केशकाल की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 2 अंकों के साथ बड़ेराजपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसमें दौड़ में कुमारी ओमवती नेताम प्रथम, रस्साखींच में बड़ेराजपुर की टीम ने प्रथम, कबड्डी में फरसगांव टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पुरुष वर्ग 0 से 18 आयु वर्ग के प्रतिभागियों में कोण्डागांव 9 अंको के साथ प्रथम स्थान, फरसगांव व केशकाल 2 अंक के साथ दूसरा स्थान, बड़ेराजपुर ने 1 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें कोण्डागांव के टीम छगनलाल भांवरा में प्रथम, मुकेश नेताम फुगड़ी में प्रथम, दीपक बिल्लस में प्रथम, खोखो रस्साखींच, संखली, प्रथम संखली बांटी, पिट्ठूल और लंगडी दौड़ मैं प्रथम स्थान प्राप्त किया। फरसगांव से कबड्डी व मोहित नेताम दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। केशकाल की टीम गिल्ली डंडा और कूद में पंकज बघेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बडेराजपुर की टीम में गौचंद ने गेड़ी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता सभी प्रतिभागियों को मंचासीन अतिथियों के करकमलों से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजेता सभी सभी खिलाड़ियों को विकास नगर स्टेडियम ग्राउंड कोण्डागांव में अतिथियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा खेल अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने सभी विजेता प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# बेहतर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए जगदलपुर नगर निगम को देश में मिला दूसरा स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




नगर निगम को भारतीय उद्योग परिसंघ सीआईआई द्वारा ठोस अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन के लिए पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रदान किया गया।बुधवार 30 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अनूप सूद, मिनिस्टर ऑफ काउंसलर एवं डिप्टी हेड मिशन नार्वे दूतावास मार्टिन आमदल बाथिम और भारतीय उद्योग परिसंघ के चेयरमैन पी.पलानी अप्पन ने महापौर सफीरा साहू व आयुक्त दिनेश कुमार नाग को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि उद्योग द्वारा अपनी गतिविधियों से उत्पन्न कचरे का प्रबंधन डिजाइनिंग, न्यूनतम अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले उत्पाद तैयार करना, म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट का प्रबंधन,प्लास्टिक और पैकेजिंग और ई-कचरे का प्रबंधन, निरंतरता के लिए स्टार्ट-अप द्वारा अभिनव समाधान, अपशिष्ट प्रबंधन, और शहरी स्थानीय निकायों द्वारा एमएसडब्ल्यू प्रबंधन की उत्कृष्टता के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा पुरस्कार दिए गए। जगदलपुर को कचरा मुक्त करने के लिए नगर निगम द्वारा प्लास्टिक लाओ थैला पाओ, आमचो सुघर गार्डन, मेरा वार्ड सुंदर वार्ड, दलपत सागर दीपोत्सव के माध्यम से स्वच्छता का प्रचार, प्लास्टिक वेंडिंग की स्थापना, डोर टू डोर कचरा संग्रहण को डिजिटल करने का कार्य किया जा रहा है। ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए किए जा रहे इन्हीं नवाचारों के कारण जगदलपुर नगर निगम को पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ।

# विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

■ आबादी पट्टा प्रदाय किए जाने की मांग की

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आये 65 लोगों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। जन चौपाल के दौरान जिला मुख्यालय गरियाबंद से महज 5 किलोमीटर की दूर ग्राम पंचायत कोदोबतर के आश्रित ग्राम पंटोरा के विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार ) आदिवासियों ने आबादी पट्टा की मांग को लेकर कलेक्टर से गुहार लगाई। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग लगभग 60 वर्षों से निवासरत हैं जिसके बावजूद आज तक शासन प्रशासन द्वारा आबादी पट्टा प्रदाय नहीं किया गया है। जिसके चलते पंचायत के सरपंच एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में कलेक्टर के समक्ष जन चौपाल में आवेदन प्रस्तुत कर पट्टा प्रदान किए जाने की मांग की है।

कलेक्टर प्रभात मलिक ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर ही आवेदकों की समस्या संबंधी आवेदन को संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से निराकृत किया। साथ ही अन्य आवेदकों को उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। जनचौपाल में ग्राम खम्हारीपारा से आये पुनूराम ने धान बेचने हेतु पंजीयन, ग्राम नहरगांव के परसराम ध्रुव ने जमीन पट्टा हेतु, मिशन क्लिन सिटी यूनिट नगर पंचायत छुरा की स्वच्छता दीदीयों ने वेतन वृद्धि संबंधी आवेदन, ग्राम पंचायत जामली के ग्रामीणों एवं रावणभाठा के मोहनलाल ने वन अधिकार पत्रक प्रदान करने, ग्राम अमलोर के जोहन ने नाम एवं खसरा सुधार, रावनभाठा के नरोत्तम ने राजीव गांधी भूमिहीन मजदूर न्याय योजना का पैसा दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये।जनचौपाल के दौरान जिले के समस्त अधिकारी मौजूद थे।

## ग्राम गिर्रा में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल



**लवन।** चित्ररेखा वर्मा के पति एवं कपिल वर्मा, सचिन वर्मा, मनीष वर्मा के पिता स्व. गनपत लाल वर्मा पूर्व करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत पलारी के दशगात्र कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल जी शामिल हुए। उन्होंने मृत आत्मा को श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनके आत्मा की शांति एवं उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। अग्रवाल उनके परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू जिला पंचायत सदस्य एवं राजप्रधान वर्मा समाज भुनेश्वरी तिलक वर्मा खंभन वर्मा रघुनंदन वर्मा हेमलाल वर्मा सुरेन्द्र वर्मा शैल वर्मा शत्रुहन वर्मा संतोष वर्मा सुरेश वर्मा केशव वर्मा डुलेश्वर वर्मा माखन वर्मा मुन्नालाल वर्मा तिलक वर्मा विशाल चन्द्राकर पंचू चन्द्राकर दिलीप चंदेल दीनबंधु साहू रोहित साहू हेमलता वर्मा विजयलक्ष्मी वर्मा रेखा वर्मा लक्ष्मी वर्मा सहित सामाजिकजन उपस्थित थे ।

## इंस्पायर अवार्ड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता : भाटापारा से आर्यन एवं ज्योति साहू समेत बलौदा बाजार जिले से सात बच्चे चयनित



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

### महासमुंद कलेक्टर के साथ बच्चों ने खिंचवाई सेल्फी

महासमुंद के कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर प्रतियोगिता के प्रथम दिवस बच्चों के बीच शिशु संस्कार मंदिर महासमुंद में बच्चों का उत्साहवर्धन करने पहुचे।उन्होंने विज्ञान आधारित नवाचारी मॉडल पर बच्चो को अपनी टिप्स देते हुए प्रेरित किया, जिला कलेक्टर महासमुंद को अपने बीच पाकर बच्चे उत्साहित हुए और अपने तैयार मॉडल का कलेक्टर साहब को अवलोकन कराते हुए सेल्फी भी खिंचवाई।

महासमुंद जिले में 28 -29 नवंबर को इंस्पायर अवार्ड 2021-22 हेतु जिला स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता में बलौदा बाजार जिले से 7 बच्चे चयनित हुए। जिसमे विकासखंड भाटापारा से ज्योति साहू एवम आर्यन साहू, बलौदा बाजार से भास्कर वर्मा, हर्ष अग्रवाल, आरुष करण, सिमगा से प्रिया एवं आकाश गुप्ता सिमगा ब्लॉक से चयनित हुए। जिले के छ्ह ब्लॉक से कुल 79 बच्चों ने महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भागीदारी की,सभी चयनित बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी सीएल ध्रुव, भाटापारा एसडीएम नरेंद्र बंजारा, जिला नोडल अधिकारी मरावी एवं विकास खंड के शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी। दल प्रभारी अभिलाष साहू एवं प्रीति सहारे ने बताया भाटापारा से चयनित मास्टर आर्यन साहू शंकराचार्य विद्यापीठ के छात्र हैं एवं कुमारी ज्योति साहू डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा है, उन्होंने वेस्ट मटेरियल से ईट बनाने के लिए नवचारी तरीके पर आधारित मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया, वही आर्यन साहू ने समुद्री तरंगों से ऊर्जा उत्पादन पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। विकासखंड भाटापारा से 13 विद्यार्थियों का दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुआ था, डिस्ट्रिक्ट लेवल पर चयनित उम्मीदवारों को 10- 10 हजार रुपये बैंक खाते में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने के लिए मॉडल तैयार करने हेतु प्रेषित किया जाता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके यदु, बीआरसीसी लेख राम साहू, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एसके सिंह, शंकराचार्य विद्यापीठ के संचालक मनोज गुप्ता ने विद्यार्थियों के प्रयासों को गौरवान्वित करने वाला अवसर बताते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी ब्लॉक मीडिया प्रभारी मुकेश देवांगन ने दी।

## अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई

■ चौकी प्रभारी उमेश वर्मा का एक्शन मूड में, चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल,लवन अंचल के कोचियों में खौफ

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से संचालित कर रहे जुआ सट्टा आबकारी एक्ट पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुभाष दास के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर वर्तमान पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक उमेश वर्मा के नेतृत्व में 29 नवंबर को विशेष अभियान चलाया गया एवं टीम गठित कर कार्यवाही की गई । गौरतलब हो कि जब से लवन में चौकी प्रभारी के रुप में उमेश कुमार वर्मा पदस्थ हुए हैं तब से शराब कोचिया दहशत के खौफ में है, जुआ एवं सट्टा में लिप्त सरगना लोगों में भय का माहौल है।बताना जरूरी है कि वर्तमान चौकी प्रभारी वर्मा के कार्रवाई का स्टाइल जरा हटके है कोई भी अपराधी उनके रडार से बच निकलना नामुमकिन है वजह यही है कि अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में जबदरस्त खौफ का छाया है। प्रभारी वर्मा किसी भी सूरत में कोचियों को छूट देने के मूड में नहीं है, एक्शन मूड लगातार जारी है।आइए अब बुधवार को हुई कार्रवाई पर प्रकाश डालते चलते हैं तो, पहले मामले में लवन नगर के पास मोटरसाइकिल से आरोपी सुनील कुर्रे एवं राजकुमार कुर्रे निवासी लवन द्वारा परिवहन करते हुए 50 नग अंग्रेजी शराब पकड़ा गया।

दूसरे मामले में ग्राम धाराशिव में आरोपी गोविंदा फेकर के घर सामने उसके कब्जे से सफेद रंग की 20 लीटर वाली दो प्लास्टिक डिब्बा में भरी हुई जुमला 40 लीटर महुआ शराब कीमती रू.8000 बरामद कर जप्त किया गया एवं तीसरे मामले में ग्राम दतान मैं आरोपी राजकुमार मिरी के घर बाड़ी में रेट कार्रवाई कर 20 लीटर क्षमता वाले दो प्लास्टिक डिब्बा एवं 2 लीटर वाली एक प्लास्टिक डिब्बा में भरी हुई कुल 43 लीटर कीमती 8400/- बरामद कर जप्त किया गया, उपरोक्त अनुसार आरोपी गण से शराब बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल में निरुद्ध किया गया।

## नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक आरिफ शेख गरियाबंद जिले का किया दौरा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



रायपुर रेंज के नवनियुक्त पुलिस महानिरीक्षक आरिफ शेख का गरियाबंद जिला में प्रथम आगमन तत्पश्चात जिले के न्यू कैंप छिंदोला का दौरा किए कैंप में तैनात सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के अधिकारी कर्मचारियों से रूबरू होते हुए कैम्प सुरक्षा व दैनिक मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी लिए।

जिले के समस्त अधिकारियों से सभा कक्ष में रूबरू होते हुए मीटिंग लिए एवं जिले में ऑनलाइन ऑर्डर कानून व्यवस्था को विशेष रूचि लेते हुए समस्त अधिकारी कर्मचारियों को कडे निर्देश दिये। साथ ही महिला संबंधी, चोरी, सायबर, चिटफण्ड, गांजा, हीरा, अवैध शराब जैसे अपराधों में अंकुश लगाने के संबंध में निर्देश दिये। उपस्थित थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों से अपने अधिनस्थों का समुचित कार्यविभाजन कर कार्य लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। थानों में समस्त रजिस्टरों का संधारण अच्छे से किये जाने के संबंध में हिदायत दिये साथ ही आम नागरिक खासकर गरीब तबके के व्यक्ति पुलिस से कॉपी उम्मीद लेकर थाना पहुंचते है। पुलिस अधिकारी द्वारा फरियादी को बैठाकर शालीनता से उनकी बात को सुने और उनको थाना में सहज महसूस करावें। प्रत्येक पुलिस अधिकारी कर्मचारी मानवता और देशहित में कार्यवाही करें। सीआरपीएफ व जिला के अधिकारियों को एक-दूसरे से सामंजस्य स्थापित कर नक्सल उन्मूलन हेतु निर्देशित किया गया। सुरक्षित एवं कारगार नक्सल आपरेशन हेतु दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही नक्सल प्रभावित ग्रामों में समुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच आपसी संबंध बढ़ाने और शासन की उच्च महत्वकांक्षी योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी देने को कहा।

## इंडस्ट्रीयल चेन सेंटर का नवीन भवन में प्रवेश कल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

औद्योगिक क्षेत्र में चेन की सेवा प्रदाता इंडस्टीयल चेन सेंटर का नए भवन में प्रवेश शुक्रवार 2 दिसंबर को होने जा रहा है। संस्थान के संचालक राजकुमार यादव, दीप यादव, अशोक यादव, प्रमोद यादव, आकाश यादव ने बताया कि हमारी संस्थान पिछले 40 वर्षो से औद्योगिक क्षेत्र में सेवा प्रदान कर रही है। अब लायंस क्लब स्टेशन रोड के पास नए भवन में शिफ्ट हो रहा है। इस अवसर इंडस्ट्रीयल चेन सेंटर की ओर से और प्रगतिशील यादव महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव के संयुक्त प्रयास से श्री सत्य सांई हास्पिल नया रायपुर को गाय दान किया जाएगा जिससे केंसर पीड़ित बच्चों को गाय का दूध निःशुल्क मिल सके। 6 माह पूर्व में भी श्री सत्यसांई हास्पिटल नया रायपुर को गाय इंडस्ट्रीयल चेन सेंटर की ओर से दान दिया जा चुका है। इस तरह इंडस्ट्रीयल चेन सेंटर सामाजिक क्षेत्र में योगदान दे रही है। संस्थान के नए भवन में प्रवेश अवसर पर मूक वधिर बच्चों की संरक्षक कोपलवाणी के बच्चों को भोजन के लिए आमंत्रित किया गया है।

## सिंघोड़ा से बिरकोल, लम्बर, बोडेसरा सड़क निर्माण कार्य पूर्णता अवधि समाप्त , लेकिन कार्य अधूरे

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



राज्य सड़क निर्माण परियोजना के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के अधिन सिंघोड़ा एन एच 53 से बिरकोल होते हुए लम्बर बोडेसरा तक का सड़क निर्माण कार्य बारबारिक प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा सड़क निर्माण कार्य दिनांक 11-09-2019 से प्रारंभ किया गया था जिसमें कार्य पूर्णता के लिए 24 माह का समय था लेकिन कार्य एजेंसी द्वारा समय अवधि समाप्त होने के पश्चात् भी सड़क निर्माण के मध्य जगह जगह गिट्टी डस्ट डालकर छोड़ दिया गया है जिससे मार्ग में गुजरने वालों को धुल से काफी दिक्कतें हो रही हैं गिट्टी से फिसलकर कर दोपहिया वाहन भी स्लीप होकर लुढ़क रहे हैं , ज्ञांत हो कि सिंघोड़ा से बोडेसरा सड़क निर्माण में कुल वृहद पुल-1, मध्यम पुल -13, पाईप पुल -133 नग सहित आवश्यकता अनुसार सी सी रोड बनानी है लेकिन अभी भी अधुरे निर्माण कार्य को शुरू नहीं किया गया है ऐसा ही इस सड़क निर्माण के प्रारंभिक स्थल एन एच 53 सिंघोड़ा से ही सी सी रोड बनाने के लिए छोड़ी गयी कच्ची सड़क अब धुल और गढ्ढे से यहां के व्यवसायिक प्रतिष्ठान और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है , यहां के कुछ व्यापारिक गण कम्पनी के अधिकारियों को मौखिक तौर पर इसकि शिकायत कर चुके हैं लेकिन कम्पनी द्वारा ध्यान दिया जा रहा है , बरसात में इस कच्ची सड़क पर गड्ढे और किचड़ से परेशान अब धूल भरे गुब्बारे से।

## व्याख्याता संघ प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र गिलहरे ने मुख्यमंत्री को आवेदन सौंपकर शिक्षा विभाग की समस्या का निराकरण की मांग किए

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ वरिष्ठ व्याख्याता संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र गिलहरे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर छ ग शासन के संवेदन शील यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी से मांग किये है कि स्कूल शिक्षा विभाग में हो रहे पदोन्नति प्रक्रिया में जिस प्रकार सहायक शिक्षकों, शिक्षकों को प्राथमिक विद्यालय प्रधान पाठक, शिक्षक एवं व्याख्याता पदों पर पदोंन्नति हेतु पांच साल की सेवा अनुभव को शिथिल करते हुए वन टाइम रीलेक्शेशन प्रदान करते हुए पदोंन्नति पूरे प्रदेश में की जा रही है। जबकि छ ग स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के 90 प्रतिशत हाई तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में व्याख्याता एल बी संवर्ग विगत 20 सालों से प्रभारी प्राचार्य के रूप में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं शासन द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालयों में 90 प्रतिशत स्कूलों मे व्याख्याता एल बी संवर्ग की ही नियुक्ति प्रभारी प्राचार्य के रूप में किया गया है। जिन्हे प्राचार्य पदोन्नति प्रक्रिया से 5 साल का सेवा अनुभव नहीं होने का हवाला देकर वंचित किया जा रहा है जो न्याय संगत नहीं है। डॉ भूपेंद्र गिलहरे ने कहा कि जो व्यक्ति 20 से 25 सालों तक स्कूल शिक्षा विभाग में अपनी सेवा अकादमिक के साथ साथ प्रभारी प्राचार्य के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन करते आ रहे हैं ओ नियमित प्राचार्य पदोंन्नति प्रक्रिया के लिए अयोग्य कहना अनुचित है। छ ग वरिष्ठ व्याख्याता संघ छ ग शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी मांग करता है कि व्याख्याता एल बी संवर्ग को जिनकी सेवा अनुभव 25 वर्ष हो चुके हैं उन्हें भी सहायक शिक्षकों की भाँति वन टाइम रीलेक्शेशन प्रदान कर प्राचार्य पदोंन्नति प्रक्रिया में शामिल करने के साथ ही प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करते हुए पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करने संबंधी आदेश यथाशीघ्र प्रसारित करने हेतु मांग किया गया है। मांग करने वालों में प्रमुख रूप से श्याम वर्मा प्रदेश संयोजक ,डॉ भूपेंद्र गिलहरे प्रान्ताध्यक्ष, संतोष शर्मा प्रदेश सचिव, नरेंद्र धीवर , सरोज यादव, संतोष टेमरे उपाध्यक्ष, संजय श्रीवास्तव, उमेश्वर वर्मा, जाकिर कुरैशी, देवराज उईके, अजीत एक्का, देवेंद्र वर्मा, चैन दास रात्रे, नारायण सोनी, कविता साहू, डॉ अर्चना वर्मा, बिशेराम मंडलेशवर, हेमंत खुटे, प्रहलाद ध्रुव, बृजेश प्रसाद, प्रमोद शुक्ला, अनुपमा राजवाड़े, कल्याण दास, संजय शर्मा, ललित साहू सहित बहुत संख्या में संघ के सदस्य गण शामिल हैं।

### नया जिला बनाये जाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति के सदस्यों ने जन समस्या निवारण शिविर में सौंपा ज्ञापन

# लंबे समय से चल रही है जिला बनाने की मांग

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



विकासखंड स्तरीय में जन निवारण शिविर शासकीय हाई स्कूल किसड़ी में रखा गया था। जिसमें आम जन नागरिकों द्वारा प्राप्त विभिन्न आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया द्य जिन आवेदनों के निराकरण नहीं हो पाए, उन्हें उच्च अधिकारियों को भेजा गया। विभिन्न आवेदनों में से एक आवेदन जिला निर्माण संघर्ष समिति सरायपाली द्वारा किसड़ी ग्राम के जन निवारण शिविर में मुख्यमंत्री के नाम से सरायपाली को जिला बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में सरायपाली को जिला बनने हेतु उपलब्ध भौगोलिक तथा प्रशासनिक संसाधनों का वर्णन किया गया है। साथ ही विभिन्न समाजों और संगठनो के द्वारा सरायपाली को जिला बनाने के लिए लिखे गए समर्थन पत्र की प्रति भी संलग्न किया गया है ।

ज्ञात हो कि पिछले 30 वर्षों से जब महासमुंद को जिला बनाया गया था। उसके पूर्व से ही सरायपाली को जिला बनाने की मांग उठ रही थी। यह मांग अभी तक पूरी नहीं हो पाई है, जिससे अंचल के नागरिक हताश और दुखी हैं । विभिन्न मंचों द्वारा सरायपाली को जिला बनाने के लिए कई बार मांग पत्र दिया जा चुका है। नये जिला के लिए राजनीति दल रैली निकाली जा चुकी है। इसके अलावा धरना प्रदर्शन भी किया गया था। अब देखना यह है कि यह मांग कब पूरी होती है तथा कब सरायपाली को नए जिले की सौगात मिल पाती है। जिला निर्माण संघर्ष समिति के विभिन्न सदस्यों तथा पदाधिकारियों द्वारा आज पुनः आवेदन देकर अपनी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का एक और प्रयास किया गया। आवेदन देते समय जिला निर्माण संघर्ष समिति के जयदेव भोई, टिकेश्वर मिश्रा ,अनिता चौधरी, किशोर रथ, प्रिया नायक, रेखा पुरोहित, सरोज साहू, सत्यभामा साहू लक्ष्मी बाई नेहरू लाल चौधरी बंटू साहू एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। समिति के सदस्यों ने बताया कि जिला बनने से किसी एक नागरिक का नहीं बल्कि इस क्षेत्र के सभी वासियों का हित होगा अतः सभी के हित और इस क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए सरायपाली का जिला बनना नितांत ही आवश्यक है।

### जिला बनाने मोटर साइकिल रैली 10 को

फुलझर क्रिकेट संघ आगामी 10 दिसंबर को फुलझर को जिला बनने की मांग को लेकर मोटरसाइकिल रैली का आयोजन कर रही है। जिसमें पीसीएस से जुड़े टीमों के खिलाड़ी शामिल रहेंगे। फुलझर के नाम से जिला बने और उसका मुख्यालय सरायपाली रहे इस मांग को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। जिला बनाने में जो भी आम नागरिक इस बाइक रैली में शामिल होना चाहते हैं वे भी शामिल हो सकेंगे। रैली का शुभारंभ 10 बजे गढ़फुलझर स्थित रामचंडी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद होगा। 10.30 बजे रैली गढ़फुलझर मंदिर से निकल जाएगी। 11 बजे बसना मुख्य चौक मैं रैली पहुंचेगी। वहां से सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए रैली 11.30 बजे घंटेश्वरी मंदिर सरायपाली पहुंचेगी। भंवरपुर मोड़ तथा घंटेश्वरी मंदिर में रैली 5 मिनट के लिए रुकेगी। जो खिलाड़ी बसना गढ़फुलझर नहीं जा सकेंगे वे सभी घंटेश्वरी मंदिर सरायपाली में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहेंगे। शहर में रैली का मार्ग घंटेश्वरी से सीधे अग्रसेन चौक, पतेरापाली मार्ग स्कूल तक रहेगी। वापस पुनः मेन रोड से जयस्तंभ चौक पदमपुर मार्ग कूटेला चौक से वापस उसी मार्ग में जयस्तंभ चौक, मेन रोड से सीधे जामबहलिएन मंदिर तक रहेगी। यही से सभी खिलाड़ियों को बैतारी क्रिकेट मैदान पहुंचना है जहां भव्य अंतर्राज्जीय फुलझर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। रैली के संयोजक शैलेन्द्र साहू व सुनील साहू ने बताया कि रैली में खिलाड़ियों के अलावा जो भी अन्य लोग शामिल होना चाहते हैं वे शांतिपूर्वक लाइन में लगकर जा सकेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को जिला बनाने की इस मुहिम में फुलझर क्रिकेट संघ के द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल रैली में भाग लेने की अपील की है।

## सुआ नृत्य प्रतियोगिता में निर्णायक अतिथि के रूप में मशहूर अधिवक्ता प्रमोद पटेल उपस्थित हुए



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के ग्राम पंचायत हटौद में ग्राम वासियों की आपसी सहमति एवं सहयोग से सुआ नृत्य प्रतियोगिता का शानदार आयोजन रहा।जिसमें निर्णायक अतिथि के रूप में कसडोल व्यवहार न्यायालय के मशहूर अधिवक्ता। प्रमोद पटेल भी शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया।इस कार्यक्रम में दूर दराज गॉवों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपने नृत्य का लोहा मनवाया।कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार मीठ बोली गिरसा, दूसरा मासूम सुआ नृत्य भवानीपुर, तृतीय मया के अँचरा बम्हनी ,चतुर्थ जय बगदाई खरहा, पांचवा जय माँ लक्ष्मी ग्वालिनडीह, छटवां जय बजरंग खर्वे एवं सातवें पुरस्कार चमकता सितारा सुआ नृत्य चिल्हाटी मस्तूरी को प्राप्त हुआ।कार्यक्रम में अन्य निर्णायकों में दिलहरण पटेल, गोपाल प्रसाद पटेल, सिदार पैकरा, इंदल पैकरा सहित बड़ी संख्या में सरपंच, पंचगण एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही ।

# आईटीआई और ग्रेजुएट डिग्री के साथ आवेदक पहुंची जनदर्शन, प्लेसमेंट कैंप से रोजगार उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

## जूही अर्पाटमेंट में लिफ्ट मेंटनेंस की समस्या से जूझ रहे हैं रहवासी मामला पहुंचा जनदर्शन में

■ अनुकंपा नियुक्ति पर गाइड लाइन का हो पालन, जनदर्शन में 91 आवेदन प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



तालपुरी के जूही अर्पाटमेंट के रहवासी वहां के प्रबंधन को लेकर असंतुष्ट हैं। जूही अर्पाटमेंट द्वारा स्थापित की गई सोसायटी के संचालन को लेकर रहवासी असंतोष जाहिर कर रहे हैं। निवासियों द्वारा लिफ्ट मेंटेनेंस के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें आवेदक द्वारा बताया गया कि आपाटमेंट में निवासरत प्रत्येक मकान द्वारा 1 हजार रूपए प्रतिमाह बिजली, पानी, सफाई व लिफ्ट मेंटेनेंस के लिए राशि सोसाइटी अध्यक्ष को प्रदान की जाती है। परंतु प्रबंधन संबंधी कार्यों में सोसाइटी के अध्यक्ष द्वारा लापरवाही बरती जा रही है और लिफ्ट जैसे दैनिक आवश्यकता की चीजों को भी नजर अंदाज किया जा रहा है। कलेक्टर ने आवेदन संबंधित अधिकारी की ओर प्रेषित किया। जिले को रोजगार हब बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा जो कार्य किया जा रहा है उसी का प्रभाव है कि शहर के युवा क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर तालाश रहे हैं। इसी कड़ी में एक आवेदक आज जनदर्शन में उपस्थित हुआ था। जिसके माता-पिता दोनों का ही स्वर्गवास हो गया है। प्रस्तुत आवेदनानुसार उसने कोपा ट्रेड में आई.टी.आई. किया है, इसके साथ ही साथ वह ग्रेजुएट भी है। कलेक्टर ने आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए आवेदन रोजगार कार्यालय में प्रेषित किया और संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदक को आने वाले प्लेसमेंट कैंप के बारे में सूचित किया जाए ताकि उसका उज्जवल भविष्य निर्मित हो सके। अनुकंपा नियुक्ति को लेकर भी एक आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें आवेदक ने बताया कि उनके पति नगर पालिका निगम भिलाई के क्षेत्रांतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद में विज्ञान संकाय में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु सेवाकाल के दौरान हो गई। उनके निधन के पश्चात् आवेदक के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति को लेकर आवेदन किया गया था। जिसपर विभाग द्वारा उत्तराधिकारिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। आवेदक का कथन है कि उत्तराधिकारिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् भी इतना लंबा समय व्यतीत हो जाने पर उसे अनुकंपा नियुक्ति प्रदान नहीं की गई है। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित गाइड लाइन के अनुरूप विधि पूर्ण कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में आज कुल 91 आवेदन आए थे। जिसमें राजस्व, शिक्षा विभाग, सड़क, नाली, चिटफंड कंपनी व राशनकार्ड से संबंधित आवेदन थे।

# मतदाताओं को जागरूक बनाएं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे : संभागायुक्त

■ मतदाता सूची के लिए 8 दिसंबर 2022 तक कर सकते है दावा आपत्ति, वोट गोपनीय हथियार इसका सकारात्मक दिशा में हो उपयोग

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्ट्रेट दुर्ग में संभागायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वरमहादेव कावरे द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावली पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता के संबंध में बैठक ली गई। जिसमें मतदाता सूची के साथ-साथ केन्द्र व आने वाले निर्वाचन के प्रक्रियाओं को लेकर बिंदुवार चर्चा की गई। संभागायुक्त के समक्ष विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 09 नवंबर को प्रारंभिक प्रकाशन किया जाकर दिनांक 08 दिसंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किये जाने, विधानसभावार मतदान केन्द्रों तथा मतदाताओं की संख्या की जानकारी तथा पुनरीक्षण अहर्ता दिनांक 01 जनवरी 2023 के तहत प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी रोल अब्र्जवर एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा दी गयी। राजनीतिक दलों को पुनरीक्षण तथा निर्वाचन कार्य हेतु मतदान केन्द्रवार बीएलए नियुक्त करने तथा पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार कर मतदाताओं के शत प्रतिशत पंजीयन हेतु अनुरोध किया गया। बैठक में ट्रोल फ्री नंबर 1950 में कोई भी कार्यालयीन समय तक अपने जानकारी, सुझाव एवं शिकायत दर्ज करा सकता है। संभागायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर कावरे ने प्रतिनिधियों को खुला मंच मुहैया कराकर उनका पक्ष जाना और निर्वाचन के प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। बैठक में मतदाता सूची को लेकर गहन चर्चा की गई। जिसमें पात्र उम्मीदवारों को बड़ी संख्या में कैसे जोड़ा जा सके और एक पारदर्शी मतदाता सूची कैसी बनाई जा सके उस पर उपस्थित जनों ने अपने मत प्रस्तुत किए। संभागायुक्त द्वारा इसमें आधारकार्ड से मतदाता सूची को लिंक करने पर विशेष जोर दिया गया ताकि त्रुटियों को नगण्य किया जा सके।

**प्ले स्टोर ऐप या ऑनलाइन के माध्यम से भी कर सकते है आवेदन**-कावरे ने बताया कि मतदाता संशोधन या स्थानांतरण के लिए प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर अथवा पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कर सकते है एवं मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते है।

# धान उपार्जन केंद्र, रीपा स्थापना और इजीएल गतिविधियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ धान की पलटी नहीं करने पर जताई नाराजगी, तत्काल धान उठाव के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < गौरेला पेण्ड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने धान उपार्जन केंद्र मेढुका, रीपा स्थापना डोंगरिया और इजीएल स्कूल गिरवर का निरीक्षण किया। उन्होंने मेढुका में धान की पलटी नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की तथा पलटी के उपरान्त ही बारदाना जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मीलर्स द्वारा तत्काल धान उठाव कराने के भी निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिए। उन्होने किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्र में पेयजल, शौचालय की व्यवस्था तथा किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाए गए धान की गुणवत्ता, नमी, टोकन, पंजीयन सत्यापन, बारदाने की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने मेढुका में निर्माणाधीन हाट बाजार क्लीनिक का भी अवलोकन किया। उन्होंने गुणवत्ता के साथ शीघ्र निर्माण पूर्ण करने तथा हाट बाजार में मनरेगा के तहत बाजार शेड एवं चबूतरा शेड बनवाने और बाजार के ठेकेदार से साफ-सफाई एवं बाजार को व्यवस्थित रूप से विकसित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) के तहत डोंगरिया में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। यहां दाल मिल के लिए अधोसंरचना तैयार की जा रही है। उन्होने डोंगरिया में दाल मिल के अलावा मल्टी एक्टिविटी के तहत पशु आहार, पूजन सामग्री, साबुन, दीया बत्ती, पेपर कप प्लेट, एलईडी, हल्दी की खेती आदि के लिए भी कार्य योजना तैयार करने के साथ ही रीपा परिसर का फेंसिंग कराने के निर्देश जनपद सीईओ मरवाही को दिए।

# राजस्व बढ़ाने की दिशा में प्रशिक्षु आईएएस आयुक्त लक्ष्मण तिवारी स्वयं निकले निरीक्षण पर

## अभिनंदन पैलेस एवं वृंदावन वाटिका का किया निरीक्षण,संपत्ति कर की राशि में भारी अंतर

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम दुर्ग के प्रशिक्षु आईएएस आयुक्त लक्ष्मण तिवारी द्वारा राजस्व आय बढ़ाने की अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए इसी तारतम्य में आयुक्त स्वयं अभिनंदन पैलेस एवं वृंदावन वाटिका का निरीक्षण किये। निरीक्षण में नगर निगम में जमा की जा रही संपत्ति कर की राशि में भारी अंतर पाया गया है। संपत्ति कर के पुनः निर्धारित हेतु उक्त दोनों प्रतिष्ठानों का नाप किया गया अभिनंदन पैलेस के संचालक अजय कुमार जैन एवं वृंदावन वाटिका के संचालक कमलेश कौर द्वारा स्वयं की खुली भूमि के संबंध में नगर निगम दुर्ग को किसी भी प्रकार की सूचना नहीं देकर करारोपण नहीं कराकर उपयोग किया जा रहा था। जिससे निगम को आर्थिक क्षति हो रही थी। पुनः निर्धारण करने पर संपत्ति कर की राशि वृंदावन वाटिका में लगभग रु एक लाख दो हजार तथा अभिनंदन पैलेस में एक लाख बासठ हजार रुपए का अंतर पाया गया है। संपत्ति कर के मूल्यांकन में उनके द्वारा खुली भूमि का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया था जिसके कारण उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है नियमानुसार नहीं होने पर उन्हें 5 गुना राशि का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।जिसके कारण इन दोनों व्यवसायियों को नोटिस जारी कर उद्योग एवं व्यापार लाइसेंस, श्रम विभाग के अंतर्गत दुकान स्थापना एवम गुमास्ता लाइसेंस एवं खाद्य सामग्री के लिए खाद्य विभाग द्वारा जारी खाद्य लाइसेंस ,भवन अनुज्ञा तथा भवन पूर्णता प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत करने कहा गया जिससे उसकी जांच की जा सके।

उक्त कार्यवाही निरंतर जारी है अन्य व्यापारियों द्वारा भी स्व निर्धारण विवरणी भरकर सही सही जानकारी प्रस्तुत करने पर 5 गुना अंतर राशि से निजात पाई जा सकती है अन्यथा निगम द्वारा नाप किया जाकर जुर्माना के तहत 5 गुना राशि भी वसूल की जाएगी।

# शिवनाथ नदी के करीबः हॉटल रोमन पार्क में प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस ने दी औचक दबिश

■ आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने किया कागजातो की जांच, अधूरे दस्तावेज होने पर होगी कार्रवाही

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शिवनाथ नदी के निकट हॉटल रोमन पार्क में प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी अधिकारियों के साथ औचक जांच करने पहुंचे।उन्होने हॉटल रोमन पार्क के संचालक से सम्पूर्ण दस्तावेज दिखने के लिए कहा,आयुक्त ने कागजातो की जांच की हुई बिल्डिंग परमिशन,भवन परमिशन, नगर निगम टैक्स, लायसेंस, गुमास्ता सहित रेस्टोरेंट लायसेंस की जांच करते हुए उन्होंने तत्काल संम्पूर्ण दस्तावेजो के साथ नगर पालिक निगम कार्यालयीन समय पर आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। होटलो व अन्य के आवश्यक दस्तावेजो को जांचा जाएगा। दस्तावेज पूरे न होने वाले होटलो पर होगी सख्त कार्रवाही। प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी के नेतृत्व में हॉटल रोमन पार्क में अन्य दस्तावेजो की छानबीन की गई।इस दौरान कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा, अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, शुभम गोईर सहित अन्य मौजूद रहें। आयुक्त ने कहा अधूरे दस्तावेजो वाले होटलों की निरन्तर जांच होगी।

# राहुल गांधी की पदयात्रा तपस्या से कम नहीं :धीरज बाकलीवाल

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश में मोटक्का (खरगोन) से महू के बीच राहुल गांधी के साथ पदयात्रा करते हुए महापौर धीरज बाकलीवाल। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के बाद महापौर धीरज बाकलीवाल दुर्ग लौट गए हैं। यात्रा के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने राहुल गांधी के साथ चलते हुए सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा भी की। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने लोगों के दिलों पर भावनात्मक दस्तक दी है। राहुल गांधी की पदयात्रा किसी तपस्या से कम नहीं है। महत्वपूर्ण बात ये है कि राहुल गांधी यह तपस्या देश को जोड़ने के लिए कर रहे है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यह पदयात्रा कोई राजनीतिक पदयात्रा नहीं है बल्कि, इस पदयात्रा से लोगों के दिल जुड़ रहे हैं। राहुल गांधी को हजारों किलोमीटर की पदयात्रा के दौरान पैदल चलते देख कर लोगों के चेहरे पर उनके प्रति सम्मान के भाव आ रहे हैं। हजारों लोग स्वेच्छा से नंगे पांव पदयात्रा कर रहे हैं। कई ऐसे लोग हैं जो कई तरह के कष्ट सहकर भी यात्रा कर रहे हैं। यात्रा से लगातार जुड़े हुए हैं। सभी के मन में भाव यही है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य सफल हो।राहुल गांधी पदयात्रा के दौरान हजारों लोगों से मिलते हैं। तेज चलते हुए हजारों लोगों से अभिवादन करने और मुस्कुरा कर सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए राहुल गांधी के पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी के स्वागत के लिए सड़क किनारे आए लोगों लोगों के मन में उनके प्रति सराहना का भाव भी है और सम्मान का भाव भी।

# जनसमस्या निवारण शिविर को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद -निगम आयुक्त रोहित व्यास ने दिए आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश





पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के 5 जोनों में चयनित स्थलों पर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जहां निगम क्षेत्र के नागरिक राशन कार्ड, श्रम विभाग पंजीयन मजदूर कार्ड, नया आधार कार्ड एवं सुधार, आयुष्मान कार्ड, नये पट्टा, पेंशन, विद्युत संधारण, भवन नियमितीकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। 29 नवंबर को 5 शिविर स्थलों से कुल 164 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें से 140 आवेदनों का निराकरण तत्काल किया गया। जिससे उपस्थित नागरिक उत्साह के साथ निगम को धन्यवाद ज्ञापित किए। भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी जोन में जन समस्या निवारण शिविर प्रारंभ हो गया है। जो कि आगामी दिसंबर माह तक आयोजित होगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नियत किया गया है।

**इन विषयों को लेकर कर सकते हैं आवेदन** -जन समस्या निवारण शिविर में राशन कार्ड, श्रम विभाग पंजीयन मजदूर कार्ड, नया आधार कार्ड एवं सुधार, आयुष्मान कार्ड, नये पट्टा, पेंशन, विद्युत संधारण, भवन नियमितीकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन किया जा सकता है।

# देश में अव्वल दुर्ग शहर के लिए अत्यंत प्रसन्नता एवं गौरव क्षण हैः विधायक

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम दुर्ग को लगातार दूसरी बार देश में कचरा प्रबंधन बना,विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में लगातर स्वच्छता को लेकर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने की कवायद रही है। विधायक अरुण वोरा ने कहा है कि दुर्ग शहर के लिये अत्यंत प्रसन्नता एवं गौरव के क्षण हैं। हमारा दुर्ग स्वच्छ सर्वेक्षण शहर कचरा प्रबंधन बना है।उन्होंने इस सफलता के लिये सभी निगम अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग टीम एवं नागरिकों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें बधाई दी है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने निगम के स्वच्छता दीदी महिलाओं को दिया श्रेय।महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने यह पुरस्कार ग्रहण किया. नई दिल्ली क्रिस्टल बॉलरूम, हॉटल ललित में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव में अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर,दीपक साहू भी मौजूद रहें।विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर की इस उपलब्धि पर सभी नागरिकों को बधाई देते हुये कहा है कि सभी नागरिकों की स्वच्छता के प्रति जागरूकता से राज्य के दुर्ग शहर को पुरस्कार मिला है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि एक बार फिर देश व प्रदेश में दुर्ग शहर अपनी उपलब्धि को लेकर के चर्चा में है। दुर्ग निगम को एक बार फिर पूरे देश में प्रथम स्थान मिला है इस उपलब्धि पर महापौर ने कहा है कि आने वाले सालों में नगर निगम एक बार फिर बेहतर मेहनत करते हुए देश व प्रदेश में स्वच्छता, रैंकिंग में प्रथम स्थान पर होगा। कचरा प्रबंधन में लगातार दूसरी बार फिर कामयाबी के शिखर पर पहुंचा है। जिसके परिणाम स्वरूप कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए अवार्ड दिया गया। दुर्ग निगम को यह पुरस्कार शहर में उत्पादित कचरें के बेहतर प्रबंधन, पुनर्चक्रण व निष्पादन के क्षेत्र में मिला। उल्लेखनीय है कि नगर निगम 3 आर (रिड्यूज, रिसाइकल व रियूज) के सिद्धांत के तहत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट में बेहतर कार्य कर रहा है घरों से ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग लिया जाता है।

## बीते महीने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय वृद्धि, कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की प्रशंसा की

# जनपद सीईओ सुनिश्चित करें सभी गौठानों में योजना का क्रियान्वयन बढ़िया हो : कलेक्टर

■ गौठानों में आजीविकामूलक गतिविधियों के संबंध में भी चर्चा की, रीपा पर हो रहे कार्यों की जानकारी ली

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने समीक्षा बैठक में शासन की फ्लैगशिप स्कीम के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा की। लेक्टर ने सबसे पहले राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। इस पर अच्छा काम हुआ है। सीमांकन, नामांतरण आदि के अनेक प्रकरण समय सीमा पर निराकृत हो गए, इससे कलेक्टर ने खुशी जाहिर की और विभागीय अधिकारियों को इसी तरह तेजी से कार्य करने कहा। कलेक्टर ने इसके बाद गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। उन्होंने गोबर से वर्मी कंपोस्ट कन्वर्शन आदि के आंकड़ों के बारे में पूछा। कलेक्टर ने कहा कि यह सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है इसमें सभी गौठानों में अच्छी स्थिति होनी चाहिए और जनपद सीईओ यह सुनिश्चित करें कि हर गौठान में योजना का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो और अधिकतम हितग्राहियों को इसका लाभ हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। वैज्ञानिक तरीके से लक्ष्य बनाएं और इसे प्राप्त करें- कलेक्टर ने कहा कि गौठानों में आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनसे अधिकतम लाभ हम तब प्राप्त कर सकते हैं जब साइंटिफिक तरीके से अपना कार्य करें। उदाहरण मछली पालन को लें, मछली पालन में हमें देखना है कि हम कितना बीज डालते हैं और इससे कितनी प्राप्ति होती है। प्राइवेट फार्म्स में जहां मछलीपालन हो रहा है इस प्राप्ति का प्रतिशत क्या है और अमूमन आमतौर पर लक्ष्य के विरुद्ध कितनी प्राप्ति होती है। गौठानों में डबरियों में मत्स्यपालन विभाग के अधिकारी इसका नियमित प्रशिक्षण दें। उन्होंने कहा कि इसी तरह से बाड़ी में भी हमने तकनीकी चयन के आधार पर यहां सब्जी तय की है जिससे हम उत्पादन की संभावना को करीब से आंक पाने में सक्षम हैं। उन्होंने बायोफ्लाक के बारे में भी पूछा। उन्होंने कहा कि गौठान में मुर्गीपालन, मशरूम पालन जैसी गतिविधियों को भी बढ़ाएं। शहरी क्षेत्र में मशरूम की बड़ी डिमांड होती है। इसका वृहत उत्पादन करें तो आय की बड़ी संभावनाएं तैयार होंगी। उन्होंने कहा कि गौठानों में समूहों के माध्यम से दूध उत्पादन को बढ़ावा देना है। इसके लिए चयनित गौठानों में अच्छी नस्ल की दस गायें उपलब्ध कराएं। अधिकारियों ने बताया कि इस पर लगातार काम चल रहा है। रीपा की स्थिति जानी- कलेक्टर ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क के बारे में अब तक हुई प्रगति की बारे में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए अधोसंरचना निर्माण का कार्य तेजी से प्रगति पर है।

# जोन आयुक्तों के क्षेत्रों में हुआ परिवर्तन आयुक्त रोहित व्यास जारी किया आदेश



**भिलाईनगर।** आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के कार्यों में कसावट लाने निगम के जोन आयुक्तों के प्रभार में आंशिक फेरबदल करते हुए नवीन प्रभार के आदेश प्रसारित किये है। आयुक्त व्यास ने जारी आदेश में जोन क्रमांक-02 वैशाली नगर में पदस्थ पूजा पिल्ले को जोन क्रमांक-04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में जोन आयुक्त का दायित्व सौंपा है। इसी प्रकार जोन क्रमांक-04 में पदस्थ जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा को जोन क्रमांक-03 मदर टेरेसा नगर में तथा जोन क्रमांक-03 में जोन आयुक्त की जिम्मेदारी निभा रहे सुश्री येशा लहरे को जोन आयुक्त जोन क्रमांक-02 की जिम्मेदारी सौंपी है।

# दूसरे राज्यों से धान आयात करने के लिए खाद्य विभाग से अनुमति अनिवार्य

■ नियमित व पारदर्शी रूप से धान खरीदी के लिए मिलर्स, व्यापारी व एजेंट करे गाईड लाईन का पालन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

राईस मिलर्स, धान के व्यापारी एवं कमीशन एजेंट के द्वारा तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अन्य राज्यों से लाने वाले धान को पूर्व अनुमति के बिना नही लाया जावेगा। संबंधित व्यवहारी द्वारा धान की अनुमति हेतु संचालक खाद्य एवं कलेक्टर, दुर्ग को आवेदन पत्र वांछित जानकारी (धान विक्रयकर्ता फर्म एवं व्यक्ति का नाम व पूरा पता, परिवहन मार्ग, आयात की जाने वाली धान की किस्म, प्रति क्विं. मूल्य संबंधी जानकारी तथा आयात किया जाने वाला धान जिस स्थान पर क्रय उपरांत भंडारित होगा की पूरी जानकारी आदि) के साथ प्रस्तुत किया जावेगा। संबंधित विभाग द्वारा इसका निराकरण अधिकतम सात दिन के भीतर किया जावेगा। उपरोक्त अवधि में अन्य राज्यों से सुपर फाईन किस्म का धान जिसकी लागत पच्चीस सौ रू. प्रति क्विंटल से अधिक होगी, के आयात के लिए संचालक खाद्य से अनुमति लेना आवश्यक नही है। अपितु आयातक को इस किस्म के धान के आयात करने की सूचना जिला खाद्य कार्यालय को विधिवत देनी होगी। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में नियमित एवं पारदर्शी समर्थन मूल्य में धान खरीदी किए जाने हेतु कृपया उपरोक्त जानकारी से आप अपनी एसोसिएशन के सभी सदस्यों को अवगत करावें ।

संपादकीय

## चीन का घटनाक्रम जनता का विद्रोह

**चीन** के घटनाक्रम से स्पष्ट है कि अत्याचारी तानाशाहियों में भी जनता उतनी निरीह नहीं होती है जितनी उसके शासक समझते हैं। कुछ सप्ताह पहले अगले पांच साल के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव चुने जाने पर शी जिनपिंग सामंती चीन द्वारा इस मध्यवर्ती कहे जाने वाले देश में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर जैसे सातवें आसमान में उड़ रहे थे। वे चीन के राष्ट्रपति तथा देश के केन्द्रीय सैनिक आयोग के प्रमुख भी हैं। संक्षेप में, देश की सारी शक्तियां उनके हाथों में केन्द्रित हैं। दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था व शक्तिशाली सेना के समर्थन तथा विरोधियों को क्रूरता से कुचलने के बाद वे अपने देश में सीज़र की तरह हैं तथा देश पर पूरा नियंत्रण प्राप्त करने के बाद अब दुनिया पर कब्जे की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इस माह के प्रारंभ में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए को युद्ध की तैयारी में 'अपनी सारी ऊर्जा युद्ध लड़ने पर केन्द्रित करने' को कहा था। उन्होंने कहा था कि पीएलए को 'युद्ध की तैयारी के लिए समग्र रूप से सैनिक प्रशिक्षण मजबूत करना' चाहिए। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी की जिस कांग्रेस में उनको पुनः महासचिव चुना गया, उसमें भी उन्होंने क्षितिज पर उभरते 'खतरनाक तूफानों' के बारे में सतर्क किया था। वे अपने रूसी समकक्ष व्लादीमिर पुतिन से 'दुनिया के सबसे खतरनाक व्यक्ति' बनने की स्पर्धा में लगे थे। लेकिन आज शी जिनपिंग अपने ही नागरिकों को नियंत्रित करने में विफल हो रहे हैं जिनको कम्युनिस्ट शब्दावली में 'जनता' कहा जाता है। देश के लोगों को शी जिनपिंग व उनके सीसीपी के मुहरे बहुत मामूली समझते थे। वे समझते थे कि उनको विस्थापन, निगरानी, गिरफ्तारी, अत्याचार व मृत्यु दंड का शिकार बनाया जा सकता है। लेकिन आज लोगों ने उस अत्याचार के खिलाफ विद्रोह कर दिया है जिसका सामना वे खासकर कोविड-19 महामारी फूटने के बाद से कर रहे थे।


एक खबरिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को चीन के बड़े शहरों में सैकड़ों लोगों ने मूर्खतापूर्ण व कष्टदायक शून्य-कोविड नीति के खिलाफ प्रदर्शन किए जो 'राज्य के खिलाफ जनता के गुस्से की विरल अभिव्यक्ति' थी। शंघाई में एकत्र भीड़ ने 'चीनी कम्युनिस्ट पार्टी मुर्दाबाद' व 'शी जिनपिंग मुर्दाबाद' के नारे लगाए। शून्य-कोविड नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन न केवल दूसरे शहरों में फैल गए, बल्कि उन्होंने अमानवीय तानाशाही के खिलाफ आम प्रतिरोध का रूप भी धारण कर लिया। लोग दशकों से इस तानाशाही का सामना कर रहे हैं जो कोरोना महामारी के बाद और क्रूर हो गई है। शून्य-कोविड नीति पूर्णतः मूर्खतापूर्ण है। यह उसी प्रकार है जैसे कहा जाए कि जब तक इन्फ्लूएंजा का कोई मामला रहेगा दिल्ली में लाकडाउन रहेगा क्योंकि कोविड अब इन्फ्लूएंजा की तरह ही केवल एक बीमारी रह गया है। इससे लोग संक्रमित हो सकते और मर भी सकते हैं, लेकिन अब यह वैश्विक महामारी नहीं है। लेकिन यह तानाशाह की अनेक समस्याओं में से केवल एक है। तानाशाह व उसके कर्मचारी समझते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं कि क्या हो रहा है तथा क्या होना चाहिए। वास्तव में व्यक्तिगत स्वतंत्रता की विरोधी विचारधारा वाले देशों में 'चाहिए' पर ज्यादा जोर दिया जाता है, फिर चाहे वह चीन हो या ईरान। चीन में कम्युनिस्ट नौकरशाह तय करते हैं कि जनता को सभी स्थितियों में क्या करना चाहिए। इसमें बीमारी फैलने का मामला भी शामिल है जब वे अपनी पसंद व सनक पूरी क्रूरता से लागू करते हैं। ईरान में विशिष्ट वर्ग के धर्मगुरु तय करते हैं कि महिलाओं को क्या पहनना या नहीं पहनना चाहिए और इसके बाद वे अपने आदेशों को कठोरता से लागू करते हैं। लेकिन अत्याचारी यह नहीं समझते हैं कि आज के युग और समय में जब सूचना का मुक्त प्रवाह हो रहा है, लोग पहले की तरह व तानाशाहों की सोच की तरह दब्बू व निरीह नहीं हैं।

# समाज सुधारक महात्मा फुले

महात्मा फुले की 132वीं पुण्यतिथि पर हम इस अतुलनीय समाज सुधारक को याद कर रहे हैं जिन्होंने जाति-विहीन समाज तथा किसान अधिकारों हेतु संघर्ष किया।



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक हरियाणा के राज्यपाल हैं)



महात्मा ज्योतिबा गोविंदराव फुले शिक्षा व सामाजिक सुधारों के माध्यम से वंचित वर्गों के लिए किए महान कार्यों के कारण हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। वह समय बहुत कठिन था जब उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों व खासकर महिलाओं के सशक्तीकरण का बीड़ा उठाया। अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले की सहायता से उन्होंने उनमें शिक्षा प्रसार का प्रयास किया। सभी विपरीत परिस्थितियों, चुनौतियों व कठिनाइयों का सामना करते हुए वे मजबूती से उस घोर अन्याय के समक्ष खड़े हुए जिसका सामना अश्पृश्यता के कलंक का मुकाबला करने वाले एससी, एसटी व ओबीसी एवं अन्य हाशियाकृत वर्गों को करना पड़ता था। मानव इतिहास में उनके विराट व्यक्तित्व की तुलना कुछ ही लोगों से की जा सकती है। महात्मा फुले ने शिक्षा व सामाजिक सुधार का प्रयोग औजारों की तरह कर सामाजिक न्याय, समानता व महिला सशक्तीकरण की ज्योति जलाई तथा जाति के आधार पर निर्मम अत्याचारों का सामना कर रहे असंख्य वंचित लोगों के लिए प्रकाश पुंज की तरह उभरे। निस्वार्थ तरीके से वंचितों की सेवा व उनको ऊपर उठाने की उनकी प्रतिबद्धता इतनी प्रेरणादायक व आकर्षक थी कि लोगों ने उनको 'महात्मा' कह कर उनकी प्रशंसा की।

वंचितों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ महात्मा फुले की प्रतिबद्धता मुझे अत्यधिक प्रभावित करती है। उन्नीसवीं शताब्दी हमारे इतिहास का कठिन समय था, हालांकि उस समय समाज में बहुत मंथन चल रहा था। 11 अप्रैल, 1827 को महाराष्ट्र के सतार में 'माली' जाति के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ अभियान छेड़ा। उनके पिता गोविंदराव पूना में सब्जी बेचते थे। थामस पेन की पुस्तक 'द राइट्स आफ मैन' से प्रभावित महात्मा फुले का विश्वास था कि सभी प्रकार की सामाजिक बुराइयों का मुकाबला ही महिलाओं तथा नीची जातियों के उत्थान का मार्ग था। वे समाज में जाति-आधारित भेदभाव के कट्टर विरोधी तथा किसानों व अन्य नीची जाति के लोगों के अधिकारों हेतु संघर्ष करने वाले थे। उन्होंने सबसे पहले अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित किया। सबसे पहले उन्होंने पूना में तत्यासाहब भिड़े के आवास में लड़कियों के लिए पहला स्कूल 1848 में शुरू किया। सावित्रीबाई फुले को हमारे देश की पहली महिला शिक्षक माना जाता है। यह एससी, एसटी व ओबीसी लोगों के जीवन में नया सवेरा था जब उनके बच्चों व खासकर लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच नहीं थी। महात्मा फुले के अनेक जीवन प्रसंग आज भी न्यू इंडिया-दृढ़, समावेशी व आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रासांगिक हैं। 'न्यू इंडिया' का विचार महिलाओं समेत सबके सशक्तीकरण पर केन्द्रित है। महात्मा फुले ने सामाजिक समानता, महिला सशक्तीकरण तथा एससी, एसटी व ओबीसी हेतु शिक्षा प्रसार के लिए अथक प्रयास किए। उनका दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी को भी समाहित करता है। एसडीजी का उद्देश्य गरीबी व भूख का उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य व बेहतरी सुनिश्चित करना तथा अन्य चीजों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व जेंडर समानता सुनिश्चित करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज 'सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास' के रास्ते पर चल रहा है जिसकी कल्पना महात्मा फुले व उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने की थी। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का क्रियान्वयन टिकाऊ आधार पर शहरी गरीब परिवारों में गरीबी व वंचना घटाने के लिए कर रहा है। 2014-15 से 30 जून, 2022 तक 12.02 लाख शहरी गरीबों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है ताकि उनकी रोजगार क्षमता बढ़े। इनमें से 6.42 लाख से अधिक कुशल प्रशिक्षितों को स्व-रोजगार या नौकरियां मिली हैं। इसी प्रकार दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनों के माध्यम से सक्रिय रूप से ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों-एसएचजी में संगठित कर भयानक गरीबी से बाहर निकलने में सहायता की गई है। 30 जून, 2022 तक लगभग 8.39 करोड़ ग्रामीण गरीब महिलाओं को 76.94 लाख एसएचजी के माध्यम से संगठित कर उनको 30,160 करोड़ रुपये कर्ज दिया गया है।

'स्टैंडअप इंडिया' योजना के अंतर्गत एससी, एसटी व महिला उद्यमियों के 133,995 खाते खोले गए। उद्यमिता से सुनिश्चित होगा कि गरीब अमीर बन जाएंगे। किसी भी स्थिति में हम गरीबों को और गरीब नहीं होने देंगे। इसी कारण केन्द्र तथा राज्यों की सरकारें पूरी ताकत से काम कर रही हैं कि कोई पीछे न छूट जाए। लेकिन हमें यह ध्यान देने की जरूरत है कि न्यू इंडिया के लिए कल्याण कार्यक्रमों का पूर्ण व सकारात्मक क्रियान्वयन हमारे दिल में हो। एससी, ओबीसी, ईबीसी व एसटी के आरक्षण के प्राविधान को पूरी तरह देश भर में लागू होना चाहिए। इसी प्रकार बीच में ही स्कूल छोड़ने वालों पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से बहुसंख्य समाज के कमजोर वर्ग से होते हैं। यूनीफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फार्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन प्लस के अनुसार, प्राथमिक छात्रों में ड्रापआउट 2020-21 में 0.8 प्रतिशत से बढ़ कर 2021-22 में 1.45 प्रतिशत हो गई। सेकेंड्री स्तर पर ड्रापआउट 14.6 प्रतिशत था। हालांकि, 2019-20 में 16.1 प्रतिशत की तुलना में स्थिति सुधरी है, पर लाखों छात्र आज भी शिक्षा व्यवस्था के बाहर हैं। इसके परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा में हमारा सकल दाखिला अनुपात 30 प्रतिशत से भी कम है। गरीब बच्चों में कुपोषण की प्रवृत्ति को देखते हुए उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही पोषक भोजन देने की जरूरत है।

उनके लिए माडल स्कूल बनाना अच्छा रहेगा। सरकारें हम में से गरीबों के सशक्तीकरण का प्रशंसनीय काम कर रही हैं, पर अन्य पक्षों को भी सामने आ कर गरीबों के कल्याण की सकारात्मक नीतियों के लिए आंख और कान का काम करना चाहिए। ऐसा होने पर ही सामाजिक समानता व न्याय का सपना पूरा होगा। महात्मा फुले तथा उनका 'सत्यशोधक समाज' वंचित जातियों व समुदायों के लिए समान अधिकारों की पैरोकारी करता था। इसकी अभिव्यक्ति समानता, न्याय, बंधुत्व व मुक्ति के रूप में होती है जो हमारे लोकतंत्र के मुख्य आधार हैं। वास्तव में यह खुशी की बात है कि कई राज्यों ने प्राइमरी व सेकेंड्री स्तर पर ड्रापआउट पर लगाम लगाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उदाहरणार्थ, हरियाणा सरकार ने स्कूल से बाहर छूटे छात्रों को मुख्यधारा में लाने की प्रक्रिया शुरू की है। हमें एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाते हुए एससी, एसटी व ओबीसी छात्रों को विशेष कौशलों से लैस करना चाहिए ताकि उनकी आमदनी भी बढ़ सके। अमीरों के और अमीर बनने की तुलना में गरीबों को अमीर बनाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। वंचितों में महिलाओं तथा अति पिछड़े समुदायों-ईबीसी के समग्र सशक्तीकरण पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।

शिक्षा के बावजूद उनके खिलाफ अत्याचार एक गंभीर मुद्दा है। नए प्रकार की सामाजिक असमानतायें उभर रही हैं। महिलाओं को संसद व राज्य विधानसभाओं में अपना उचित हिस्सा भी मिलना चाहिए। महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने विचारों को बहुत शानदार तरीके से अपने लेखन से प्रस्तुत किया है जिनमें 'गुलामगीरी' व 'शेतकार्याचा आसूद'-किसानों की समस्यायें प्रमुख हैं। 28 नवंबर, 1890 को उनका निधन हो गया, पर उनके आदर्श तथा जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण हमारे लिए हमेशा प्रासांगिक बने रहेंगे। वास्तव में वह समय सर्वाधिक कठिन था जब हम एक राष्ट्र के रूप में बचे रहे। हालांकि, हमें जाति-आधारित पृथक्करण व भेदभाव का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। महात्मा ज्योतिबा फुले के अग्रणी प्रयासों ने एक समावेशी, सहिष्णु व उदार भारत की नीव डाली जिसमें हम आज रह रहे हैं। उनके प्रति सच्ची श्रृद्धांजलि यही होगी कि हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजन का प्रयोग एक समावेशी व जीवन्त भारत बनाने के लिए करें जिसका सपना महात्मा ज्योतिबा फुले ने देखा था।

# स्वास्थ्य रक्षा में सहायक रोबोटिक्स

> "रोबोटिक्स पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श बदलाव ला रहा है। आने वाले वर्षों में रोबोट तकनीक का प्रयोग और अधिक होने की उम्मीद है।"

**विनीत अग्रवाल**
(लेखक एक स्वाथ्यरक्षा समूह के सीईओ हैं)



कुछ साल पहले तक, इस विचार की थाह लेना असंभव था कि स्वास्थ्य सेवा संगठनों के प्रबंधन के तरीके में रोबोट का इस्तेमाल सहायक हाथों के रूप में किया जा सकता है। कुछ दशकों में तेजी से आगे बढ़े और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने रोबोटिक्स को इस हद तक विकसित किया है कि स्वास्थ्य देखभाल संगठन अब रोगी की देखभाल, अपशिष्ट में कमी और लागत बचत और संगठनों के भीतर दक्षता के लिए इस पर विचार कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स जैसी उन्नत डिजिटल तकनीकों द्वारा संचालित स्वचालन नीरस और दोहराव वाले कार्यों को स्वचालित करके स्वास्थ्य पेशेवरों की दक्षता बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है, लेकिन विस्तार पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

इसके अतिरिक्त, रोबोटिक्स नर्सों, डॉक्टरों और संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों सहित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवा संगठनों की सहायता भी कर सकता है। स्वास्थ्य देखभाल में रोबोटिक्स का उपयोग सरल प्रयोगशाला कार्यों से लेकर जटिल सर्जरी तक होता है जो स्वयं ऑपरेशन कर सकते हैं या मानव सर्जन की सहायता कर सकते हैं। उनका उपयोग पुनर्वास और भौतिक चिकित्सा के लिए और दीर्घकालिक स्थितियों वाले रोगियों का समर्थन करने के लिए भी किया जा रहा है। वैश्विक चिकित्सा रोबोटिक्स बाजार के 2023 तक 20 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद के साथ, यहां स्वास्थ्य सेवा में रोबोटिक्स के आशाजनक अनुप्रयोगों पर एक नजर है।

गति नियंत्रण प्रौद्योगिकियों की प्रगति ने सर्जिकल-सहायता रोबोटों को और अधिक सटीक बनने में सक्षम बनाया है। ऐसे रोबोट सर्जनों और डॉक्टरों को कंप्यूटर दृष्टि से सक्षम और एआई-सक्षम तकनीकों के साथ जटिल सर्जिकल प्रक्रियाओं को करते हुए उच्च स्तर की सटीकता और गति प्राप्त करने में सहायता कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, घुटने और कूल्हे के प्रतिस्थापन जैसी सामान्य आर्थोपेडिक सर्जरी करने के लिए रोबोट को भी पूर्व-क्रमादेशित किया जा रहा है। हेल्थकेयर संगठन एएमआर को तेजी से लागू कर रहे हैं ताकि टेलीप्रेजेंस, चिकित्सा आपूर्ति और दवा की डिलीवरी, कीटाणुशोधन जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के साथ-साथ रोगियों के साथ अधिक समय बिताने के लिए पेशेवरों को मुक्त किया जा सके। जब मैपिंग क्षमताओं, विजुअल कंप्यूटिंग या (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) सिस्टम से लैस होते हैं, तो वे अस्पताल या परीक्षा कक्षों को स्वयं नेविगेट कर सकते हैं, जिससे डॉक्टर सुरक्षित दूरी से बातचीत कर सकते हैं। जब एक दूरस्थ विशेषज्ञ द्वारा नियंत्रित किया जाता है, तो एएमआरएस चिकित्सकों के साथ भी जा सकता है क्योंकि वे अस्पताल में चक्कर लगाते हैं, जिससे एक विशेषज्ञ को रोगी की देखभाल और निदान के संबंध में ऑन-स्क्रीन परामर्श के माध्यम से योगदान करने की अनुमति मिलती है। कुछ रोबोट मरीजों के चेक-इन से पहले स्वास्थ्य सेवा संगठनों की सहायता भी कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, मेक्सिको में विकसित एक स्वायत्त रोबोट चिकित्सा कर्मचारियों को उच्च जोखिम वाले कोविड रोगियों से निपटने में मदद कर रहा है। यह अस्पताल में आने पर हर मरीज का मेडिकल इतिहास, तापमान और रक्त ऑक्सीजन का स्तर लेकर उसका परीक्षण करता है। सामाजिक रोबोटों का लाभ यह है कि वे मनुष्यों के साथ सीधे बातचीत कर सकते हैं। निगरानी और सामाजिक संपर्क प्रदान करने के लिए इन रोबोटों का दीर्घकालिक देखभाल परिदृश्यों में उपयोग किया जा सकता है। वे रोगियों को उनके उपचार के नियमों का पालन करने में मदद कर सकते हैं या संज्ञानात्मक जुड़ाव में योगदान कर सकते हैं, जिससे उन्हें सतर्क और सकारात्मक रहने में मदद मिलती है। सेवा रोबोट नियमित रसद कार्यों को स्वचालित करके स्वास्थ्य पेशेवरों पर बोझ कम करते हैं। अधिकांश सेवा रोबोट स्वायत्त रूप से कार्य कर सकते हैं और कार्य पूरा करने के बाद रिपोर्ट भी भेज सकते हैं। रोबोट रोगी के कमरे स्थापित करने, आपूर्ति पर नज़र रखने, खरीद आदेश दाखिल करने, चिकित्सा आपूर्ति को बहाल करने और बिस्तर के लिनन को कपड़े धोने की सुविधा से परिवहन करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, वे कीटाणुशोधन और सफाई में सहायता कर सकते हैं। ये सेवा रोबोट संक्रमण के जोखिम को कम करने और एक समान तरीके से स्थानों को साफ करने में मदद करने के लिए यूवी प्रकाश, वायु निस्पंदन या हाइड्रोजन पेरोक्साइड वाष्प का उपयोग कर सकते हैं।



जबकि रोबोटिक्स पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श बदलाव ला रहा है, आने वाले वर्षों में प्रौद्योगिकी में और प्रगति के साथ और अधिक होने की उम्मीद है। इसलिए, स्वास्थ्य सेवा संगठनों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि वे रोबोटिक तकनीकों के दीर्घकालिक लाभों और अपार संभावनाओं को देखें और अपने संगठनों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए उनमें निवेश करें।

## फरमाया



**आतंकवाद** अभी समाप्त नहीं हुआ है और कांग्रेस की तुष्टीकरण नीतियां भी नहीं बदली हैं। कांग्रेस आतंकवाद को वोटबैंक की नजर से देखती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**चीन** क्यूबा से क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मामलों में सहयोग मजबूत करेगा। दोनों देश अपनी विशिष्टताओं के साथ समाजवाद का निर्माण कर रहे हैं।

– **शी जिनपिंग**
चीन के राष्ट्रपति



**जन** कल्याण योजनाओं के दृष्टिकोण से राजस्थान एक माडल राज्य के रूप में उभर रहा है।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### हिन्दू शासकों की अनदेखी

**अधिकांश** भारतीय इतिहासकारों ने तमाम विदेशी आक्रांताओं समेत उस कालखंड के मुस्लिम शासकों के बारे में जितनी अधिक चर्चा की है उसकी तुलना में हमारे महान भारतीय राजाओं, सम्राटों को अपेक्षाकृत कम स्थान दिया गया है। मुस्लिम शासकों के दमन के किस्सों को कम दिखाकर उनकी कला संस्कृति और उनके योगदान को अधिक उभारा गया है, यही नहीं यहां हिंदू राजाओं के पराक्रम को भी कम दर्शाया गया है। देश के इतिहासकारों ने दक्षिण भारत के हिंदू राजाओं के शौर्य पराक्रम और सनातन संस्कृति से प्रेम के बारे में अपेक्षाकृत कम लिखा है एवं इतिहास की पुस्तकों में मुगलों के शासन काल, ब्रिटिश औपनिवेशिकता और स्वाधीनता आंदोलन के बारे में विस्तार से लिखा है, लेकिन हमारे महान भारतीय राजाओं या सम्राटों के विषय में मात्र संक्षेप में ही लिखा है। मध्यकालीन इस्लामिक काल जिसमें गजनी, गौरी का भारत आक्रमण, गुलाम वंश, खिलजी, तुगलक, सैयद, लोधी और मुगलों के बारे में काफी कुछ बढ़ा चढ़ा कर लिखा गया है जबकि उसी काल में दक्षिण भारत के राजाओं के पराक्रम बारे में यहां कोई विवरण नहीं है। अतः प्रश्न यह उठता है कि हमारी इतिहास की पुस्तकों के लेखकों ने ऐसा क्यों किया।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### धर्मांतरण रोकना जरूरी

**धर्मांतरण** को लेकर देश में बहस चल पड़ी है। गरीबी का दुष्चक्र, बुनियादी सुविधाओं की कमी और निरंतर शिक्षा का अभाव ऐसे पहलू हैं जिनके चलते व्यक्ति मानसिक पीड़ा झेलता रहता है। ऐसे में अपनी आकांक्षाओं को पूरी करने के लिए व्यक्ति लालच में फंसता है और अपना मत, पंथ और मजहब तक बदल डालता है। इस मामले में सर्वोच्च अदालत के फैसले से सौ फीसद सहमत होना ही पड़ेगा कि लालच या दबंगई से किसी व्यक्ति का धर्म बदलवाना न केवल अपराध है अपितु राष्टीय सुरक्षा के लिए केवल बल्कि गंभीर मुद्दा भी है। जबरन धर्मांतरण नए नए तौर-तरीकों से समय-समय पर अंजामं दिया जाता रहा है। अमूमन यह खेल देश के कोने कोने में चल रहा है। ओडिशा,झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पिछ्ले 30 सालों में बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन हुआ है जिससे इन राज्यों में ईसाइयों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करके देश में हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाने के लिए प्रयास राष्टघात से कम नहीं है। अब जरूरत कड़े कानून की है जो धर्म के नाम पर ठेकेदारी करने वालों को सबक सिखा सके।

– **अमृतलाल मारू**, उज्जैन

### क्रिकेट बनाम अन्य खेल

**भारतीय** ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष पीटी उषा की उम्र 58 साल है। पीटी उषा ने एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता है। वहीं 1984 के ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। जो कि एक अच्छी शुरुआत है साथ ही क्रिकेट के अलावा ओलंपिक में खेले जाने वाले खेलों के लिए देश में युवा खिलाड़ियों को बड़ी संख्या में तैयार करना होगा अभी जितना धन और मान सम्मान क्रिकेट में मिलता है उतना किसी अन्य खेल में नहीं जबकि क्रिकेट का ओलंपिक में आयोजन ही नहीं होता है! और चीन जैसा दुनिया का सबसे बड़ा देश भी क्रिकेट खेलों में कभी भाग नहीं लेता, यही कारण है कि उसके खिलाड़ी बड़ी संख्या में ओलंपिक पदक बटोर कर लाते हैं! और हमारे देश में जितना धन और समय क्रिकेट पर खर्च किया जाता है! यदि उतना ही धन अन्य ओलंपिक खेलों की तैयारियों में किया जाए तो भारत भी भविष्य में ओलंपिक में अधिकाधिक पदक प्राप्त कर सकता है! जरूरत है खेलों में सिर्फ खेल से जुड़े हुए पदाधिकारियों को नियुक्त करने की।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

## रायपुर, भिलाई और राजनांदगांव प्रेस क्लब के अध्यक्षों को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में किया गया शामिल

# जिला प्रेस क्लब की पहली बैठक स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने सभी सदस्यों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



शहर स्तिथ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में नवगठित जिला प्रेस क्लब बालोद की पहली बैठक का आयोजन हुआ। उक्त जिला प्रेस क्लब का पंजीयन नंबर 12220224O463 है। बैठक में सभी पत्रकारों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हमें अब तक जैसे भी संगठन बनाकर अलग अलग प्रेस संगठन से जुड़ कर काम करते हैं उनसे हमें हटकर कुछ करना है। ताकि अपनी अलग छाप हो। संगठन को स्थायित्व देने मिलजुल कर कार्य करने और सकारात्मक प्रभाव बनाए रखने की बातों पर सार्थक चर्चा की गई। तो समाज सेवा के क्षेत्र में भी अपनी भूमिका निभाई जायेगी। सफ्ल संचालन के लिए मार्गदर्शन भी मांगा गया। पत्रकारों के लिए संचालित योजनाओं पर भी चर्चा हुई। खास बात यह है कि रायपुर, भिलाई, राजनांदगांव के प्रेस क्लब के अध्यक्षों को भी विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जिला प्रेस क्लब बालोद में शामिल किया गया है। जिनसे क्लब को मार्गदर्शन और गति मिलेगी। अगली बैठक आगामी बुधवार को आमंत्रित की गई है। जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। जिला प्रेस क्लब का विधिवत और सुस्पष्ट संचालन के लिए नियम कायदे भी तय किए गए हैं। अधिवक्ता भी नियुक्त किया गया। नियम कायदों के तहत ही इसका संचालन होगा। नियम विपरीत कार्य करने वालों की सदस्यता रद्द की जाएगी। तो वही पदाधिकारियों के चुनाव भी नियमों के तहत होंगे। पहली बार बालोद जिले में ऐसा प्रेस क्लब गठन किया गया। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और वेब यानी डिजिटल मीडिया के सभी की सहभागिता रहेगी। इस संगठन में जिला प्रमुखों और संपादकों को ही शामिल किया गया है। एक संस्थान से एक पत्रकार शामिल किए गए हैं। आमतौर पर देखा जाता था कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया सब अलग-अलग रहते थे। एकजुटता का अभाव देखा जाता था। लेकिन इसमें सब साथ मिलकर चलने की बातें कहीं गई है। पत्रकारों के हित में संगठन हमेशा काम करेगा तो वही समाज सेवा में भी अपनी अग्रिम भूमिका निभाएगा। इस पहली बैठक के दौरान वरिष्ठ पत्रकार मोहन दास मानिकपुरी ने कहा कि बालोद जिला बने इतने साल हो चुके हैं। लेकिन यहां जिला प्रेस क्लब बालोद स्थायित्व के साथ गठन नहीं हो पाया है। मैं आशा करता हूं कि यह संगठन जिनका पंजीयन हो चुका है और इसे अच्छे तरीके से चलाया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल हो। हमें मीडिया की साख जो कुछ लोगों की वजह से खराब हो जाती है उसे सुधारना है। जिला प्रेस क्लब का नाम अच्छे कार्यों के लिए जाना जाए इस पर भी ध्यान देना है। आपसी मनमुटाव मतभेद से दूर हट कर हमें मिलजुल कर कुछ अच्छा काम करना है। संगठन के नाम पर कहीं कोई अवैधानिक कार्य करता है तो गलत है। ऐसे लोगों की शिकायत आने पर पांच लोगों की कमेटी गठित कर उनका अंतिम निर्णय लिया जाएगा। संगठन की आड़ में कोई भी गलत कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई किसी तरह के गलत कार्य में संलिप्त पाए जाते हैं तो इसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे । ऐसे मामलों में प्रेस क्लब किसी तरह से त्वरित इंवॉल्व नहीं होंगी और भी कई नियम तय किए गए हैं। जिनके अधीन रहकर अनुशासनात्मक रुप से जिला प्रेस क्लब का संचालन किया जाएगा। नए जिला प्रेस क्लब के गठन पर पहुंचे पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा ने भी सभी पदाधिकारियों के इसके लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकारों में संतोष साहू, राहुल भूतड़ा, मंजू शर्मा, विवेक वैष्णव, नितेश वर्मा, संजय दुबे, बलराम गुप्ता, दीपक यादव, अफ्जल रिजवी, फुरकान खान, नरेश श्रीवास्तव, किशोर साहू, दीपक देवदास, प्रमिला सेन, विकास साहू, रवि भूतड़ा, सुप्रीत शर्मा, जगन्नाथ साहू, राजेश साहू, मोहित साहू, अरुण उपाध्याय, आरके देवांगन, परसराम साहू, लक्ष्मीकांत , किशोर कुमार, राजेश सोनी आदि प्रमुख विभिन्न संस्थान के संपादक और ब्यूरो चीफमौजूद रहे।

## जिला स्तरीय जन चौपाल शिविर में हो रहा जनता की समस्या का समाधान: विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला नगर में अयोजित जिला स्तरीय जन चौपाल शिविर में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा पहुकर ग्रामीणों से रू-ब-रू होकर उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए, इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा संचालित जन हितैषी योजनाओ का लाभ गांव के पात्र हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने और उनके समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य आपके द्वार में जिला जन चौपाल शिविर का आयोजन किया गया है, आम नागरिकों को समस्याओं के निराकरण के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें, इसी उद्देश्य से जिला स्तरीय जन चौपाल में कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहित और सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थिति में जन चौपाल शिविर के माध्यम से समस्याएं सुनकर मौके पर निराकरण किया जा रहा सरकार द्वारा प्रदेश में कई कल्याणकारी योजना लागू कर एक अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना एवं राजीव गांधी भूमिहीन किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे महत्वपूर्ण योजना योजनाओं से लाखों किसानों, मजदूरो, महिलाओ को सीधा लाभ मिल रहा है, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान, मजदूर, महिला, युवा सहित सभी वर्ग खुश है, छत्तीसगढ राज्य ऐसा पहला राज्य है जहा धान की खरीदी 25 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है।

## स्वदेशी बचाओ आंदोलन के जनक राजीव दीक्षित की पुण्यतथि, श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन

### आयोजक राजा पांडे ने राजीव दीक्षित के जीवन पर प्रकाश डालते हुए, स्वदेशी बचाओ आंदोलन का प्रणेता बताया

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वदेशी बचाओ, भारत स्वाभिमान यात्रा के प्रणेता पंडित स्वर्गीय राजीव दीक्षित की पुण्यतथि के अवसर पर 30 नवंबर को राम मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। आयोजक राजा पांडे ने राजू दीक्षित के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1991 में उन्होनें स्वदेशी बचाओ आंदोलन शुरू किया। वे एक ब्रह्मचारी थे।



1999 में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट में सचिव के रूप में काम कर रहे थे और पंतजलि योग पीठ हरिद्वार में बाबा रामदेव के साथ काम कर रहे थे। वह चंद्रशेखर आजाद, उधम सिंह और भगत सिंह जैसे भारतीय क्रांतिकारियों की विचारधाराओं से प्रभावित थे। उनके व्याख्यानों से देश के लोगो को भारत का वास्तविक इतिहास और स्वदेशी की महता का पता चला था। उन्होंने इस भारत स्वाभिमान के तहत कई विदेशी कंपनियों का खुलासा किया था। जो भारत को अनेक वर्षो से लुट रही है। इस पर विस्तार से जानकारी दी ताकि भारत की लोक स्वदेशी को प्राथमिकता दे। 30 नवम्बर 2010 को छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजीव दीक्षित को अचानक दिल का दौरा पड़ने के बाद पहले भिलाई के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उसके बाद प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया। उन्हें दिल्ली ले जाने की तैयारी की जा रही थी लेकिन इसी दौरान स्थानीय डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी याद में आज राम मंदिर प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा व संगोष्ठी आयोजित होगी। इस आयोजन में पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा, मोनू पाल, विकास तंबोली, गौरव साहू, रूपेंद्र तिवारी का विशेष योगदान है।

## मितानिन दिवस के मौके पर रहंगी में सरपंच राजू मानिकपुरी ने मितानिनों का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा-रहंगी
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत रहंगी के सरपंच राजू मानिकपुरी ने मितानिनों को श्री फल एवं साड़ी भेंट कर मितानिन दिवस मनाया, ग्राम पंचायत के सरपंच राजू मानिकपुरी ने कहा कि हम सबके बीच लगातार मितानिन कार्य करती है।

मितानिनों द्वारा लगातार ग्राम में स्वास्थ्य लाभ पहुँचाया जाता है मितानिन हर वक्त उपलब्ध होकर हमारी माता एवं बहनों को हर विकट परिस्थितियों में प्राथमिकता से अपने अनुभव से मदद करते है और बड़ी विकट स्थिति में अस्पताल तक जाकर मरीजों का लगातार सहयोग करते है ,हम सबको हर मितानिन का सम्मान करना चाहिए उनका हौसला अफ्जाई कर उन्हें धन्यवाद देना चाहिए ,मितानिनों का इस सम्मान कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिव ,उपसरपंच, पंच सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे सभी ने मितानिनों का सम्मान किया।

## जब तक अंधेरा गहराता रहेगा मुक्तिबोध याद किये जाते रहेंगे

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com




अंधेरे समय में खुद की तलाश करने के नाम मुक्तिबोध है। जैसा अंधेरा मुक्तिबोध के जमाने में था , आज उससे कहीं ज्यादा गहरा है। ऐसे में मुक्तिबोध रोशनी दिखाते हैं, यह बात कवि व विचारक लाल्टू ने पं. रविशंकर शुक्ल विशवविद्यालय के कला भवन में आयोजित दो दिवसीय 'मुक्तिबोध प्रसंग' के आयोजन के पहले दिन उद्घाटन सत्र के दौरान कही। उन्होंने मुक्तिबोध के भाषा संबन्धी विचारों को व्यक्त करते हुए मुक्तिबोध के लेख 'अंग्रेजी जूते में हिंदी फिट करने वाले भाषाई रहनुमा' को पढ़ते हुए वर्तमान भाषाई संकट पर बात रखी। वरिष्ठ आलोचक जय प्रकाश ने मुक्तिबोध के जीवन प्रसंग से जुड़े आत्मीय संस्मरणों को सुनाते हुए, विचर निर्माण की यात्रा से अवगत कराया। जय प्रकाश ने कहा कि मुक्तिबोध की कविता और जीवन में एकरूपता दिखती है। वह संघर्ष के कवि हैं। विचारधारा की प्रासंगिकता मुक्तिबोध को मुक्तिबोध बनाते हैं। सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप मुक्तिबोध ने कहा कि मुक्तिबोध ने शिक्षा और इतिहास को लेकर बात की। आज संवैधानिक संस्थायें खतरे में हैं यह हम आज के समय में देख रहे हैं और उन्होंने बहुत पहले कहा था कि अभिव्यक्ति के सारे खतरे उठाने ही होंगे। मुक्तिबोध की कविताओं पर केन्द्रित 'आवेग-त्वरित-काल-यात्री' विमर्श सत्र के दौरान कवि मिथलेश शरण चौबे ने कहा कि मुक्तिबोध साहित्य और समाज को लेकर चलते हैं। मुक्तिबोध साहित्य व समाज के सीधे संवाद के हिमायती हैं। उनकी कवायद रही है कि साहित्य और कलायें राजनीति के अंदर की चेष्टायें नहीं हैं बल्कि राजनीति के समानांतर चलने वाली चेष्टा है। मुक्तिबोध राजनीति की केन्द्रता को हटाकर आम जनमानस को स्थापित करते हैं। इसकी पहली सीढ़ी है मनुष्य निर्माण। सत्य का अन्वेषण करते हुए मुक्तिबोध सत्य की सार्थकता को व्यक्त करते हैं। इसी सत्र में आलोचक मृत्युंजय कहते हैं कि मुक्तिबोध की कविताओं में मै की आलोचना है। वे आत्मसंघर्ष की बात विस्तार रूप में करते हैं। उनके पास भविष्य का नक्शा व समय की समिक्षा है।

**कवि गोष्ठी का आयोजन**

आखिरी सत्र 'कविता समय' में कवियों द्वारा अपनी कविताओं का पाठ किया गया, जिसमें लाल्टू ने उद्धरण में मुक्ति बोध, स्वाद, स्वर्ण युग, जुड़ो, जानना, नवल शुक्ल ने यह लोकतंत्र हमारा है, छूटना, मै प्रतिदिन हूं , विजय सिंह ने डोकरी फूलों की, पथिक तारक ने नदी यहां से बंधेगी, बांध,पिता के साथ-साथ, भास्कर चौधुरी ने यह बैल बूढ़ा, इच्छा, अम्मा के हिस्से का ढुःख, काली लड़की, उसने कहा आदि कवितायें सुनाई। बसंत त्रिपाठी ने इस सदी को, 47 साल, घर और पड़ोस कविता पढ़ी, मिथलेश शरण चौबे ने मरना नहीं था।

## रबी फसल के लिए जलाशय से पानी छोड़ने जिला किसान मोर्चा एवं किसानों ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला किसान मोर्चा एवं आसपास के लगभग 100 किसानों द्वारा आगामी रबी फसल धान हेतु जलाशय से पानी छोड़ने हेतु राज्यपाल के नाम एडीएम योगेश श्रीवास को तत्काल पानी छोड़ने की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रबी फसल दलहन तिलहन हेतु बांध से पानी देने व रबी फसल धान हेतु पानी नहीं देने का निर्णय लिया गया है जो कि अनुचित है। ज्ञापन में कहा गया है कि दलहन तिलहन के बजाय सरकार धान की फसल हेतु पानी की सुनिश्चित व्यवस्था करवाएं दलहन तिलहन फसल लेने के लिए कम पानी की आवश्यकता होती है साथ ही दलहन तिलहन फसल लगाने से बंदरों का प्रकोप बहुत ज्यादा हो जाती है। इसलिए किसान अपने खेतों को खाली छोड़ देते हैं। जिससे उन्हें रबी फसल सीजन में आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता है। दलहन तिलहन फसलों के लिए जलाशयों से पानी छोड़ा जाएगा तो किसानों किसानों द्वारा लगाए गए दलहन तिलहन की फसल सड़ गल कर नष्ट हो जाएगा। क्योंकि किसानों की खेतों तक पानी पहुंचने के लिए शासन द्वारा पक्की नाली का निर्माण नहीं हुआ है। साथ ही दलहन दलहन तिलहन खरीदी की उचित व्यवस्था शासन नहीं होने के कारण उत्पादित फसलों को बिचौलियों के पास कौड़ियों के भाव में बेचने को किसान मजबूर हो जाते हैं। अतः समस्त किसान मांग करते हैं कि दलहन तिलहन हेतु पानी के बजाय धान की फसल हेतु पानी की मांग करते हैं। यदि मांग पूर्ण नहीं होने पर किसान मोर्चा एवं किसानों द्वारा आगामी दिनों में कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा तोमन साहू, जिला महामंत्री किसान मोर्चा मनोहर सिन्हा, हेमंत साहू गुंडरदेही मंडल अध्यक्ष टीकाराम निषाद प्रताप साहू श्यामल साहू दिनेश साहू महेश्वर यादव, लोकेश्वर साहू, अमर सिंह साहू रविंद्र कुमार सिमरिया कचित् साहू शिवकुमार साहू राजकुमार कोलियार सेवाराम चुरेंद्र कन्हैया लाल यादव पार्थ साहू धर्मेश साहू मन्नूलाल झोरी, ओम प्रकाश रात्रे, भोला राम साहू, संत राम नेताम, आदि की उपस्थिति रहे।

## गुरूर एवं गुण्डरदेही के तहसीलों में हुए आनलाइन नामांतरण के हुए बेहतर कार्यों की कुलदीप शर्मा ने की सराहना

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



लोगों को साग-सब्जियों में प्रयोग किए जाने वाले रासायनिक खाद एवं कीटनाशक दवाईयों के दूष्प्रभावों से बचाव हेतु अब राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के अंतर्गत जिले में निर्मित सभी गौठानों में केवल आर्गेनिक साग-सब्जियों का उत्पादन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कृषि, उद्यानिकी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को योजना बनाकर काम करने को कहा है। बैठक में कलेक्टर ने आनलाईन नामांतरण के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गुरूर एवं गुण्डरदेही के तहसीलों में हुए आनलाईन नामांतरण के हुए बेहतर कार्यों की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि गुरूर तहसील में अब तक 95 तथा गुण्डरदेही तहसील में 93 सहित जिले में अब तक कुल 337 आनलाईन नामांतरण के प्रकरणों का निपटारा किया गया है। कलेक्टर शर्मा ने इन दोनों तहसीलों में आनलाईन नामांतरण के प्रकरणों के निपटारा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी तहसीलों में अधिक से अधिक आनलाईन नामांतरण के प्रकरणों का निपटारा करने को कहा। बैठक में वन मण्डलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम योगेन्द्र श्रीवास सहित जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा विभाग प्रमुखगण उपस्थित थे।

**लापरवाह शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश**

बैठक में कलेक्टर शर्मा ने गौठानों में निर्मित सब्जी बाड़ियों में किसी भी स्थिति में रासायनिक खाद एवं कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग नहीं करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके बदले गौठानों में निर्मित जैविक खाद एवं कीटनाशक दवाई, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत एवं ब्रम्हास्त्र आदि का शतप्रतिशत उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना एवं बोर्ड परीक्षा हेतु बनाए जा रहे कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली।

## एनएसयूआई के विधानसभा प्रभारी के नेतृत्व में चलाया जा रहा सदस्यता अभियान, बालोद कॉलेज में कई छात्र-छात्राओं ने ली सदस्यता



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

एनएसयूआई विधानसभा प्रभारी लक्की सिन्हा के नेतृत्व में बुधवार को सदस्यता अभियान की शुरुआत किया गया। जिसमे बालोद महाविद्यालय के कई छात्र छात्राओं द्वारा भारी संख्या में सदस्यता ग्रहण की गई। एनएसयूआई की सदस्यता अभियान 6 दिसंबर 2022 तक सभी विधानसभावार प्रत्येक महाविद्यालय में किया जाना है। बालोद विधानसभा प्रभारी लक्की सिन्हा के साथ एनएसयूआई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला महासचिव आशीष श्रीवास्तव, जिला सचिव जतिन ठाकुर, हिमांशु सोनी, विक्की पिस्दा, भोजेन्द्र साहू, ऋतिक उके, आयुष राजपूत, अन्य साथी सम्मिलित रहे।

## भरतलाल आहूजा का निधन



**दल्लीराजहरा।** सिंन्धी समाज के भरतलाल आहूजा (92 वर्ष) का निधन हो गया है। वे आहूजा कलेक्शन परिवार के मुखिया थे। अंतिम यात्रा 30 नवंबर) 4 बजे निवास स्थान से निकली। स्वर्गीय आहूजा पिछले चार-पांच माह से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे 5 पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में सिंधी समाज के लोग एवं अन्य परिचितों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डॉक्टर, लिपिक के खिलाफ शिकायत के बाद भी जांच नहीं हुई

# कबीरधाम स्वास्थ विभाग भ्रष्टाचारों को दे रहा सरंक्षण, लगातार विभाग सुर्खियों में, अधिकारी कर रहे मनमानी

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कबीरधाम में स्वास्थ विभाग लगातार सुर्खियों में बना रहता है हर मामले को लेकर विभाग की किरकिरी होती रहती है स्वास्थ विभाग के ऊपर लगातार आरोप लगता रहा है की जन प्रतिनिधि और अधिकारी अपने भ्रष्ट चहेतों को लगातार सरंक्षण दे रहे है कवर्धा स्वास्थ्य विभाग में इस तरह अनेकों मामलें है जिसमें स्वास्थ्य विभाग के तत्कालीन सिविल सर्जन डॉक्टर पी सी प्रभाकर एवं लिपिक दीपक ठाकुर का कुछ माह पूर्व वीडियो एवं ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें सिविल सर्जन खुलेआम गंदी गालियां बकते हुए गुंडागर्दी करते नजर आए थे इस बात को उजागर के शक में जीवन दीप समिति के कर्मचारी वाहन चालक को बर्खास्त कर दिया गया था ,लेकिन वही इस सिविल सर्जन और लिपिक के ऊपर कार्यवाही करके के बजाय पदोन्नत कर दिया गया है ,वर्तमान में जिला अस्पताल से लिपिक सी एम एच ओ कर्यालय में प्रशासनिक स्थांतरण होकर कार्यरत है उन्हें जबकि अन्यंत्र कही भेजने के बजाय उनको अब सी एम एच ओ कार्यलय में जिम्मेदारी देकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है जबकि इस लिपिक के खिलाफ कई शिकायत हुई कुछ में जांच तक हुई किन्तु मामले को दबा दिया गया ,वही डॉक्टर पी सी प्रभाकर को पदोन्नत कर गौरेला पेंड्रा में सी एम एच ओ बनाकर पदोन्नत कर दिया गया है, जबकि इनके ऊपर भी कई मामले और शिकायत इनके खिलाफ है ये लगातार विवादों में बने रहे, फिर भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी इन कर्मचारियों पर मेहरबान नजर आ रहे है जिससे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपने आप को भयभीत महसूस कर रहे है जो भी भ्रष्टाचार के खिलाफ सामने आया उसे प्रताड़ित किया या तो बर्खास्त कर दिया या स्थांतरण या अन्यंत्र सलंग्न कर दिया गया है जिससे पूरा स्वास्थ्य विभाग चरमरा गई है जिससे कही न कही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में हताशा एवं निराशा उत्पन्न हो रही है।

**कर्मचारी स्थांतरण के बावजूद जिले में जमे हुए अधिकारी मेहरबान**

आपको बता दे के पूर्व में जो लिपिक कपिल तिवारी के ऊपर आरोप साबित हो चुका था उन्हें निलबंन भी किया गया था उक्त कर्मचारी को वर्तमान में कलेक्टर द्वारा सी एम एच ओ कार्यालय से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार किया गया है जो आज भी सी एम एच ओ कार्यलय में जमा हुआ है आखिर क्यों इस तरह अधिकारी भ्रष्ट कर्मचारी को सरंक्षण दे रहा है ये बड़ा सवाल है ये कही न कही मनमानी को दशार्ती है।

**कार्याआदेश के नाम पर कर्मचारियों को प्रताड़ना**

स्वास्थ विभाग के अधिकारी के द्वारा कार्यआदेश के केवल मनिसिक आर्थिक प्रताड़ित किया जा रहा है,जांच प्रभावित करने का हवाला देकर जबरदस्ती कर्मचारियों को मूल पदस्थापना स्थान से हटाकर अन्यत्र कार्यआदेश निकाला गया है जिससे कर्मचारी अपने मूल पदस्थापना स्थान से हटकर अन्यत्र कार्य करने मजबूर हो रहे है ,वही अधिकारी द्वारा उक्त जांच कार्य को लंबे समय तक न कर पाना कई सवालिया निशान लगा रहा है इस तरह से कबीरधाम के कर्मचारी भय हताश महसूस कर रहे है।

**स्वास्थ्य अधिकारी स्थांतरण में कर रहे अपनी मनमानी**

स्वास्थ विभाग में लगातार कोरोना काल से लेकर अब तक निष्ठापूर्वक काम करने वाले कुछ कर्मचारियों का प्रशाशनिक स्थांतरण बेवजह शिकायत करके किया गया, एक ओर जो लापरवाह कर्मचारी थे उनका स्थांतरण हुआ उन्हें स्वास्थ विभाग के अधिकारी कई महीनों से रोके रखे हुए है इससे ये साबित होता है कि यहां बाहर से आये अधिकारी स्वास्थ विभाग में जमकर अपनी मनमानी कर रहे है मनमानी इतनी बढ़ गयी है की सरकारी आदेश तक का पालन नही करते है मानो यूँ प्रतीत होता है कि इतनी मनमानी के बावजूद कोई कार्यवाही न होना शासन प्रशासन की सरंक्षण प्रतीत होता है।

**कबीरधाम स्वास्थ विभाग लगातार विवादों में**

एक तरफ प्रदेश के कद्दावर विधायक कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर लगातार जिले में स्वास्थ्य विभाग को बेहतर बनाने में लगे है लगातार डॉक्टरों की नियुक्ति से लेकर और नए मशीनों को जिला अस्पताल में लाया जा रहा है ,वही इसके विपरीत अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे है पिछले कुछ महीनों से लगातार विभाग विवादों में है, कभी सामानों को खुले छत में छोड़ देना, स्वास्थ्य विभाग परिसर में शराब पीकर गाली देना ,अपने निजी काम मे सरकारी वाहनों का उपयोग करना, स्थांतरण होने के बावजूद कर्मचारी को रोके रहना, काम करने वाले कर्मचारी को प्रताड़ित करना इस तरह से अनेकों मामलें और कारनामे जिला अस्पताल में देखने सुनने को मिल रहा है मानो स्वास्थ विभाग खुद बीमार नजर आ रहा है विभाग के अधिकारी की मनमानी के चलते कई कर्मचारी अपना स्वयं के खर्च से तबादला तक कराने को मजबूर हो रहे है आखिर यही स्थिति रही तो जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा सकती है शाशन प्रशासन को इस विभागीय मनमानी को रोकने के ठोस कदम उठाने होंगे जिससे स्वास्थ्य विभाग में हो रहे किरकिरी को और मनमानी को रोका जा सके।

# एटीआर क्षेत्र में वन अधिकार पट्टा से वंचित लोगों को भी मिलेगा वन अधिकार पट्टा

## वन अधिकार पट्टा प्रदान करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

■ गर्भवती माताओं के लिए ग्राम छपरवा में बनेगा 09 लाख रूपए की लागत से प्रतीक्षा कक्ष

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) के तहत गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) के तहत 13 दिसंबर 2005 से पहले अचानकमार टाईगर रिजर्व (एटीआर) क्षेत्र में काबिज लोगों को व्यक्तिगत और सामुदायिक वन अधिकार पत्रक प्रदान किया गया है। इसके बाद भी कुछ लोग वन अधिकार पट्टा से वंचित हैं। वन अधिकार पट्टा से वंचित लोगों को भी नियमानुसार पट्टा प्रदान किया जाएगा। इस हेतु उन्होंने वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रक और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रदान करने हेतु राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से सर्वे करने हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने गलत तरीके से वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने वाले लोगों को भी चिन्हांकित करने और उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि द्वितीय चरण में अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र के ग्राम तिलईडबरा, बिरारपानी एवं छिरहट्टा का विस्थापन किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने वन अधिकार पट्टा से समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और उन्होंने वन अधिकार पट्टाधारक किसानों से ही धान क्रय करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने वन क्षेत्रों में जंगली जानवरों से फसल क्षति के संबंध में जानकारी प्राप्त की और जंगली जानवरों से हुए फसल क्षति का मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र में लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकरियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने गर्भवती माताओं की प्रसव पूर्व जांच एवं भर्ती हेतु आदिवासी विकास विभाग के सहयोग से ग्राम छपरवा में 09 लाख रूपए की लागत से प्रतीक्षा कक्ष बनाने के निर्देश दिए।

# सक्ति कलेक्टर नूपुर राशि ने अनुपस्थित 24 अधिकारी-कर्मचारियों को जारी किया नोटिस

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



शासकीय विभागों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित करने सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिला कार्यालय सक्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में अनेक अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर भी दफ्तर नहीं पहुँचे थे। कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, निरीक्षण में डी.आर.जोल्हे सहा.अधीक्षक, के.आर. आदित्य सहा ग्रेड 02, देवेन्द्र पात्रे सहा. ग्रेड 02, राम रतन सिदार सहा. ग्रेड 02, शिशिर गुप्ता सहा. ग्रेड 02, भागीरथी सिदार सहा. ग्रेड 02, पीयूष पांडेय सहा. प्रोग्रामर, कुलदीप महाराणा सहा. ग्रेड 03, दागेश्वर प्रसाद बरेठ सहा. ग्रेड 03, सत्यनारायण शर्मा सहा. ग्रेड 03, मयंक चौहान सहा. ग्रेड 03, राजेन्द्र कुमार सोनी सहा. ग्रेड 03, महेंद्र कुमार लहरे सहा. ग्रेड 03, संदीप चंद सहा. ग्रेड 03, जय सिंह ठाकुर सहा. ग्रेड 03, शिव सिंह सहा. ग्रेड 03, नागेन्द्र कुमार साहू सहा. ग्रेड 03, सुमन कुमार अजय डाटा एंट्री ऑपरेटर, जगन्नाथ साहू डाटा एंट्री ऑपरेटर,राकेश कुमार पटेल डाटा एंट्री ऑपरेटर, अरविंद कुमार भरद्वाज भृत्य, विजय कुमार राघव भृत्य, हरी पटेल भृत्य अनुपस्थित पाए गए, जिसके तुरंत बाद ही कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया सक्ती के ग्राम रेड़ा के आदर्श गौठान का निरीक्षण कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सक्ती विकासखंड के रेड़ा आदर्श गौठान का निरीक्षण किया। स्व. सहायता समूह की महिलाओं से वर्मी कम्पोस्ट खाद और गोठान में किए जा रहे हैं विभिन्नगतिविधियों की जानकारी ली। स्व. सहायता की महिलाओं ने बताया कि वे गौठान में विभिन्न आजीविका गतिविधियों में शामिल होकर आर्थिक लाभ ले रही हैं। गौठान में उत्पादित सब्जियों को आसपास के प्राथमिक, माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित मध्यान्ह भोजन के लिए सप्लाई, सब्जी मंडी व अन्य हाट बाजारों में बेची जाती है,कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने सरपंच, सचिव एवं महिला स्व सहायता समूह के कार्यों की सराहना कर बधाई दी एवं निरंतर बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया,कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया सरपंच, सचिव एवं महिला स्व. सहायता समूह के कार्यों की सराहना की है,कलेक्टर ने राज्य शासन की मंशा अनुसार गौठान में गोबर खरीदी, गौ मूत्र खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट खाद प्राथमिकता से बनवाने के निर्देश दिए हैं।

# 1 दिसंबर को श्री राम मंदिर शक्ति से निकलेगी श्रीमद् भागवत की भव्य शोभायात्रा

■ दीदी साध्वी ऋतंभरा जी भी रहेंगी शोभायात्रा में मौजूद

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर के प्रतिष्ठित माछ्रौलिया गोयल परिवार बनवारीलाल प्रेमचंद द्वारा 01 दिसंबर से 7 दिसंबर तक शक्ति शहर के कॉलेज ग्राउंड में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है, जिसमें दुनिया की सुप्रसिद्ध कथावाचक परम पूज्य दीदी साध्वी ऋतंभरा कथा रसपान कराएंगी, तथा 1 दिसंबर को सुबह 09 बजे श्री राम मंदिर शक्ति से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचेगी,तथा आयोजक परिवार के सदस्य प्रेमचंद सराफ ने बताया कि इस शोभायात्रा में स्वयं दीदी साध्वी ऋतंभरा मौजूद रहेंगी, तथा शोभायात्रा का शहर के विभिन्न मार्गो में जगह-जगह स्वागत भी किया जाएगा एवं यह शोभायात्रा भव्य रुप से आतिशबाजी, आकर्षक झांकियों, बैंड- बाजे के साथ निकलेगी, आयोजक बनवारीलाल प्रेमचंद परिवार के सदस्यों ने बताया कि 01 दिसंबर से 7 दिसंबर तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा के लिए शहर के कॉलेज ग्राउंड में भव्य डोम का निर्माण किया गया है, तथा हजारों लोगों के बैठने की बेहतर व्यवस्था डोम में की जा रही है, एवं आगंतुक श्रोताओं के लिए भी कथा स्थल पर कथा श्रवण के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इस हेतु समुचित व्यवस्थाएं की जा रही है, ज्ञात हो कि शक्ति शहर के कॉलेज ग्राउंड में दीदी साध्वी ऋतंभरा की श्रीमद्भागवत कथा को लेकर आयोजक परिवार उत्साह के साथ जुटा हुआ है, तथा शहर में भी प्रत्येक परिवारों को इस श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन हेतु घर- घर जाकर आयोजक परिवार द्वारा सादर आमंत्रित किया गया है, तो वहीं पूरे जिले एवं प्रदेश के सभी जिले के लोगों को इस श्रीमद् भागवत कथा का आमंत्रण विभिन्न माध्यमों से प्रेषित किया जा रहा है,तथा शक्ति शहर में 01 दिसंबर से 07 दिसंबर तक गौरव पथ मार्ग पर स्थित कॉलेज ग्राउंड में इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के लिए काफी भीड़ भाड़ भी रहेगी एवं श्रीमद् भागवत कथा को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से तैनात रहेगा।

# सीएम भूपेश एवं विधानसभा अध्यक्ष महंत भारत जोड़ो यात्रा में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत भी शामिल होने पहुंचे, इस दौरान छत्तीसगढ़ के दो दिग्गज नेताओं के इंदौर की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने पर जहां इस यात्रा में कांग्रेस जनों में भी उत्साह देखा गया, तो वही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के आगमन पर उनका स्वागत तथा आभार व्यक्त भी किया,इस दौरान छत्तीसगढ़ के दोनों ही दिग्गज नेताओं ने अपार जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेता राहुल गांधी द्वारा निकाली गई इस भारत जोड़ो यात्रा को सभी प्रदेशों में अपार जनसमर्थन मिल रहा है, तथा आज देश की जनता जहां 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को पूरे देश भर में अपना समर्थन देगी, वही कांग्रेस के कार्यकर्ता भी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से उत्साहित हैं, एवं राहुल गांधी जी ने इस यात्रा के माध्यम से लोगों को एकजुट करने की जो पहल की है, वह प्रशंसनीय है, इस दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी का स्वागत करते हुए उन्हें जननायक बताया तथा उनके नेतृत्व में पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की लहर होने की बात कही,वहीं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत इंदौर की भारत जोड़ो यात्रा में अपार समर्थन जनता के अपार समर्थन को देखकर काफी अभिभूत हुए और उन्होंने कहा कि देश में पहली बार किसी राजनीतिक दल के नेता के कार्यक्रम में इतनी भीड़ पहुंची है, जो कि अपने आप में एक इतिहास रहती है, तथा राहुल गांधी आज युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं तथा युवा उन्हें अपना आदर्श मानते है, ज्ञात हो कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश के दो दिग्गज नेताओं ने अपना प्रतिनिधित्व किया।

# जेएलएन डिग्री कॉलेज सक्ती में एनसीसी दिवस मनाया गया

## एनसीसी कैडेट ने शहर के विभिन्न मार्गो पर निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



स्थानीय जे. एल. एन. डिग्री कॉलेज सक्ती में 74 वॉ एन.सी.सी. दिवस मनाया गया,एन.सी.सी. दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व लेफ्टिनेंट अजीत जॉन कैडेटो के साथ महाविद्यालय से रैली निकालकर कचहरी चौक से होते हुए महाविद्यालय में वापस हुए, इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शालू पहवा ने उद्बोधन में अनुशासन के साथ सद्भावना बनाएं रखने का सारगर्भित संदेश दिया, महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. देवेन्द्र शुक्ल ने एन.सी.सी. दिवस की बधाई दी तथा उन्होंने इस गतिविधि को निरंतर बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सेजेस स्कूल के भूतपूर्व फर्स्ट ऑफिसर जे. आर. साहू का सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया,लेफ्टिनेंट अजीत जॉन ने कहा कि एन.सी.सी. की पहली इकाई दिल्ली में नवंबर माह में गठित की गई वर्तमान में इसमें लगभग 14 लाख एन सी सी कैडेट पंजीकृत है। तथा इन्होंने कहा कि एन.सी.सी. की स्थापना की गई । एस.ओ.यू. रूपेश जे.यू ओ. गौतम एवं रवि तथा एक्स कैडेट भी कार्यक्रम में उपस्थितथे महाविद्यालय के पूर्व छात्र रवि गबेल एवं पूर्व एन सी सी कैडेट पूर्णेश गबेल, गोपाल पटेल, अन्य उपस्थित थे। मंच का सफल संचालन कैडेट दामिनी पटेल द्वारा किया गया।

# स्वामी आत्मानंद के छात्र-छात्राओं को मड़वा थर्मल पावर प्लांट का भ्रमण कराया गया



पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

संस्था की प्राचार्य श्वेता शुक्ला द्वारा विद्यालय के कक्षा 11-12वी के 40 छात्र छात्राओं को मड़वा थर्मल पावर संयत्र का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। बिजली उत्पादन के इस भव्य तकनीक को देखकर छात्रों में बहुत उत्साह दिखा। पहली बार छात्रों ने प्लांट के अंदर जाकर पवार संयंत्र के मशीनों जैसे टरबाइन, बायलर, कूलिंग टावर, फरनेस, कोयला, हीटर,चिमनी जैसे तकनीको को पास से देखा और समझा। वाटर सायकल के प्रोसेस जो बिल्कुल प्राकृतिक तरीके से किया जाता हैं बड़ी बड़ी टावरों के बीच अत्यंत ही आश्चर्यजनक था। प्लांट के ई.डी. एस.के.बंजारे सर ने बच्चों से टेक्निक को लेकर कुछ प्रश्न व उनके अनुभव को जाना साथ ही प्राचार्य के इस तरह के प्रयास को सराहा और कहा की स्कूली बच्चों को इस तरह किताबो से हटकर प्रेक्टिकली ज्ञान देना अत्यंत आवश्यक हैं। प्राचार्य श्वेता शुकला ने एस.के. बंजारे , एस. ई.पैकरा ,ए. ई. चंद्रा को गाइड करने व ट्रेनिंग देने के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

प्राचार्य ने कहा कि मैं और स्वामी आत्मानंद की टीम बच्चो को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए सतत प्रयासरत रहते है। छात्र छात्राओं ने प्राचार्य का आभार किया कि उन्हें उनके प्रयास से यह सुनहरा अवसर मिला। बच्चो के साथ नेहा खातून, राजपूत सर, श्वेता दयलानी,विनीता कवर शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में मितानिनों की अहम भूमिकाः सुरेश जायसवाल

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत बासीन में 29 नवंबर को मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शासन द्वारा संचालित मितानिन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वर्ष 23 नवम्बर को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान किया जाता है।इसी परिपेक्ष में सरपंच ग्राम पंचायत बासीन लीलाधर जायसवाल,सदस्य किशोर न्याय बोर्ड सुरेश कुमार जायसवाल के द्वारा खैरा, बासीन, तुर्रीधाम के मितानिनों को श्रीफल,साल एवम टिपिन भेंट देकर सहसम्मान किया गया, कार्यक्रम का संचालन करते अपने उद्बोधन में सुरेश जायसवाल ने मितानिनों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मितानिन स्वस्थ विभाग की रीड की हड्डी है। स्वस्थ के क्षेत्र में मितानिनों की अहम भूमिका है,वे पारा मोहल्ला में अच्छे से सेवा भाव से कार्य कर रहीं है। सुख दुःख में सभी का सहयोग कर रही है। इसी क्रम में स्वस्थ पंचायत समन्वयक रजनी राठौर ने सभी बधाई देते हुई मितानिनों के कार्यों की प्रशंसा किया वे बतलाई की मितानिन स्वास्थ ही नहीं अपितु विभिन्न मुद्दों पर चाहे वह राष्ट्रीय कार्यक्रम हो, महिला एवम बच्चों के अधिकार की बात हो सभी मुद्दों पर अपने पारा मुहल्ला में कार्य करते आ रहीं है, ग्राम पंचायत बासीन के सरपंच लीलाधर जायसवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और मितानिनों को उनके कार्यों को लेकर बतलाया ही इनके अच्छे कार्यों से हमने अनेक उपलब्धि पाई है।चाहे संस्थागत प्रसव हो टीकाकरण हो, कोरोना के समय हो हम उनका योगदान नही भुला सकते। इस कार्यक्रम में उप सरपंच लक्ष्मीन बाई गोंड, सचिव अरविंद राठौर, गेवेंद्र गवेल, धर्मेंद्र सिंह, हेम कुमार राठौर शिक्षक, मनीराम राठौर, आगनवाड़ी कार्यकर्ता,मितानिन प्रशिक्षक कुमारी कंवर अपने मितानिनो बुदेश्वरी जायसवाल, नीलम जायसवाल, अन्नपूर्णा गवेल, कुसुम जूदेव,मालती यादव, सफेद बाई, ग्रहण बाई एवम कमला वैष्णव व शाला के छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

# छः दशक पुरानी बिल्डिंग तोड़ी गई, कलेक्टर के आदेश पर डिस्मेंटल की प्रक्रिया शुरू हुई

## स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक स्कूल के बच्चे कर रहे थे पढ़ाई

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ति
www.dailypioneer.com



कसेर पारा स्कूल के जर्जर भवन को आखिरकार ढहा दिया गया, लगभग पचास साल से अधिक पुराना जर्जर भवन को कंडम घोषित होने के बाद भी धराशायी करने में काफी वक्त लग गया। लेकिन कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश के बाद बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर पुराने भवन का हटा दिया गया है। आगामी कुछ दिनों में मलबा भी हटा दिया जाएगा,विदित हो कि कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने यहां आयोजित कार्यक्रम में एक माह पूर्व इसे हटाने के आदेश दिया थे तब कहीं जाकर इसे हटाने में सफलता मिली है। लगातार बच्चों के सिर पर खतरा मण्डराता रहता था। इसी साल से यहां स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कसेरपारा के नाम से प्रारंभ किया गया है,बरसों से हो रही थी जर्जर भवन को तोड़ने की मांग,इससे पहले भी कई बार यहां के प्राचार्यों के द्वारा छात्र हित को देखते हुए कंडम बिल्डिंग को हटाने की मांग कई बार की गई थी। जिला बनने के बाद अब यह 28 नवंबर को हटाने की कार्यवाही की गई है। विद्यालय प्रबंधन ने भी अब राहत की सांस ली है। लगातार बना हुआ खतरा अब दूर हो गया है। दूसरे दिन एसडीएम रैना जमिल ने भी निरीक्षण किया और मलबे को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं।

## बिलासपुर शहर के फीडबैक के लिए यूएलबी कोड 801975 है

# इज़ आफ लिविंग सर्वे में स्थान पाने शहरवासियों की सहभागिता जरूरी

■ सर्वे में नागरिकों का फीडबैक महत्वपूर्ण

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहरों में नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं के आकलन एवं भविष्य के लिए कार्य योजना तैयार करने के उद्देश्य से केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश भर में इज़ आफलिविंग इंडेक्स सर्वे कराया जा रहा है.जो 23 दिसंबर तक चलेगा,इस सर्वे में नागरिक अपना फीडबैक भी दे सकते हैं। इस बात की जानकारी स्थानीय प्रेस-क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बिलासपुर स्मार्ट सिटी के एमडी कुणाल दुदावत ने दी। दुदावत ने बताया कि इस सर्वे में देशभर के 264 शहर शामिल होंगे। इस बार सर्वेक्षण के तहत हर इज आफ लिविंग इंडेक्स के निर्धारण के लिए अपने शहर में उपलब्ध सुविधाओं व सेवाओं के संबंध में नागरिक अपना फीडबैक देंगे। इस सर्वे के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए एमडी कुणाल दुदावत ने बताया की इज आफ लिविंग सर्वे का उद्देश्य शहरों में आमजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे जानकारी लेना तथा इस सर्वे के बाद जारी परिणाम और उससे प्राप्त डाटा के विश्लेषण के आधार पर भविष्य के लिए कार्य योजना तैयार करना है। ताकि आमजन का जीवन स्तर उठा सकें और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा सके। गुणवत्तापूर्ण जीवन, आर्थिक क्षमता और शहर की व्यवस्थाओं की स्थिरता. इन बिंदुओं पर जीवन उपयोगी बुनियादी सुविधाओं के स्तर का निर्धारण कर रैंकिंग की घोषणा भारत सरकार करेगी। जिसमें गुणवत्तापूर्ण जीवन, आर्थिक क्षमता, व्यवस्थाओं की स्थिरता तथा नागरिकों के फीडबैक पर नंबर निर्धारित है। सर्वेक्षण में इन बिंदुओं के अंतर्गत गवर्नेंस, शिक्षा, स्वास्थ्य,स्वच्छता, सुरक्षा, आर्थिक स्थिति व रोजगार, आवासों की उपलब्धता, अबाधित विद्युत आपूर्ति, शहरी परिवहन, प्रदूषण में कमी, सड़क, हरियाली, जैसे तत्व शामिल है। ज्ञात है की इज अफलिविंग इंडेक्स के गत वर्ष के सर्वेक्षण में बिलासपुर शहर को देश में 7 वां स्थान प्राप्त हुआ था।

**23 दिसंबर तक दें सकेंगे अपना फीडबैक**-शहर के नागरिक इसके लिए अपना फीडबैक 23 दिसंबर तक दें सकेंगे, फीडबैक देने के लिए शहर में बैनर,पोस्टर लगाए जाएंगे जिसमें अंकित लिंक और क्यू आर कोड से स्कैन करके दिए गए सवालों का जवाब देना है और दूसरा तरीका यह है की केंद्र शासन द्वारा जारी लिंक में जाकर अपना फीडबैक दे सकते हैं। बिलासपुर शहर के लिए फीडबैक देने के लिए यूएलबी कोड 801975 है जिसे डालने के बाद सर्वे में पूछे गए सवालों का जवाब देना होगा,जवाब देने के बाद फीडबैक सबमिट कर देने से प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

**नागरिकों के सहभागिता की ज़रूरी-कमिश्नर** -शहर के नागरिकों से इज़ आफलिविंग इंडेक्स सर्वे में फीडबैक देने की अपील करते हुए कमिश्नर एवं एमडी दुदावत ने कहा की यह सर्वे नागरिकों के सहभागिता के बगैर संभव नहीं है.इसलिए बिलासपुर के नागरिक इस सर्वे में अपनी अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता अर्पित करते हुए हमर बिलासपुर को नंबर वन बनाएं।

**न्यायालय विशेष विवाह अधिकारी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक सचिन कुमार पोर्टे पिता श्री नारायण सिंह पोर्टे, जाति गोंड़, आयु 23 वर्ष, निवासी कुंजकन्हार वार्ड नं. 04, पो. भर्रीटोला, तह. डौण्डी, जिला-बालोद एवं आवेदिका नंद कुमारी पिता श्री धन्नुराम, जाति हल्बा, आयु 28 वर्ष, निवासी पता-मरकाटोला, पो. गुदुम, तह. डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 01/12/2022 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि - 01/12/2022

मुहर

**विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला बालोद (छ.ग.)**

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चि./स्वशासी/21895 रायपुर, दिनांक 29/11/2022

**// तृतीय निविदा सूचना //**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के रोगियों, परिजनों चिकित्सकों, कर्मचारियों के उपयोग हेतु कॉफी कार्नर के अनुभवी संचालकों से 01 वर्ष की अवधि के संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है।

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर 1000.00 रूपये नगद जमा कर कार्यालयीन दिवस में शाम 5.30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र शर्ते एवं नियम प्रपत्र कार्यालयीन समय सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। जो किसी भी दशा में वापसी योग्य नहीं होगा।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 06/12/2022 शाम 5.30 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 07/12/2022 शाम 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 08/12/2022 1 बजे

सीलबंद निविदाएं, अधीक्षक, डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर छ.ग. के नाम से रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.)/स्पीड पोस्ट/कोरियर से कार्यालय में अंतिम तिथि तक पहुंच जाने चाहिए, समय पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा, वह स्वयमेव निरस्त मानी जावेगी। लिफाफे के ऊपर विषय अनिवार्य रूप से लिखा होना चाहिए।

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय**
**रायपुर (छ.ग.)**

G-96293/3

### 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल होने के बाद ही आरक्षित वर्गों को लाभ मिलेगा

# विधानसभा के विशेष सत्र में मछुआ समाज जाति के लिए 12 प्रतिशत आरक्षण के विधेयक पारित कराने डॉ.शांति कुमार ने भेजा मुख्यमंत्री को पत्र

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com

राज्य मत्स्य विकास सलाहकार मंडल छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य डॉ.शांति कुमार कैवर्त्य ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर भूपेश कैबिनेट द्वारा मंजूरी एसटी 33 प्रतिशत ,एससी 13 प्रतिशत, ओबीसी 27 प्रतिशत एवं ईडब्ल्यूएस 4 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही मछुआ समाज के जातियों को 12प्रतिशत आरक्षण देने के लिए आगामी 01 एवं 02 दिसंबर 2022 के विधानसभा विशेष सत्र में विधेयक पारित हेतु मांग की है। डॉ.कैवर्त्य ने 01 नवंबर 2022 को राज्योत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रदेश में आरक्षण व्यवस्था के तहत आरक्षित वर्गों के लिए संवैधानिक प्रावधानों व उच्चतम न्यायालय द्वारा तय आरक्षण सीमा लगभग 50 प्रतिशत के तहत ही आरक्षण कोटा निर्धारित कर मछुआ समाज के जातियों के लिए भी 12 प्रतिशत आरक्षण के विधेयक /अध्यादेश हेतु ज्ञापन सौंपा था।



इसकी प्रति इसी दिवस महामहिम राज्यपाल को भी सौंपी गई थी। ज्ञात हो कि 24 नवंबर 2022 को भूपेश कैबिनेट ने एसटी को 32 प्रतिशत , एससी को 13 प्रतिशत, ओबीसी को 27प्रतिशत एवं ईडब्ल्यूएस 4 प्रतिशत आरक्षण कोटा निर्धारित कर आगामी 01 एवं 02 दिसंबर 2022 को विधानसभा के विशेष सत्र में पारित कराने के लिए मंजूरी दी है। जिसमें मछुआ समाज जातियों के लिए आरक्षण कोटा निर्धारित नहीं किया गया है। राज्य मत्स्य विकास सलाहकार मंडल के पूर्व सदस्य डॉ. कैवर्त्य ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पूर्व में इस हेतु अनेक बार निवेदन आग्रह किया है।साथ ही मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस के शीर्ष वरिष्ठ नेताओं के द्वारा भी समय-समय पर मछुआ समाज को आरक्षण देने की घोषणाएं की जाती रही है। लेकिन अब तक मछुआ समाज को यह आरक्षण नहीं मिल पाया है। विधानसभा चुनाव 2018 के पूर्व दुर्ग के अंजोरा में मछुआ जन जागरण सम्मेलन के दौरान भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने पर एससी/ एसटी आरक्षण की भांति मछुआ समाज को आरक्षण देने की घोषणा कर रखी है। जिसकी सहमति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी दी है साथ ही ने राहुल गांधी ने सन 2019 में केरल के त्रिसूर में मछुआ समुदाय को 33प्रतिशत आरक्षण की घोषणा भी कर रखी है। इसे दृष्टिगत रखते हुए राज्य मत्स्य विकास सलाहकार मंडल के पूर्व सदस्य डॉ. कैवर्त्य ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मछुआ समाज जातियों पर सहानुभूति रखते हुए विधानसभा के इस विशेष सत्र में मछुआ समाज के जातियों के लिए 12प्रतिशत आरक्षण विधेयक भी पारित कराने का आग्रह किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित अपने ज्ञापन में विशेष रुप से भूपेश कैबिनेट में जो आरक्षण प्रतिशत/ कोटा निर्धारित किए हैं।उसे भारतीय संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कराने पर ही इसे न्यायालय में कोई भी चुनौती नहीं देने और छत्तीसगढ़ में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण कोटा/प्रतिशत लागू हो पाने की बात कही है। इसके साथ ही डॉ. कैवर्त्य ने यह भी कहा कि संविधान की नवीं अनुसूची में 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण शामिल होने से पहले तक छत्तीसगढ़ के आरक्षित वर्गों को इसका लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा और इसी कारण अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ पीएससी ने अपने विज्ञापन में आरक्षित वर्गों के लिए आरक्षण रोस्टर का उल्लेख नहीं किया है।

## कलेक्टर मित्तल ने देशदेखा पर्यटन स्थल का किया निरीक्षण पानी, बिजली, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने जशपुर विकासखंड के पर्यटन स्थल देशदेखा का निरीक्षण किया और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जशपुर में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं इसके लिए पर्यटन स्थल को विकसित करना बहुत जरूरी है। ताकि जशपुर के आस पास के लोगों और अन्य जगहों से आने वाले लोग उसका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, सौरभ सिंह और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने देश देखा में पर्यटकों के पानी, बिजली, सौलर पंप, सीसी रोड़ सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने देश देखा में समूह के लिए एक शेड तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## बीपीएल से घरेलू श्रेणी में परिवर्तित 3.42 लाख उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सुरक्षा निधि के भुगतान में राहत

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को बीपीएल से घरेलू श्रेणी में परिवर्तित हुए उपभोक्ताओं से अतिरिक्त सुरक्षा निधि को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों पर समुचित विचार कर प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिये हैं कि ऐसे सभी उपभोक्ता जो पहले बीपीएल श्रेणी में आते थे और जिनकी खपत बढ़ने से वे अब सामान्य घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता में परिवर्तित हो गए हैं, उनके बिल में जोड़ी गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि को अभी वसूल नहीं किया जाएगा।

इस श्रेणी के उपभोक्ताओं के संबंध में स्पष्टता न होने के कारण माननीय छत्तीसगढ़ राज्य नियामक आयोग से दिशा-निर्देश प्राप्त किये जाएंगे। इस फैसले से बड़े वर्ग को राहत मिलेगी, जिनके बिल में अतिरिक्त सुरक्षा निधि जोड़ी गई थी। ऐसे जिन उपभोक्ताओं ने अतिरिक्त सुरक्षा निधि सहित अक्तूबर माह में बिल जमा कर दिया है, उनके आगामी बिल में समायोजन कर दिया जाए। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने बताया कि बीपीएल से एपीएल उपभोक्ताओं की श्रेणी में पहुंच चुके ऐसे लगभग तीन लाख 42 हजार उपभोक्ताओं को इससे राहत मिलेगी। कंपनी प्रबंधन उनके अतिरिक्त सुरक्षा निधि के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग से निर्देश प्राप्त करेगा, जिसके बाद उनके अतिरिक्त सुरक्षा निधि की वसूली पर निर्णय लिया जाएगा।

# कब्जा करने वालों पर उचित करवाई करने शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

### रेलवे स्टेशन वार्ड का मामला

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



रेलवे स्टेशन वार्ड में अवैध कब्जा करने वाले पर कार्रवाई करने शिव सैनिकों ने प्रार्थी के साथ अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है प्रार्थी संतोष सेन्डे ने बताया कि रोशनी निषाद उम्र 30 साल पति राज निषाद निवासी स्टेशन वार्ड भाटापारा में मेरे जमीन पर भूतपूर्व पार्षद द्वारा दादागिरी करके आंगनबाड़ी बनाने के नाम से अपना स्वयं का निवास बना कर रहना चालू कर चुका है तथा मेरी दूसरी मकान जिसमें मेरा हक तथा कब्जा होते हुए भी उस जमीन को राज निषाद को बेचकर सरकारी रोड और पोल को मकान के एरिया के अंदर कब्जा किया हुआ है जिससे आने जाने में भी समस्या होती है। कब्जा हटाने को 30कहा तो मुझ पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कर मुझे व मेरे पिताजी (राधेश्याम सेन्डे) को अंदर करवा दिया करता था जिससे भयभीत होकर आज शिवसेना से मदद करने की मांग किया।

अनुविभागीय अधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंप कर समस्या निवारण हेतु मांग किया है जा रहा है इस इस दौरान मुख्य रुप से जिला उपाध्यक्ष गोवर्धन यदु विधानसभा अध्यक्ष सुराज कारिया विधानसभा उपाध्यक्ष अनिल मशीह संतोष संडे अजय चौहान बख्तावर सोनवानी लाली शुक्ला आदि शिव सैनिक मौजूद रहे थे।

## जिंदल स्टील में सर्वश्रेष्ठ बागवानी प्रतिस्पर्धा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिंदल स्टील एंड पॉवर तथा प्रकृति की ओर सोसाइटी द्वारा निशुल्क बागवानी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत हर आकार के घर एवं छत पर की गई बागवानी शामिल की गई है। वहीं इस बार स्कूल एवं बिल्डर कैटेगरी भी अलग से सम्मिलित की गई है। लेकिन स्कूल एवं बिल्डर कैटेगरी के लिए पंजीयन शुल्क1000 अलग से देना होगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, घोषित विजेताओं को पुरस्कार वितरण जनवरी में आयोजित फल-फूल, सब्जी प्रदर्शनी के कार्यक्रम के दौरान प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक प्रकृति प्रेमी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए निम्नांकित व्यक्तियों से संपर्क कर सकते हैं। मोहन वल्यानी 9827140470, दलजीत बग्गा 9826184434,पी के साहू 8236827009 जितेंद्र त्रिवेदी 9425211950। प्रतिभागी व्हाट्स एप्प के माध्यम से अपना पुरा नाम, पता एवं बागवानी के चार फोटोग्राफ एवं 1 मिनट का वीडियो 10 दिसंबर तक भेज सकते हैं।

## छोटे और मध्यम कारोबार भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं: विकास बंसल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

AbHarDinHuaAasan अभियान का दूसरा चरण डिजिटलीकरण के माध्यम से कारोबारियों केसशक्तिकरण पर केंद्रित है। अमेजन पे देश में एसएमबी को डिजिटल अर्थव्यवस्था जोड़ने में कैसे मदद कर रहा है? - छोटे और मध्यम कारोबार भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

अमेजन पे पर हम लगातार कम्युनिटी को डिजिटाइज करने के लिए काम कर रहे हैं, इसके तहत हम उन्हें टेक्नोलॉजी के माध्यम से अपने व्यवसाय को बढ़ाने के अवसर प्रदान कर रहे हैं और पार्टनर्स के माध्यम से वर्किंग कैपिटल लोन प्रदान कर रहे हैं। हमारे डिजिटल अभियान AbHarDinHuaAasan के दूसरे चरण का उद्देश्य देश भर में लाखों व्यापारियों के डिजिटल पेमेंट को आसान बनाने के तरीके का जश्न मनाना है। कैंपेन फिल्म दिन-प्रतिदिन के उदाहरणों को प्रदर्शित करती है, जहां व्यापारी अमेजन पे की सुविधा का अनुभव करते हैं और पेमेंट टूल्स का उपयोग करने को लेकर उत्सुक हैं ताकि ग्राहक किसी को भी, कहीं भी, सहजता से पेमेंट कर तुरंत रिवार्ड प्राप्त कर सकें। अमेजन पे फॉर बिजनेस ऐप के लॉन्च होने के बाद से अब तक 50 लाख कारोबारियों ने इसके लिए साइन अप किया है, यह सब हमें लगातार कुछ नया करने के लिए प्रेरित करता है। पहले व्यापारी बड़े पैमाने पर बिजनेस ऑपरेशन के लिए नकद में लेन-देन करते थे। अब वे अमेजन पे के इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड का उपयोग करके आसानी से ग्राहकों से पेमेंट स्वीकार कर सकते हैं। इसके अलावा, एक डिजिटल युग को सुविधाजनक बनाने के लिए हम अमेजन पे फॉर बिजनेस ऐप, वॉयस नोटिफिकेशन फीचर, खाता समाधान और वर्किंग कैपिटल लोन की आसान उपलब्धता जैसे कई तरह से प्रयास कर रहे हैं। हमने व्यापारियों को कोलेटरल फ्री लोन प्रदान करने के लिए विभिन्न उधारदाताओं के साथ भागीदारी की है। हमारे पास फुट-ऑन-स्ट्रीट एजेंट भी हैं जो व्यापारियों को डिजिटल पेमेंट के बारे में शिक्षित, सूचित और सक्रिय करते हैं। एक और पहल जिसके बारे में हम बेहद संजीदा हैं।

## स्वास्थ्य विभाग ने एड्स के बचाव क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थाओं को किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रत्येक वर्ष 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस वर्ष एड्स दिवस का थीम समानता है। इसी उपलक्ष्य में स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव जी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य में एचआईवी/एड्स के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्ति गत तथा संस्था का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल क्रियान्वन हेतु सचिव स्वास्थ्य आर प्रसन्ना द्वारा दिशा-निर्देश प्रदाय कर समस्त सहयोगी संस्थाओ/ व्यक्ति यो को सम्मानित किए जाने के दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त सम्मान समारोह में राज्य में एचआईवी/एड्स के उपचार, जॉच, उच्च जोखिम समूह के साथ कार्य करने वाले, रक्त दान के क्षेत्र में सक्रिय सहभागिता वाले लगभग 50 व्यक्ति यों तथा संस्थाओं का सम्मान किया गया जिनमें जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी से डॉ. रमन कटरिया, द्वितिय सी.आर.पी.एफ बटालियन सुकमा से डॉ आर अनिल कुमार, खाद्य विभाग से तरुण राटौर, बाल्को वेदांता से मयंक सिह, गुंडाधुर महाविद्यालय कोंडागॉव से शशि भूषण कन्नौजे, परिवहन विभाग से यषवंत यादव, टर्म सेल से नितेष श्रीवास्तव, दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर से सुनिता चंसोरिया, टीआई परियोजना से सुनील पांडे, मनीषा खांडे सहित विभिन्न व्यक्ति यो/ संस्थाओं का सम्मान किया गया। संचालक स्वास्थ्य सह परियोजना संचालक भीम सिंह ने बताया की एचआईवी/एड्स के साथ जी रहे व्यक्ति यो के साथ समानता का व्यवहार किया जाना आवश्यक है। एचआईवी सं मितो को उनके अधिकारो हेतु एचआईवी/एड्स एक्ट 2017 के पालन करने हेतु सक्रिय भागीदारी निभाने पर बल दिया गया। मिशन संचालक भोस्कर विलास संदीपान ने समस्त गर्भवति महिलाओं की एचआईवी/ जॉच किए जाने की अपील की गई। अंत में अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ खेमराज सोनवानी ने उपस्थित अतिथिगण तथा सम्मानित व्यकित्यो एवं संस्थाओं का अभिवादन किया।

# मितानिन दिवस पर मितानिन बहनों का सम्मान किए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◂ लवन
www.dailypioneer.com





नगर भवन पलारी में मितानिन दिवस के अवसर पर मितानिन बहनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मितानिन बहनों का योगदान सराहनीय रहा है। गर्भवती माताओं का डिलीवरी करवाने, नवजात शिशु का टीकाकरण सहित अनेक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के प्रति मितानिन बहनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम को कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश चंद्राकर, नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संतोषी मानिकपुरी ने भी संबोधित किया। उन्होंने सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किये।

कार्यक्रम के मध्य में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल जी के कहने पर नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा ने नगर पंचायत पलारी में मितानिन भवन बनवाने हेतु 25 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने एवं भवन निर्माण के लिए 20 लाख देने की घोषणा की, जिसका सभी मितानिनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किए। आज के इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा, नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, दुर्गा महेश्वर, ओम प्रकाश चंद्रवंशी शंभू सिंह डायरिया मंडल अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संतोषी मानिकपुरी नुलेश्वरी बंजारे मंजू वर्मा,तुकेश्वरी वर्मा माया वर्मा, लक्ष्मी साहू चंद्रावली बंजारे लक्ष्मी टंडन किरण वर्मा दमयंती साहू फाल्गुनी मिश्रा सुशीला साहू राजेन बांधे,रेशमी साहू, शशि वर्मा,सावित्री डहरिया, ईष्वरी साहू,नेमेश्वरी साहू,रोहणी वर्मा,मीना चौहान, ललिता साहू,सरोज वर्मा,सावित्री साहू तुलसी पुरैना सहित भारी संख्या में मितानिन बहने उपस्थित थे।

# मन कुरैशी व मुस्कान साहू अभिनीत फ़िल्म 'साथी रे' आज से प्रदर्शित होगी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



बीआरवी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म साथी रे के युवा निर्देशक अनुपम भार्गव ने बताया की साथी रे उन्होंने बहुत ही दिल से अलग हटकर बनाई है इसकी कहानी एकदम अलग है लेकिन फिल्म मसाला एंटरटेनर है जिसमें दर्शकों को हर वह चीज देखने मिलेगी जो एक भरपूर मसाला फिल्में मिलती है अनुपम बताते हैं कि वह हमेशा अलग तरह के सब्जेक्ट पर फिल्म बनाना चाहते हैं इससे पहले भी उन्होंने तीन ठन भोकवा टिकट टू छालीवुड द सेनीटाइजर जैसी अलग सब्जेक्ट की फिल्में बनाई है साथी रे की कहानी जब उन्होंने मन कुरैशी और मुस्कान साहू को सुनाएं तो वह इस फिल्म को करने के लिए सहर्ष तैयार हुए क्योंकि उन्हें भी इस कहानी में कुछ अलग दिखाई दिया अनुपम बताते है ,फिल्म में सुनील सोनी का संगीत है जो कि काफी कर्णप्रिय और सुमधुर बन पड़ा है फिल्म में मन कुरैशी और मुस्कान साहू की सदाबहार जोड़ी एक बहुत ही अलग अंदाज में देखने को मिलेगी अनुपम कहते हैं कि यह आज की जनरेशन की फिल्म है जैसी फिल्में दर्शकों को देखने में मजा आता है जिसमें हाई लेवल का एक्शन हो सस्पेंस ओ रोमांस हो सिचुएशन के हिसाब से गाने हो सब कुछ इस फिल्म में देखने को मिलेगा इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुपर विलन अजय पटेल पुष्पेंद्र सिंह भी बहुत ही अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं साथ ही फिल्में राजेश पंड्या शैलेंद्र भट्ट नीतिका भार्गव उषा विश्वकर्मा तरुण बघेल लतीश भांगे अरुण भांगे सुमित दुआ विजय भौमिक जैसे मंजे हुए कलाकार नजर आने वाले हैं फिल्म दर्शकों को एक अलग ही एक्सपीरियंस देगी साथ ही छत्तीसगढ़ से जुड़ा हुआ एक गंभीर मुद्दा इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह से छत्तीसगढ़ के छोटे-छोटे गांव में बहुत से परिवार कमाने खाने के लिए साजिशों का शिकार बन जाते हैं फिल्म 1 दिसंबर से प्रभात सिनेमा सहित छत्तीसगढ़ के अधिकांश सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित हो रही है।

## हमारी मितानिन बहने एंव स्वास्थ्य टीम हमारे स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी: विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कांग्रेस भवन बेमेतरा में आयोजित स्वस्थ पंचायत सम्मेलन एवं जन संवाद कार्यक्रम में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा थे, छाबड़ा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का किया शुभारभ इस अवसर मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि शासन द्वारा महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित किया जा रहा है उन योजनाओ को आम लोगो तक पहुंचाने का कार्य हमारे मितानिन बहनो द्वारा बखूबी किया जा रहा है, हमारे मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता बहने कोरोना काल में अपना जो योगदान दिया है वह अपने आप में एक मिशाल है जिसका जितनी तारीफ किया जाये कम है,आप सभी के परिश्रम से स्वास्थ्य की प्राथमिक सुविधाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को प्राप्त हो रहा है, मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता ग्रामीण भारत की स्वास्थ्य जीवन रेखा है इनकी निस्वार्थ सेवा प्रेरणादायी है ये गांव की प्रथम चिकित्सक के रूप में जानी जाती है,मितानिन बहनो का कार्य समाज सेवा का सर्वश्रेष्ठ कार्य है,जो दिन-रात सतत सेवा की पहचान बन चुका है.अपने स्वयं की पारिवारिक जिम्मेदारी निर्वहन के बावजूद मानव सेवा का यह भाव निश्चित ही सराहनीय है.मितानीन बहने 24 घंटे निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करती आ रही है, गावो से लेकर शहरो वार्ड के मोहल्ला में बैठक कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना सहित अन्य कार्यो को भी निस्वार्थ भाव से करती है,स्वास्थ्य सेवा हो या फिर शासन के जन कल्याणकारी योजना हर क्षेत्र में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहती है,स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन मे जो भी आवेदन व मांग पत्र प्राप्त हुआ है सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा,इस अवसर पर रवि रजक, नाथूराम सेन, संध्या राजपुत सरपंच, चंद्रकिशोर वासनिक, सरोज बाला वर्मा, लोकेंद्र साहू,कुमारी जांगड़े,उषा साहू,रजनी निर्मलकर, सहोद्रा बाई, बलदाऊ सहित बडी संख्या मे मितानिन बहने उपस्थित रहे।

### प्रत्येक गांव में बनाया जाएगा भवन

# दीपक टिकरिहा ने कृषि उपज मंडी के सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया

पायनियर संवाददाता ◂ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कृषि उपज मण्डी समितीयों में राज्य सरकार के व्दारा विगत पांच माह पूर्व भारसाधक समिति पदाधिकारी का गठन किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में भाटापारा मंडी में भी अध्यक्ष सुशील शर्मा सहित उपाध्यक्ष ,सदस्य व व्यापारी सदस्य गठित की गई थी। जिसमें कृषक सदस्य तुलाराम यादव, निपनिया का आकास्मिक निधन हो जाने के कारण ,उनका स्थान रिक्त् होने पर , पुनः एक नये सदस्य की नियुक्ति की गई जिसमें सरल मृदुभाषी कृषक दीपक टिकरिहा को कृषि उपज मण्डी समिति में कृषक सदस्य के रूप में प्रबंध संचालक छग राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड रायपुर के आदेश पत्र क्रमाक 6391-6392 रायपुर दिनांक 24 नवम्बर 2022 को नियुक्ति आदेश जारी किया गया ,जिसके परिपालन में आज एक साद समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ ,मण्डी अध्यक्ष सुशीलशर्मा के व्दरा कराया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी जनो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मण्डी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा का प्रदेश की मुखिया भूपेश बघेल, कृषिमंत्री रविन्द्र चौबे व खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवागंन के आशीर्वाद से हमें पांच माह पूर्व प्रदेश की सबसे बडी मंडी में भारसाधक पदाधिकारी का नियुक्त किया उनके विश्वास व आशीवाद से आज भाटापारा मंडी चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है तथा हमारे समिति के व्दारा इस पांच में मंडी के विकास के लिये सतत कार्य करते हुये मण्डी प्रागण के चारो ओर सीसी रोड निर्माण कार्य ,मण्डी प्रांगण के अंदर आर सी सी नाली निर्माण का कार्य ,मण्डी प्रांगण व कार्यालय भवन की मरम्मत व रंगाई पोताई का कार्य तथा मंडी क्षेत्रांतर्गत भाटापारा एवं सिमगा विकास खंड के ग्राम सकरीपार रेंगाबोड, डोंगरिया , झिरिया , मराकीना, गणेशपुर, मुसुवाडीह, रोहरा ,भोथीडीह, चमारगुडा एवं चिचपोल में किसान भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है किसान भवन निर्माण कार्य में प्रत्येक ग्रामो में 9.16 लाख की लागत से किसान भवन बनाया जावेगा ,यही नही आगे किसान कुटीर का भी निर्माण भाटापारा एवं सिमगा विकास खंड के गांवों मे किया जावेगा यही नही मंडी क्षेत्रांतर्गत धान उपार्जन केन्द्र में शेड निर्माण व नया बोर खनन का कार्य कराया जावेगा। शर्मा ने कहा कि प्रदेश की मुखिया किसान हितैषी है तथा किसानो के हित में हमारी मंडी समिति सदैव तत्पर होकर आगे कार्य करती रहेगी। इस सभा को निगम मंडल के सदस्य सतीश अग्रवाल, सुरेश वर्मा, व्यापारी सदस्य नरेन्द्र भूषाणिया , मण्डी उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू आदि ने भी उपस्थिति लोगों को संबोधित किया। आभार प्रदर्शन मण्डी सचिव शत्रुहन लाल वर्मा के व्दारा किया। सभा का संचालन राईस मिल के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र भृगु के व्दारा किया गया। इस अवसर पर मडी अध्यक्ष सुशीलशर्मा ,निगम मंडल के सदस्य सतीश अग्रवाल, सुरेशवर्मा ,नवनियुक्त सदस्य दीपक टिकरिहा , मंडी उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, व्यापारी सदस्य नरेन्द्र भूषाणिया , सदस्य अमरनाथ जगत ,अश्वनीबारले, इन्द्रसाव, डॉ बसंत भृगु, रेवाचंद पारप्याणी ,हेमंत उपाध्याय, प्रमेन्द्र शर्मा अरूण यदु, विनोद अग्रवाल ,दीपक शुक्ला,अज़ीज़ चनेजा, अजय ठाकुर, ओमप्रकाश वर्मा, दीपक निर्मालकर, प्रमेन्द्र तिवारी अशोक ध्रुव, राजातिवारी ,टीएन टिकरिहा , सुधेराम वर्मा बडी संख्या में कांग्रेसीजन उपस्थित थे।

**Name Change**

It hereby certified for the information of all Authorised concerned and the public that. I KAVITA SINGH W/O INDER KUMAR SINGH, a resident of H.No. 69, JEEVAN AWAS, REWADIH ward no. 22, Rajnandgaon (C.G.) 491441 my previous name was KAVITA. I have change my new name KAVITA SINGH in the place of my previous name. I have executed this declaration to be sumitted to the concerned Authorities for the change of name.

Hereafter I will be know be the name KAVITA SINGH W/O INDER KUMAR SINGH in future for all purposes.

DEPONENT

**Name Change**

It hereby certified for the information of all Authorised concerned and the public that. I INDER KUMAR SINGH S/o Shri Bharat Lal Korram, a resident of H.No. 69, JEEVAN AWAS, REWADIH ward No. 22, Rajnandgaon (C.G.) 491441 my previous name was INDAR KUMAR. I have change my new name INDER KUMAR SINGH in the place of my previous name. I have executed this declaration to be sumitted to the concerned Authorities for the change of name.

Hereafter I will be know be the name INDER KUMAR SINGH S/o BHARAT LAL KORRAM in future for all purposes.

DEPONENT

# अधिग्रहित भूमि के प्रभावित किसानों को मुआवजे देने में भेदभाव का सांसद ने लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भारतमाला परियोजना के तहत जिले के ग्राम अंजोरा और देवादा के किसानों को अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा के लिए केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से निरंतर पत्राचार और मुलाकात के उपरांत सांसद संतोष पांडे ने जानकारी प्राप्त कर छत्तीसगढ़ सरकार पर उक्त ग्राम के किसानों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है।

सांसद पांडे ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात और पत्राचार उपरांत बताया कि उक्त ग्रामों के किसान गत डेढ़ वर्ष से अधिक समय से उचित मुआवजा की मांग हेतु उनके संपर्क में हैं। उन भोले-भाले कृषकों को स्थानीय स्तर पर बरगलाया गया कि भूमि अधिग्रहण में केन्द्र की भूमिका रहती है तथा भू-अर्जन की गणना सडक़ परिवहन मंत्रालय करता है, जो सरासर झूठ है।

मंत्री गडकरी ने बताया है कि भू-अर्जन व मुआवजे के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को गणना के लिए स्वतंत्र कर दिया था तथा जितनी गणना उनके द्वारा की जाएगी, उतनी राशि देने प्रतिबद्ध है। निरंतर पत्राचार उपरान्त मंत्री को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि छग राजस्व विभाग द्वारा राजनांदगांव के कृषकों को मात्र दोगुना मुआवजा दिया जा रहा है।


वहीं अंजोरा से लगे दुर्ग जिले के ग्रामों को चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है। यहां तक कृषकों के खेतों में उपलब्ध संसाधन यथा फलदार वृक्ष, कुंआ, बोर पंप, दो फसली भूमि आदि की गणना में भी भेदभाव कर समस्त भूमि के अर्जन की गणना एक ही इकाई में मापा गया है। किसी प्रकार की संवेदनशीलता का परिचय गणनाकर्ता अधिकारी द्वारा नहीं दिया गया।

केन्द्रीय मंत्री के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण उतनी राशि सरकार को देने सदैव तत्पर रहती है। जिसकी गणना प्रदेश सरकार के संबंधित राजस्व अधिकारियों द्वारा सक्षम अधिकारी होने के नाते उनके आधीन राजस्व अमलों के दस्तावेजों के अनुसार ही की जाती है।

सांसद पांडे ने छत्तीसगढ़ शासन पर यह आरोप भी लगाया कि राजनांदगांव जिले के बाद जब दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र के किसानों के भूमि अर्जन की शुरूआत हुई तो उन्होंने 2 मई 2019 को जारी छत्तीसगढ़ भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्वासन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिनियम 2019 के माध्यम से मुआवजा की दर को बढ़ाकर चार गुना किया। राजनांदगांव के कृषकगण भी यही मांग कर रहे हैं कि उक्त अधिनियम को पूर्व व्यापी प्रभाव से लागू कर उन्हें भी मुआवजा की राशि बढ़ाकर दी जाए। यह समस्त अधिकार प्रदेश शासन के पास सुरक्षित है, ना कि केन्द्र शासन के पास। केन्द्रीय नियमों का हवाला देते सांसद संतोष पांडे ने भूपेश सरकार से मांग की है कि दुर्ग जिले के कृषकों की भांति राजनांदगांव जिले के कृषकों को भी अधिग्रहीत भूमि का चार गुना मुआवजा प्रदान करें और कृषकों को दिग्भ्रिमित करना बंद करें।

# 126 बिजली कनेक्शन काटे, 212 बकायेदारों से 19 लाख की वसूली

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा राजनांदगांव शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के लिए व्यापक स्तर पर अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में राजनांदगांव संभाग स्तर पर गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा शहर के पश्चिम जोन, पूर्वी जोन, बोरी उपसंभाग, सोमनी उपसंभाग एवं ग्रामीण उपसंभाग के 212 बकायादार उपभोक्ताओं से 19 लाख 88 हजार रूपए की राशि की वसूली की गई।

समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नही करने वाले 126 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटी दी गई है। विदित हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर देवें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने के लिए अनुरोध कर रहे हैं। राजनांदगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता अलोक कुमार दुबे ने बताया कि विद्युत कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं पर की जा रही कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। वर्तमान में गैर घरेलू एवं औद्योगिक कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ ही घरेलू श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छदेन एवं बकाया राशि वसुली की कार्यवाही की जा रही है।

इसी परिपेक्ष्य में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के 126 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 14 लाख 95 हजार रूपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं तथा 212 बकायादार उपभोक्ताओं से 19 लाख 88 हजार रूपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया।

# सहायक शिक्षक फेडरेशन की जम्बो टीम का ऐलान

- ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार

पायनियर संवाददाता डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक डोंगरगाँव के अध्यक्ष प्यारे लाल साहू ने अपने ब्लॉक पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी कर दी है। उक्त सूची में सभी पदों पर मनोनयन किये गए नाम शामिल हैं। ब्लॉक की टीम में महिला विंग की सूची भी जारी कर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सूची में ब्लॉक संयोजक राजकुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष मेहत राम सोनकर, संत राम सोनकर, सचिव धनेश राम कोलियारा, कोषाध्यक्ष लेख दास साहू, महामंत्री मोनू सोनटेके, महासचिव भरत लाल साहू, भगत राम पटेल, प्रवक्ता मोहन लाल साहू, संगठन मंत्री प्रदीप कुमार ध्रुव, संगठन सचिव दीपक कुमार साहू, संयुक्त सचिव नरेन्द्र चन्द्रवंशी, सहसचिव तोरन निषाद, सह संगठन मंत्री केवल कुमार वर्मा, सह संगठन सचिव भुनेश्वर सेन, प्रमुख सलाहकार रमाकांत कसेर और अतुल यदु, सलाहकार रामदेव देवांगन को मनोनीत किया गया है। टीम में तीन मीडिया प्रभारी सोनेश्री पाटिल, राजेश कुमार देशलहरे व कृष्णाराव डेकाटे शामिल हैं।

ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर सूर्यकान्त ठाकुर, देवकुमार ठाकुर, ईश्वर दास जोशी, दीना राम सोनकर, तुलेश्वर साहू, जोगेन कमरिया, कृष्ण कुमार साहू, मुकेश चन्द्रवंशी, प्रेम लाल साहू, घना राम पटेल, अखिलेश सिन्हा, हेमंत सूर्यवंशी, वासुदेव टेकाम, इन्द्र कुमार सिन्हा, नागेश्वर साहू, पूना राम कन्नौजे, विद्याभूषण सोनकर, रूमलाल वर्मा, उपेन्द्र कुमार देवांगन, किशोर भारती के नाम शामिल हैं।

ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ में ब्लॉक अध्यक्ष ममता बोरकर, उपाध्यक्ष अंजू देवांगन, संयोजिका डाली पटेल, सहसचिव मीना पटेल, संगठन सचिव खिलेश साहू, संगठन प्रभारी शाहिना कुरैशी, संयुक्त सचिव प्रियंका नागदेवे, संगठन सहसचिव शकुन्तला साहू, मिडिया प्रभारी मीनाक्षी को मनोनीत किया गया है।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव की कार्यकारिणी घोषित

- अध्यक्ष चुम्मन साहू ने जिला अध्यक्ष मदन साहू की अनुशंसा पर की घोषणा

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी मोहन मरकाम के मार्गदर्शन में प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास साहू के दिशा-निदेर्शानुसार व जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) अध्यक्ष पदम कोठारी की सहमति से जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू की अनुशंसा पर ब्लॉक किसान कांग्रेस डोंगरगांव अध्यक्ष चुम्मन साहू ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है।

कार्यकाकारिणी में उन्होंने प्रभारी महामंत्री संगठन हेमंत साहू (खैरी), मीडिया प्रभारी संजय साहू को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह उपाध्यक्ष केजूराम साहू, रामचंद वर्मा, सावित्री बाई साहू, कपिल देव पडौती, मधुकर रामटेके, गिरधर कुंजाम को नियुक्त किया गया है। महामंत्री पद पर खूबलाल साहू, भुषण, घनश्याम, किशोर बनाफर, अनिता चंद्राकर की नियुक्ति की गई है।

इसी तरह संयुक्त महामंत्री जागेश्वर देवांगन, कन्हैया लाल साहू, गंगा प्रसाद साहू, तीरथ निषाद, भगवानदास साहू, निर्भय साहू, दीपचंद साहू, अशोक साहू, कौशल लहरे, तामेश्वरी सिन्हा, ओमेश्वरी साहू, मोहन साहू, ईश कुमार देवांगन मनोनीत किए गए हैं। सचिव कृपाराम खुटेल, बसंत निषाद, रामाधार बनकर, पुनीत वर्मा, केशव सिदार, तेजुबाई साहू, नरेश यादव, रनियाबाई सिन्हा, मोहन साहू, सतीश चंद्रवंशी, तुलेश्वर साहू, गोकुल, भीखम साहू बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्य के रुप में आत्माराम सोनी, सिद्धकि निषाद, रुपसिंग साहू, उत्तम बादाम, गंगा प्रसाद, कमल नारायण साहू, महेश साहू, किशोर साहू, लोकराम चंद्रवंशी, दीनराम साहू, ईश्वरी साहू, मिलन साहू, कुलेश्वर देवांगन, भुवनलाल साहू, उदयराम सिन्हा, दिलीप कुमार भंडारी, भुषण साहू, राजेश सिन्हा को शामिल किया गया है। स्थाई आमंत्रित सदस्य सोनुराम साहू, विभा साहू, बलीराम साहू, मिलन मंडावी, क्रांति बंजारे हैं। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य में विधायक दलेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष टीकेश साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन साहू शामिल हैं।

# नव प्रवेश छात्रों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए भरवाया ऑनलाइन फॉर्म



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला महाविद्यालय में नव प्रवेशीत छात्र छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जिला कलेक्टर बेमेतरा द्वारा नियुक्त डेडीकेटेड AERO जीआर ओ पौरस वेंताल नायब तहसीलदार बेरला की उपस्थिति में विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 छात्र-छात्राओं को शिविर के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म भरवाया गया स्वीप नोडल अधिकारी जीएस भारद्वाज ने बताया कि विगत 2 माह से स्विप इकाई महाविद्यालय के नव प्रवेश ई छात्र-छात्राओं के नाम ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों माध्यम से मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य कर रही है इस सत्र में प्रवेश लेने वाले सभी नव प्रवेशी जिनकी आयु 18- 19 वर्ष है उनका नाम विशेष शिविर के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। 2023 में 1 जनवरी 1 अप्रैल 1 जुलाई व 1 अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं से भी ऑनलाइन फॉर्म भरवाया जा रहा है कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ प्रेमलता गौरे डॉ आस्था तिवारी, बीआर शिवारे, युवराज पावले आशीष एक्का, गिरजा वर्मा, खुशबू ध्रुव एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए मेहुल

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष मेहुल मारू मध्यप्रदेश में विगत 26 से 27 नवंबर को मोटक्का से महू के रास्ते इंदौर तक करीब 70 किलोमीटर यात्रा में राहुल गांधी संग शामिल हुए। भारत जोड़ो यात्रा में प्रदेश के 324 सदस्यीय अतिथि यात्रियों की टीम जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित मंत्री विधायक शामिल हुए।

मेहुल मारू ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 150 दिनो में 3570 किलोमीटर चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा में मेरा योगदान केवल एक गिलहरी की तरह है जैसे श्रीराम की सेना लंका विजय हेतु समुद्र में रामसेतु निर्माण कर रही थी। जहां नल और नील का विज्ञान और वानर सेना का सामर्थ्य था तो उस एक 'गिलहरी' का भी योगदान था।

मेहुल ने कहा जब लड़ाई अधर्म और अन्याय के विरुद्ध हो तो हर सहारा ताकत बनता है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा एक राष्ट्र कार्य है धर्म की अधर्म पर जीत का कार्य है। धर्म कार्य किसी एक व्यक्ति अथवा वर्ग का नहीं अपितु योग्यता अनुसार सम्पूर्ण समाज का होता है। जितना कार्य वह कर सके निःस्वार्थ भाव से सभी को करना चाहिए।

# व्यापारी से लूटपाट के दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




लूटपाट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पीड़ित पक्ष के मारपीट भी की थी। शिकायत के बाद चिखली चौकी पुलिस ने आरोपियों को पकडक़र चोरी गए सामानों को बरामद कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 नवंबर को वह ममता नगर से अपना किराना दुकान बंद कर वापस अपने घर मोतीपुर आ रहे थे। मोतीपुर आजाद चौक पहुंचने पर दो लडक़े सामने आए और प्रार्थी के साथ मारपीट करते प्रार्थी के शर्ट के ऊपर जेब में रखे नगदी रकम 5100 रुपए, ड्राईविंग लाईसेंस एवं मोटर साईकिल के बिल को लूट लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

बताया जा रहा है कि मामले की गंभीरता को देखते एसपी प्रफुल्ल ठाकुर, एएसपी लखन पटले व सीएसपी अमित पटेल के मार्गदर्शन पर चौकी चिखली प्रभारी उप निरी शशांक पौराणिक द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों की पतातलाश कर आरोपी दीपक कुर्रे उर्फ बोद्रा (22 वर्ष) मोतीपुर एवं घनश्याम चंदेल उर्फ पाई (22 वर्ष) मोतीपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो घटना घटित करना स्वीकार किए। आरोपियों से प्रार्थी का लूटा हुआ ड्राईविंग लाईसेंस एवं मोटर साइकिल के बिल को बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी दीपक एवं घनश्याम द्वारा चिखली व मोतीपुर क्षेत्र में नशे के हालात में आने-जाने वालों से मारपीट, लूटपाट करने की घटना को काफी समय से घटित की जा रही थी। दोनों की गिरफ्तारी से क्षेत्रवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

# अमृत महोत्सव अभियान पर कलेक्टर ने ली बैठक

**खैरागढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भारत की आजादी का 75वां अमृत महोत्सव के सम्बन्ध में कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई डॉ. जगदीश कुमार सोनकर की अध्यक्षता में आज बुधवार को बैठक आयोजित की गई। जिला अंतर्गत समस्त क्षेत्रों के साथ-साथ, कम फसल बीमा आवरण वाले क्षेत्रो में विशेष अभियान चलाते हुए मौसम खरीफ वर्ष 2022 में कृषको के मध्य जागरूकता लाने हेतु भारत की आजादी का 75वां अमृत महोत्सव अभियान के तहत 01 दिसम्बर 2022 से 07 दिसम्बर 2022 तक कृषकों को फसल बीमा से होने वाले लाभ की जानकारियां देते हुए किसान के निवास के निकट बैंक, सीएससी या बीमा कंपनियों की सक्रिय भागीदारी के साथ किसानों के पंजीकरण के लिए विशेष विंडो, कृषको के समक्ष लाभार्थी किसानों की कहानियों के माध्यम से कृषकों के मध्य जागरूकता लाने हेतु कलेक्टर द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया। फसल बीमा के लाभ से कोई भी कृषक वंचित न रहे, जिससे सभी किसान लाभान्वित हो सके। बैठक में कृषि विभाग के उप संचालक आर के सोलंकी सहित बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भारतीय मजदूर संघ ने सांसद बघेल से मुलाकात कर परेशानियों से अवगत कराया

# खदान में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं का शीघ्र हल करवाएं

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधि मंडल दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं सदस्य स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड विजय बघेल से बीएसपी गेस्ट हाउस में सौजन्य भेंट किया और उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर लौह नगरी में स्वागत किया। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री मुश्ताक अहमद ने बताया कि यह मुलाकात एक औपचारिक मुलाकात थी। सांसद विजय बघेल भानुप्रतापपुर चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे तो उनसे आग्रह कर कुछ समय बीएमएस के लिए मांगा गया था जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और गेस्ट हाउस में मिलने का समय दिया। भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने उन्हे खदान से संबंधित नियमित कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की समस्याओं के विषय में बताया और उनके निराकरण के लिए भी निवेदन किया। चर्चा में उन्हें बताया गया कि संघ की शुरू से मांग है कि राजहरा खदान समूह में जो स्पाट टेंडर के नाम पर अपने चहेते ठेकेदार को कार्य देने की परंपरा चली आ रही है उस पर तत्काल विराम लगाना चाहिए। बीएसपी के सभी पंजीकृत ठेकेदारों को ठेका की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलना चाहिए एवं श्रम मंत्रालय भारत सरकार एवं खदान सुरक्षा महानिदेशक द्वारा बनाए गए नियमों का पालन होना चाहिए। जिससे खदान में सुरक्षित माहौल में कर्मचारी कार्य कर सकें। किंतु खदान की सुरक्षा खुलेआम अनदेखी की जा रही है। कर्मचारी चाहे वह नियमित हो या ठेका श्रमिक डर और दबाव में कार्य करने को मजबूर है। जिससे आए दिन कुछ ना कुछ दुर्घटना खदान में हो रही है। और काफी दुर्घटनाओं में श्रमिकों को अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है जोकि काफी चिंताजनक है। संघ लगातार खदान में सुरक्षा के मापदंडों के पालन के लिए प्रबंधन के साथ बातचीत करता रहता है परंतु प्रबंधन का सारा ध्यान सिर्फ और सिर्फ उत्पादन पर रहता है। वह सुरक्षा के प्रति गंभीर दिखाई नहीं देती है। जिस पर सांसद विजय बघेल ने तत्काल उचित कार्यवाही करने की बात कही है। संघ ने सांसद से निवेदन किया कि खदान में सुरक्षा के मापदंडों का कड़ाई से पालन हो इसके लिए प्रबंधन के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए।

अंत में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद विजय बघेल को शीतकालीन सत्र के बाद राजहरा आने का न्योता दिया जिसे सांसद ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से जिला मंत्री मुश्ताक अहमद, उपमहासचिव केन्द्रीय लखन लाल चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार सिंग,जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि राजेश दाशोड़े, शिव कुमार नायक, विनोद कुमार आरडे, शिवकुमार पांचे, प्रकाश ठाकुर और अन्य भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बाबा मोहतरा विद्युत सबस्टेशन का किया घेराव

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला महामंत्री व ग्रामीण मंडल प्रभारी योगेश वर्मा,गजेंद्र वर्मा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में आज बावा महोतरा सब स्टेशन विद्युत विभाग का घेराव किया गया तत्पश्चात विद्युत विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया इस संबंध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री एवं ग्रामीण मंडल प्रभारी योगेश वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से बेतहाशा बिजली बिल में बढ़ोतरी हुआ है जिसके कारण छत्तीसगढ़ की समस्त उपभोक्ता परेशान हैं किसानों को सिंचाई पंप चलाने में युवाओं को अध्ययन कार्य में व्यवसायियों को उद्योग चलाने में एवं राज्य के समस्त वर्गों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है बेतहाशा बिजली बिल वृद्धि से छत्तीसगढ़ की जनता परेशान है जीवन यापन करने में परेशानी हो रही है किसान बहुत परेशान है इसके विरोध में आज घेराव किया गया जिसमे उपस्थित योगेश वर्मा जिला महामंत्री व ग्रामीण मंडल प्रभारी, गजेंद्र वर्मा अध्यक्ष ग्रामीण मंडल, महामंत्री सोनू देवांगन, महेश्वर साहू जिला सोशल मीडिया, चम्पेश्वर वर्मा,विष्णु साहू मंडल उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश यादव मंत्री, दिलहरण वर्मा, थालेश्वर साहू,कपिल वर्मा,बिट्टू तिवारी ,राजेंद्र सिन्हा,ललित सिन्हा,कमलेश सिन्हा, तिरिथ साहू,गौतम यादव,लव साहू ,रवि साहू समेत ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता वा सभी उपभोक्तागण उपस्थित रहे।

# मौत से दो-दो हाथ, कोटा-महाविद्यालय के पर्वतारोही छात्र-छात्राएं प्रतिदिन पहुंचते है महाविद्यालय,दुर्घटना पर जिम्मेदार कौन स्टूडेंट्स या रेलवे-प्रशासन

## कोविड-कॉल से पूर्व से ही छात्र-छात्राओं के आवागमन के लिए ओव्हरब्रिज की मांग पुरानी है न ही ओव्हरब्रिज मिला न ही ट्रेन, जिम्मेदार खामोश

पायनियर संवाददाता ✓ करगीरोड-कोटा
www.dailypioneer.com

कोविड-संक्रमण-कॉल से पूर्व नई एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज सहित करगीरोड-स्टेशन में बुनियादी-सुविधाओं के लिए जनप्रतिनिधियों सहित कोटा-निरंजन केशरवानी-महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुविधाओं के लिए ओव्हरब्रिज-निर्माण की मांग बहुत पुरानी है पर वर्तमान समय में करगीरोड-रेलवे-स्टेशन की हालत पहले से भी काफी दयनीय-स्थिति में पहुच चुकी है..कोविड कॉल से ट्रेनो का परिचालन पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है..संक्रमण कॉल की तो विदाई हो चुकी है पर मिनिस्ट्री-ऑफ रेलवे बिलासपुर-जोन के डीआरएम-जीएम सहित अन्य रेलवे-अधिकारियों के लिए संक्रमण-कॉल अभी समाप्त नही हुआ है..खासकर करगीरोड रेलवे-स्टेशन के कोटा-निवासियों के लिए।






### कोयले से भरे मालगाड़ियों का करगीरोड-स्टेशन में परिचालन व स्टॉपेज-लगातार जारी

मेमू यात्री-ट्रेनो को छोड़कर कोयले से भरी वासुकी-शेषनाग मालगाड़ियों का करगीरोड-स्टेशन में परिचालन व स्टॉपेज लगातार जारी है..नगर-संघर्ष समिति द्वारा 13-सितंबर-से लेकर 14-दिसंबर 2021 तक धरना-प्रदर्शन रेल रोको-आंदोलन तक किया गया है आंदोलन-करियो पर अपराध पंजीबद्ध हुए करोड़ो रुपए के घाटे में चल रही रेलवे को आंदोलन-करियो पर लाखो का जुर्माना भी लगाना पड़ा..जैतहरी-चंदिया रोड मध्यप्रदेश में ट्रेनो के ठहराव के लिए हुए उग्र-आंदोलन के बाद दीपावली के बाद बिलासपुर-इन्दौर,,बिलासपुर-भोपाल,, रीवा-बिलासपुर के करगीरोड-स्टेशन में ठहराव के अनुमोदन के पत्र जारी होने के बाद भी कुछ उम्मीद जागी..पर रेलवे के अनुमोदन के बाद भी आश्वासन का झुनझुना पुनः से साबित होता दिखाई पड़ रहा है..सोमवार को ही बिलासपुर सांसद व बीजेपी के नव- पदस्थ..प्रदेशअध्यक्ष अरुण साव ने रेलमंत्री-अश्वनी वैष्णव व-कृषि-मंत्री नरेंद्र तोमर से मुलाकात के दौरान पुनःसे ट्रेनो के ठहराव को लेकर मांग उठाई.

### ट्रेन बंद होने से पढ़ाई प्रभावित

कोविड-संक्रमण कॉल की विदाई के बाद निरंजन-केशरवानी महाविद्यालय में अध्ययनरत कोटा सहित कोटा से लगे आसपास इलाके के ग्रामीण छात्र-छात्राएं काफी-संख्या में कॉलेज पहुचते है ट्रेनो के परिचालन बंद होने के बाद कॉलेज-स्टूडेंट्स को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है..एक प्रकार से उनके साथ उनके परिवारों को भी अतिरिक्त -आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है..कुछ छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित हुई है.. रेलवे-ओव्हरब्रिज के निर्माण नही होने से कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं जान हथेली पर रखकर रेल की पटरी को पार करके पर्वतारोही की भांति पहाड़ चढ़कर कॉलेज पहुचते है,प्रतिदिन स्टेशन में 11-12-बजे से ही ये सिलसिला जारी रहता है.कुछ छात्र-छात्राएं समझदारी दिखाते हुए मालगाड़ियों सहित अन्य ट्रेनो के गुजरने के बाद ही गुजरते है..वही पर कुछ छात्र-छात्राएं एक्शन-थ्रिल-फिल्मों को फॉलो करते हुए मालगाड़ियों के बीच से या फिर नीचे से गुजरते हैं..ऐसे में मालगाडीयो के अचानक से चलने पर दुर्घटना होने की पूरी संभावना बनी रहती है..जैसे-तैसे पटरीपार करने के बाद पहाड़ों पर स्लीपरो के पहाड़ को पार करके ही सभी स्टूडेंट्स कॉलेज पहुच पाते है ऐसा नही है..कि स्टेशन में आरपीएफजवान नही होते हैं उनके द्वारा बीच-बीच मे मनाही भी की जाती है..स्टेशन मास्टर भी माइक-चोंगे में समय-समय पर निर्देश देते रहते हैं..करगीरोड-स्टेशन में एक आरपीएफजवान से 24-घँटे सेवा ली जाती है..वो भी कितनी ड्यूटी करें और इस दौरान अगर कोई दुर्घटना हो भी जाती है..तो जीआरपी या फिर पुलिस-विभाग समझेगी।

# केरगांव स्कूल भवन के साथ अन्य व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित

पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




आदिवासी बाहुल्य ग्राम से 25 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मौहाभांठा आश्रित ग्राम केरगांव, मलेवा अंचल में बसे आदिवासियों की बस्ती, जहां पर भुंजिया जनजाति व गोंड़ समाज के लोग निवासरत हैं। वहीं प्राथमिक शाला भवन सन 2006 से जर्जर हो गया जो बैठने योग्य नहीं है। इसलिए नया अतिरिक्त भवन की स्वीकृति अति आवश्यक है। कक्षा 1 से 5 वी तक के बच्चों को जिस अतिरिक्त भवन में बिठाते हैं वे अतिरिक्त भवन बरसात के दिनों में पानी टपकता है । और बैठने योग्य ये भवन भी नहीं है । ऐसे भवन में बच्चों को बिठाकर पढ़ाया जाता है। और पूर्व माध्यमिक शाला में किचन सेट की व्यवस्था भी नहीं होने के कारण खाना पकाने में भारी परेशानी की समाधान करना पड़ता है। एक तरफ शासन प्रशासन स्वच्छता के ऊपर बड़ी-बड़ी बातें करती है, यहां पर देखा जाए तो शौचालय कि व्यवस्था भी नहीं है। कक्षा पहली से पांचवी तक 02 शिक्षक हैं। शिक्षक की कमी होने के कारण बच्चों की पढ़ाई में बहुंत ज्यादा बाधाएं आ रही है । प्रशासन की अनदेखी के कारण आदिवासी बच्चों की भविष्य खराब होती जा रही है। साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला की सौंदर्य में बाधाएं वृक्षारोपण तो करते हैं, लेकिन बाउंड्री बाल नहीं होने के कारण उचित देखभाल नहीं हो पाता जिसके कारण स्वच्छता और सौंदर्य की कमी पाई जाती है। यह जानकारी समाजसेवी मनोज कुमार पटेल, खगेश्वर भुंजिया, बीरबल सोनवानी, रामेश्वर भुंजिया, विजय कमार, रेखा राम ध्रुव के सानिध्य में ग्रामणों ने, जिला प्रशासन की व्यवस्था को नाराजगी जताते हुए,छबि लाल गोंड़ पोस राम, हरिशंकर, पुनीत राम भुंजिया, भोजराज जगत, हीरा सिंह मांझी, द्वारा बताया गया। इन सब बिंदु पर जिला प्रशासन को उचित ध्यान देना चाहिए और तत्काल जांच पड़ताल कर भवन बाउंड्री बाल और शिक्षक की अतिशीघ्र मांग किये हैं । ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पेयजल की भारी समस्या को लेकर परेशान करना नल जल योजना अधूरा कर छोड़ दिया गया, सीसी रोड को गड्ढा खोद दिए हैं, इसपर बरसात के दिनों में भारी दलदल व किचड़ होती है । जिस पर आम जनता को चलने में भारी परेशानी का सामना करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है सरकार बड़ी-बड़ी बातें तो करती है जिला कार्यालय से 25 किलोमीटर दूर में कोई समस्याएं या कार्य अधूरी है तो दूर-दूर की क्या हालत होगी ।

# महिला कल्याण समाज इंदिरा विहार ने किया स्कूली बच्चों को सामान वितरण

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर।
www.dailypioneer.com



महिला कल्याण समाज, इंदिरा विहार द्वारा सामान प्रदान किया गया भीषण ठण्ड के मौसम को देखते हुए व स्कूली बच्चो को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से महिला कल्याण समाज, इंदिरा विहार दवारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचिरदा तखतपुर ब्लाक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचिरदा तखतपुर ब्लाक में वहाँ अध्ययनरत 200 छात्र-छात्राओं को महिला कल्याण समाज एसईसीएल इंदिरा विहार की सचिव माधुरी तिवारी के नेतृत्व में सह सचिव रेहाना खान, विनिता मसीह, कविता घोष, कृति गंगाजली, आभा पाण्डे, वंदना राठौर, सुप्रभा आचार्य, लक्ष्मी राव, वसुंधरा राव, प्रभा तिवारी, सरला शर्मा, बनानी चक्रवर्ती, संध्या चतुर्वेदी, दिव्या भौमिक, मधु अग्रवाल, गीता रावत, दीपज्योति रानी, सीमा दिघ्रस्कर, रूबी हनीफी, ज्ञानती शाह, प्रीति रवि, शालू दुबे, सुभाषिनी सिन्हा, शेफाली घोष, सुनीता जायसवाल, उषा चन्द्रा ने पेन, पेंसिल, रबर, कटर, स्केल, टॉफी, बिस्किट आदि वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे जिन्हें उपस्थित समस्त सदस्याओं द्वारा कंबल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित बच्चों द्वारा महिला कल्याण समाज की सदस्याओं का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया।

# जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति, दिव्यांग एवं 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने चलेगा विशेष अभियान

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीसी के माध्यम से कलेक्टरों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ गौरेला पेण्ड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आज वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों की बैठक लेकर विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति, दिव्यांगजन एवं 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के पूर्व विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण के दौरान 9 नवंबर 2022 से लेकर 8 दिसंबर 2022 तक दावा आपत्ति प्राप्त की जा रही है। जिसमें नया पंजीयन, डिलीशन एवं संशोधन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में सभी मतदान केन्द्रों पर जागरूकता अभियान चलाकर बी.एल.ओ. अथवा मतदाता स्वयं ऑनलाइन वीएचए एवं एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से पात्र मतदाताओं के पंजीयन कराने के निर्देश दिये गये। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने 4 अर्हता तिथि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर घोषित किया गया है। आयोग द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों के 17 वर्ष से अधिक के पात्र मतदाताओं को पंजीयन कराने के विशेष निर्देश दिये गये है। इसके लिए जिले में अभियान चलाकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आयोग द्वारा जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के पात्र मतदाताओं का शतप्रतिशत पंजीयन कराने हेतु निर्देश हैं। इसके लिये बी.एल.ओ. एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसी तरह जिले में दिव्यांग मतदाता एवं ट्रांसजेंडरों का चिन्हाकन कर विशेष अभियान चलाने और मतदाता सूची में नाम जोड़ने के निर्देश दिये गये है। बी.एल.ओ. को घर-घर जाकर सर्वे कर सभी 17 वर्ष से अधिक पात्र मतदाताओं का पंजीयन निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए गये है।

# 17 पुलिस अधिकारियों को गृह विभाग ने किया उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत

- निरीक्षक लंबोदर पटेल भी बने उप पुलिस अधीक्षके

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन गृह एवं पुलिस विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा 29 नवंबर 2022 को जारी आदेश के तहत राज्य के विभिन्न स्थानों में पदस्थ 17 पुलिस अधिकारियों को उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है,जिसमें लंबोदर पटेल को भी उप पुलिस अधीक्षक बनाया गया है,पुलिस अधिकारियों को मिली इस पदोन्नति पर पुलिस विभाग के अधिकारीयो ने प्रसन्नता व्यक्त की है, तथा उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने वाले पुलिस अधिकारियों में येशेश्वरी येरेबार, महालक्ष्मी कुलदीप, लंबोदर पटेल, तोबियस खाका, रमेश कुमार मरकाम, डेरहाराम टंडन, कृष्णकांत बाजपेई, सुरेश कुमार ध्रुव, संजय कुमार सिंह, संतोष कुमार जैन, सत्य प्रकाश तिवारी, मोहम्मद मोहसिन खान, राजेश कुमार साहू, सुशांतो बनर्जी, कौशल्या साहू, इफ्फत आरा खैरानी एवं यदुमनी सिदार प्रमुख है, उल्लेखित हो कि उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होने वाले लंबोदर पटेल एवं कौशल्या साहू पूर्व में शक्ति पुलिस थाने में नगर निरीक्षक के पद पर सेवाएं दे चुके हैं।

# भारत पेट्रोलियम के नए पेट्रोल पंप का प्रतिभा ने किया शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

श्यामनगर में भारत पेट्रोलियम के नए पेट्रोल पंप केजल फ्यूल्स का शुभारंभ हुआ। पेट्रोल पंप संचालक राजेश साहू द्वारा स्थापित इस नए पेट्रोल पंप का उद्घाटन छग के पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर की धर्मपत्नी प्रतिभा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य द्वय रोहित साहू,चंद्रशेखर साहू ,सरपंच दुर्गा छन्नू साहू आदि ने फीता काटकर किया। ग्रामीण क्षेत्र में पेट्रोल पंप खुल जाने से लोगों में खुशी है। लोगों को सुविधा भी होगी। पेट्रोल पंप के संचालक राजेश साहू ने बताया कि ग्राहकों को यहां बेहतर सुविधा प्रदान की जाएगी।इस दौरान छाया विधायक लक्ष्मीकांता हेमंत साहू, जनपद सदस्य द्वय विद्या तुलस साहू,संतोष सेन, लफंदी सरपंच इंद्राणी नेहरू साहू, हसद सरपंच रेखा साहू, पूर्व सरपंच विद्या साहू,तर्रा सरपंच प्रतिनिधि सिकंदर बंजारे, जगदीस साहू,होरीलाल साहू,मोहन साहू, प्रीतम साहू, मायाराम साहू, डायमंड साहू, चेतन साहू, पुणेश्वर साहू, तिलेन्द्र साहू,धनेंद्र साहू,एवं क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिकः दूसरे दिन बांटी, भौंरा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी और रस्सा-कस्सी खेल का हुआ आयोजन

- 400 से अधिक खिलाड़ियों ने किया अपने प्रतिभा का प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में छत्तीसगढ़ की पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में 28 नवम्बर से जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय खेल के आज दूसरे दिन पारम्परिक खेल बांटी, भौंरा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी और रस्सा-कस्सी में सभी वर्ग के 400 से अधिक खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा के प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के दूसरे दिन भौंरा खेल में 18 वर्ष तक के बालिका वर्ग में कु. सविता पथरिया, पुरूष वर्ग में ओमप्रकाश पथरिया प्रथम रहा। 18 से 40 वर्ष के महिला वर्ग में सेवती राजपूत मुंगेली और पुरूष वर्ग में प्रवीण मुंगेली प्रथम और 40 वर्ष से अधिक में महिला वर्ग में अरूणा साहू मुंगेली और पुरूष वर्ग में सालिक मुंगेली प्रथम रहा। इसी प्रकार बिल्लस खेल में 18 वर्ष तक के बालिका वर्ग में मोहनी पथरिया, पुरूष वर्ग में धनेश्वर पथरिया, 18 से 40 वर्ष के महिला वर्ग में रवीना पथरिया, पुरूष वर्ग में दिलीप साहू लोरमी, 40 वर्ष से अधिक में महिला वर्ग में राजकुमारी मुंगेली, पुरूष वर्ग में राजेश्वर पथरिया प्रथम रहा। गेड़ी खेल में 18 वर्ष तक के बालिका वर्ग में माधुरी यादव मुंगेली, पुरूष वर्ग में दीपक भास्कर पथरिया, 18 से 40 वर्ष के महिला वर्ग में माधुरी ध्रुव पथरिया, पुरूष वर्ग में राकेश ध्रुव पथरिया, 40 वर्ष से अधिक में महिला वर्ग में राजकुमारी साहू मुंगेली, पुरूष वर्ग में सुखदानी साहू मुंगेली प्रथम रहा। फुगड़ी खेल में 18 वर्ष तक के बालिका वर्ग में अंशु साहू मुंगेली, पुरूष वर्ग में देव कुमार मुंगेली, 18 से 40 वर्ष के महिला वर्ग में रोशनी मरावी पथरिया, पुरूष वर्ग में साबिर अली पथरिया, 40 वर्ष से अधिक में महिला वर्ग में गनेशिया साहू मुंगेली, पुरूष वर्ग में संतोष साहू मुंगेली प्रथम रहा। बांटी खेल में 18 वर्ष तक के बालिका वर्ग में क्रांति एवं साथी पथरिया, पुरूष वर्ग में मनीष एवं साथी पथरिया, 18 से 40 वर्ष के महिला वर्ग में अमरिका एवं साथी पथरिया, पुरूष वर्ग में जोगी राम एवं साथी मुंगेली, 40 वर्ष से अधिक में महिला वर्ग में गनेशिया एवं साथी मुंगेली, पुरूष वर्ग में बनवाली एवं साथी पथरिया प्रथम रहा। रस्सा-कस्सी खेल में 18 वर्ष तक के बालिका वर्ग में पिंकी वर्मा एवं साथी पथरिया, पुरूष वर्ग में मनीष एवं साथी पथरिया।

# एड्स के प्रति जागरूक करने को 1 से 15 दिसंबर तक चलेगा एड्स जागरूकता पखवाड़ा

## महिलाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 1 से 15 दिसंबर तक विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया जाएगा। पखबाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग एचआईवी एड्स को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। इसके साथ ही एआरटी सेंटर द्वारा भी एचआइवी पाजिटिव मरीजों का उपचार करने के साथ ही उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास पर जोर दिया जायेगा ।

**महिलाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक** -राज्य के एनएफएचएस-5 के आंकड़ों में यह बात सामने आई है कि राज्य में पहले जहां 20 प्रतिशत महिलाए ही एचआईवी एड्स के बारे में जानती थी वहीं अब 23 प्रतिशत महिलाओं को एचआईवी एड्स के बारे में पर्याप्त जानकारी है। इसके अतिरिक्त पहले 57 प्रतिशत महिलाएं ही जानतीं थीं कि शारीरिक संबंध के दौरान कंडोम के प्रयोग से एचआईवी एड्स से बचा जा सकता है वहीं अब लगभग 76 प्रतिशत महिलाओं को इस बारे में पता है।

विश्व एड्स दिवस के बारे में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, रायपुर में एचआईवी पॉजिटिव लोगों को बेहतर उपचार देने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह बीमारी और न बढ़े इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसीलिए अधिक से अधिक मरीजों का एचआईवी टेस्ट करके उनका रजिस्ट्रेशन एआरटी सेंटर में कराया जा रहा है, जिससे वह सही उपचार लेकर एक बेहतर जीवन जी सकें।


क्या है एड्स एचआईवी यानि एड्स एक ऐसा वायरस है जो हमारी शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देता है। इससे तरह तरह की बीमारियां लोगों को जल्द ही घेर लेती हैं। इसी अवस्था को एड्स कहते हैं।

**सीरिंज से नशा भी बन रहा बड़ा कारण**-इंजेक्शन से नशा करने वाले आपस में एक दूसरे पर प्रयोग की गई सिरिंज का उपयोग कर लेते हैं। जिससे उन्हें उस समय तो होश नहीं रहता, लेकिन उनकी इस लापरवाही से एचआईवी संक्रमण एक से दूसरे में जरूर पहुंच जाता है। ओएसटी (ओरल सबटीयूएड थेरेपी) सेंटर में ऐसे हजार से ज्यादा मरीजों का उपचार चल रहा है, जो बार बार संक्रमित सुई का उपयोग करते हैं। इनमें कई लोग एचआईवी संक्रमित भी हैं। यह है एचआईवी संक्रमण के मुख्य कारण-1. असुरक्षित यौन संबंध। 2. संक्रमित सुई का बार-बार उपयोग।

## नवंबर माह में खाद्यान्न का नहीं हुआ आबंटन

# पीडीएस के चावल में ठेकेदार ने की भारी मात्रा में कालाबाजारी, हितग्राहियों में आक्रोश!

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आबंटित चावल में कालाबाजारी बरतें जाने की मामला प्रकाश में आया है। केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य लोककल्याण कारी योजनाओं के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न का आबंटन किया जाना सुनिश्चित है । ताकि गरीब परिवार भरपेट भोजन कर सके, लेकिन उसमें भी सेंधमारी की मामला सामने आ रही है,जबकि खाद्य विभाग ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अधीन छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 में संशोधन कर अधिसूचना भी जारी कर दिया है कि प्रावधान के अनुसार राशन सामग्री को अन्यत्र बेचे जाने पर संबंधित हितग्राही को जेल भी हो सकती है । इसके बावजूद राशनकार्ड धारकों के हक का खाद्यान्न उचित मूल्य के बतौर ठेकेदार के द्वारा डाका डाला जा रहा है। यहां पर बताना लाजिमी है कि माह नवम्बर 2022 का राशनकार्ड धारी हितग्राहियों के हिस्से की चांवल में खाद्य विभाग द्वारा बढ़ोतरी की गई है, जानकारी के अनुसार बी पी एल एवं अन्य श्रेणी राशनकार्ड धारी हितग्राहियों को प्रति सदस्य 15 किलोग्राम चांवल अतिरिक्त आबंटन खाद्य विभाग द्वारा सुनिश्चित है। लेकिन हितग्राहियों के अज्ञानता के अभाव में इसका मुनाफा उचित मूल्य दुकान के बतौर ठेकेदार कमा रहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिला तिल्दा विकासखंड के ग्राम पंचायत सरोरा, परसदा, भुरसुदा (गुजरा) में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य के दूकान में ब्यापक रूप से खाद्यान्न की कालाबाजारी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है । यहां पर कथित क्षेत्र के उचित मूल्य दुकान के बतौर ठेकेदार जो कि मेडिकल लाईन से जुड़ा हुआ पेशावर है, इनके द्वारा शासन के सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर पलीता लगाया जा रहा है। कहा जावे जो शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धराशाई किया जा रहा है। 5 किलो चावल ठेकेदार के कोष में रायपुर जिला तिल्दा विकासखंड के ग्राम पंचायत सरोरा, परसदा, भुरसुदा (गुजरा) के उचित मूल्य के दूकानों में एक ब्यक्ति विशेष का दबदबा है कहा जावे तो इन उचित मूल्य के दूकानों के बतौर ठेकेदार खाद्य विभाग के आदेशों को दरकिनार कर हितग्राही परिवार के सदस्यों के हिस्से का 05 किलो चावल को स्वयं डकार रहा है । कहा जावे तो बतौर ठेकेदार जो पेशे से डाक्टर है वह गरीबों के हिस्सा के चांवल पर डाका डालकर मालामाल हो रहा है ।खाद्य विभाग के अनुसार राशन कार्ड धारी परिवार को माह नवम्बर में प्रति सदस्य 15 किलो ग्राम अतिरिक्त चांवल आबंटित किया जाना है, लेकिन यहां पर उचित मूल्य दुकान के कथित ठेकेदार 05 से दस किलो ग्राम चावल को प्रति सदस्य पीछे डकार रहा है। माह अप्रेल 2021 में हुआ था कालाबाजारी खाद्य विभाग द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 2021 माह अप्रेल में भी अतिरिक्त चांवल की आबंटन सुनिश्चित किया गया था। उस बीते वर्ष में भी कथित उचित मूल्य दुकान कू ठेकेदार द्वारा राशनकार्ड धारी परिवार के प्रति सदस्यों के 05 किलो ग्राम चावल पर डाका डाला गया था। कथित ठेकेदार जो अपने आप को छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री मोहम्मद अकबर का रिश्तेदार कहता फिरता है जिसके आड़ में कथित ठेकेदार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्नों के कालाबाजारी में लिप्त है। जिनके हरकत से राशन कार्ड धारी हितग्राहियों में आक्रोश है। जानकारी में आया है कि इनके विरोध में क्षेत्रवासी पहले भी आवाज बुलंद कर चुके हैं।

**नवंबर माह में खाद्यान्न का नहीं हुआ आबंटन**-रायपुर जिला तिल्दा विकासखंड के ग्राम भुरसुदा मे नवंबर माह के खाद्यान्न का उचित मूल्य के दूकान से आबंटन नहीं किया गया है इस मामले पर पत्रकारों के टीम के तफ्तीश के दौरान पाया गया कि ग्राम भुरसुदा के उचित मूल्य के दूकान में नवंबर माह के अंत तक ताला लटका हुआ था ।इस मामले पर प्रभावित हितग्राहियों का कहना था कि संबंधित दुकान के सेल्समेन एवं ठेकेदार के मनमानी के चलते प्रति माह समयावधि में निर्धारित मात्रा में चांवल का आबंटन नहीं होता।

**ठेकेदार ने दबंगता के साथ पत्रकारों को किया गुमराह** -भुरसुदा उचित मूल्य के दूकान में नवंबर माह के अंतीम दिन भी ताला लटका रहा, इस मामले पर हितग्राहियों ने संबंधित दुकान के ठेकेदार पर आक्रोश ब्यक्त करते हुए बताया कि कथित दुकान संचालक के मनमानी के चलते समय पर निर्धारित मात्रा में खायान्न का वितरण नहीं होता यही नहीं उन्होंने बताया कि मिट्टी तेल का आबंटन तो 12 माह गुजर गए हितग्राहियों को आबंटन ही नहीं हुआ है।

# एसडीएम के प्रयासों से तुलसीबाई के पेंशन प्रकरण का हुआ समाधान



**सक्ती।** तुलसी बाई चौहान पति स्व. मनहरण लाल चौहान का परिवार पेंशन विगत नवम्बर 2021 से तक कुल 11 माह तक का प्राप्त नही हुआ था। परिवार पेंशनर तथा उनकी पुत्री मंजू कुमारी चौहान द्वारा बार बार बैंकों के चक्कर लगाने के बाद भी निराकरण नहीं हो पा रहा था। जिससे परिवार को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उपकोषालय अधिकारी सक्ती राकेश चौधरी द्वारा अनु अधिकारी (रा.) सक्ती रेना जमील के कुशल मार्गदर्शन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सक्ती से समन्वय स्थापित कर का निराकरण कराया गया। जिसके लिए पेंशनर तुलसीबाई चौहान ने अनुविभागीय अधिकारी (राजश्व) रैना जामिल को धन्यवाद दिया।

# हत्या के 14 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## लाठी, डंडा, लोहे की रॉड से लैस होकर योजनाबद्ध तरीके से आरोपियों द्वारा की गई घटना कारित

### मारपीट से एक बाराती गणेश पाटले की हो गई मृत्यु

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पुलिस ने शादी समारोह में सुनियोजित तरीके शामिल होकर हत्या के अंजाम देने वाले 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 27.नव. 2022 को रात्रि में नयन दास स्मृति परिसर बलौदाबाजार में एक विवाह कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें जिला मुंगेली से बारात आया हुआ था। इस दौरान शादी कार्यक्रम में शामिल नाचने वाले लोगों के सांथ मनपसंद गाना लगाने की फरमाइश पर से डीजे बजाने वाले से वाद विवाद होने लगा। डीजे बजाने वाला द्वारा अपने साथियों जिसमें बलौदाबाजार शहर के अपराधिक किस्म के लड़के शामिल थे, उन्हें शादी कार्यक्रम स्थल में बुलाया गया। फिर सभी आरोपियों द्वारा एक राय होकर नयनदास स्मृति स्थल के मुख्य दरवाजे को बंद कर बाहर निकलने वाले घराती-बाराती दोनों पक्ष के लोगों के साथ मारपीट किया जाने लगा। शादी कार्यक्रम में शामिल कुछ लोगों द्वारा आरोपियों को ऐसा न करने के संबंध में समझाइश भी दिया गया, किंतु सभी आरोपियों में मारपीट करने का एक अलग ही धुन सवार था। इसके बाद आरोपियों में शामिल करण बंजारे, पंकज बंजारे, पिंटू बंजारे आदि द्वारा अंदर घुसकर लाठी, डंडा, पत्थर एवं लोहे की रॉड से शादी स्थल में उपस्थित सभी लोगों के साथ मारपीट किया ।

इसी बीच मृतक गणेश पाटले एवं उसके नाती प्रियांशु पाटले के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट किया जाने लगा, जिसमें प्रियांशु ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, किंतु मारपीट से मृतक गणेश पाटले को गंभीर चोट पहुंचा। साथ ही विवाह स्थल में उपस्थित कई लोगों को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलोदाबाजार सचिंद्र चौबे, एसडीओपी बलौदाबाजार सुभाष दास, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक यदुमणी सिदार, प्रभारी साइबर सेल उपनिरीक्षक रोशन राजपूत, प्र.आर राजेंद्र पाटिल, अरशद खान आदि के साथ पुलिस बल तत्काल घटनास्थल नयनदास स्मृति स्थल पहुंचा। पुलिस को देखते ही सभी आरोपी इधर-उधर भागने लगे। सर्वप्रथम पुलिस बल की एक टीम द्वारा तत्काल घायलों को उचित इलाज हेतु जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार पहुंचाया गया। जहां गणेश पाटले पिता मुकुंददीप उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम भरवागुडा जिला मुंगेली की मृत्यु हो गई।

प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में घटनास्थल पहुंची पुलिस की दूसरी टीम द्वारा शादी समारोह में एक राय होकर, मारपीट करते हुए हत्या जैसे जघन्य घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु तत्काल सघन धरपकड़ अभियान प्रारंभ किया गया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा 28.नव.2022 को रात्रि तक प्रकरण में शामिल 01 अपचारी बालक सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभी भी कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है, जिनके संबंध में पहचान कार्यवाही कर पता तलाश किया जा रहा है।

# भाजपा को मालूम था ब्रम्हानंद बलात्कारी है उसके बावजूद प्रत्याशी बनाया : मरकाम

### वरिष्ठ भाजपा नेता ने ब्रम्हानंद नेताम को बचाने रघुवर दास को फोन किया था

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने रेप के आरोपी भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम के बचाव में बयानबाजी कर रहे भाजपा नेताओं के ऊपर तंज कसते हुए कहा कि इस बार अपराधी को धोकर निर्दोष बनाने वाली भाजपा नामक वाशिंग मशीन फेल हो गई। झारखंड पुलिस के खुलासे के बाद कि वह इसके पहले भी ब्रम्हानंद को इस मामले में खोजने कांकेर आई थी तथा झारखंड पुलिस ने उसे नोटिस भी दिया था। इस बात से साफ हो गया कि भाजपा ने जानबूझकर ब्रम्हानंद की गुनाह को नजरअंदाज किया तथा उसे भाजपा का उम्मीदवार बनाया। यह भाजपा के बलात्कारियों के प्रति नजरिये को दर्शाता है। भाजपा नारा देती है बेटी बचाओ का, बेटियो के अपराधी को अपना उम्मीदवार बनाती है। यह भाजपा का महिला विरोधी घृणित चेहरा है। खुद को पार्टी विद डिफरेंस का दावा करने वाली भाजपा का यही असली चेहरा है कि वह एक बलात्कारी को प्रत्याशी बनाकर उसके पक्ष में चुनाव अभियान चला रही है। भाजपा के ब?-छोटे नेता बलात्कार के आरोपी ब्रम्हानंद नेताम के लिये वोट मांग रहे है। भाजपा नेताओं को एक बलात्कारी के बचाव में बयान देने के बजाय उस 15 वर्षीय मासूम अबोध आदिवासी बालिका के चेहरे का स्मरण करना चाहिए जिसके साथ रेप, गैंगरेप की घटना हुई जिसको जबरदस्ती देह व्यापार में धकेला गया था। वह न्याय के लिए भटक रही है और भाजपा के नेता यहां एक बलात्कारी के पक्ष में खड़े हुए हैं। भाजपा नेताओं के इस चरित्र को उनके घर की माता और बहनों और बेटियां भी देखती होगी तो वो भी शर्म से पानी-पानी हो जाते होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि ब्रम्हानंद के ऊपर जब मुकदमा दर्ज हुआ तब झारखंड में रघुवर दास की सरकार थी। भाजपा के एक प्रभावशाली नेता जो भाजपा के छत्तीसगढ़ में वरिष्ठतम नेताओं में से एक है उसने झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री को फोन करके ब्रम्हानंद के मामले को दबाने के लिये अनुरोध किया था उसके बाद ही सामूहिक दुराचार के मामले में झारखंड पुलिस की कार्यवाही ठप्प हो गयी थी। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को मालूम था कि ब्रम्हानंद दुराचारी है उसके बाद भी भाजपा ने उसे अपना प्रत्याशी बनाया। यह बताता है कि भाजपा की नजर में मासूम से दुराचार करना सामान्य बात है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भानुप्रतापपुर की महिलायें और मतदाता बलात्कारी ब्रम्हानंद नेताम के उनके क्षेत्र का उम्मीदवार होने से खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं।

# अनुसूचित जाति वर्ग का आरक्षण 16 से घटाकर 13 प्रतिशत करने पर करेंगे आंदोलन

### आरक्षण 13 प्रतिशत करने के षड्यंत्र का करेंगे पुरजोर विरोध : उत्तम टंडन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छग जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी व अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष उदय चरण बंजारे के निर्देशानुसार पर बलौदाबाजार अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा अनुसूचित जाति के आरक्षण को 16 से घटाकर 12% करने के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। सुशील बंजारे प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत जोगी युवा मोर्चा ने कहा 12 वर्ष की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने आरक्षण को लेकर अनुसूचित जाति वर्ग के पक्ष में एक ऐतिहासिक निर्णय दिया है जो अब कांग्रेस पार्टी को हजम नहीं पा रही है इसलिए भूपेश सरकार विशेष सत्र बुलाकर अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण को 16 प्रतिशत से 13 प्रतिशत करने का षड्यंत्र कर रही है और अनुसूचित वर्ग के साथ अन्याय करना चाहती है जिसे अनुसूचित वर्ग बर्दाश्त नहीं करेगी और कांग्रेस का अनुसूचित जाति विरोधी इस नीति का हर स्तर में विरोध करेगी। इतना ही नहीं ऐसा होने पर समाज के मंत्री द्वय शिव डहरिया और रुद्र गुरु का भी विरोध कर इस्तीफे की मांग करेंगे। उत्तम टंडन जिला अध्यक्ष अजीत जोगी अनुसूचित जाति मोर्चा ने सरकार किसी भी वर्ग का अहित ना करें, सबके अधिकारों को रक्षा करें, किसी भी वर्ग के साथ अन्याय ना करे। नियमानुसार अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत, अनुसूचित जन जाति को 32 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करे। उक्त ज्ञापन सपने में प्रमुख रूप से सुशील बंजारे, उत्तम टंडन,कृष्णा आजाद,प्रकाश सिंह राउतराय, जितेन्द्र बंजारे, रामेश्वर घृतलहरे , राजेन्द्र जांगड़े, सुरेन्द्र टंडन, रामसंजीवन, आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

# कलेक्टर शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्र सिकोसा का किया निरीक्षण

## बच्चों के लिए लगाए गए नल से पानी नहीं आने और समुचित साफसफाई नहीं होने पर की नाराजगी जाहिर, परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम सिकोसा में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं शिशुवती माताओ को प्रदान की जाने वाली पौष्टिक भोजन के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चो से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। उन्होंने बच्चों को कविता सुनाने को कहा। कलेक्टर के कहने पर 03 वर्ष की नन्ही बच्ची नव्या ने निर्भीक होकर कविता सुनाया। नन्ही नव्या के सुमधुर कविता सुनकर कलेक्टर श्री शर्मा बहुत ही अभिभूत हुए। उन्होंने बच्ची की कविता पाठ पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शर्मा ने बच्चों से खिलौनों के नाम एवं रंग भी पूछा। इस दौरान कलेक्टर ने सभी बच्चों को चॉकलेट भी प्रदान किया। कलेक्टर शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चो को प्रदान की जाने वाली भोजन तथा शिक्षा आदि के अलावा कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने हेतु किए जा रहे उपायो के संबंध में भी जानकारी ली । इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजी, वजन पंजी, सुपोषण आहार पंजी आदि का भी अवलोकन किया।

उन्होंने बच्चों के लिए लगाए गए नल से पानी नहीं आने एवं समुचित साफसफाई नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। इसके लिए उन्होंने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम रश्मि वर्मा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वन पुसाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# टीबी उन्मूलन कार्य में जिलों के मूल्यांकन के लिए नोडल अधिकारी हुए प्रशिक्षित


**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा टीबी रोग में कमी लाने व देश को टीबी मुक्त बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला स्तर पर श्सब नेशनल सर्टिफिकेशन ऑफ टीबी एलिमिनेशन अवार्ड. 2022 हेतु छत्तीसगढ़ से 13 जिलों ने भारत सरकार को आवेदन भेजा है। जिलों ने भेजे आवेदन में जिलों का मूल्यांकन किए जाने की अपील भी की है। इन्ही मूल्यांकन के लिए नामांकित जिलों के नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य अधिकारियों ने टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के साथ ही सब नेशनल सर्टिफिकेशन या मूल्यांकन के लिए नामांकित जिलों के चिन्हांकित गांवों में सर्वे ए सैंपल कलेक्शन एवं जांच किए जाने के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। सब नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए राज्य के 13 जिलों ने भारत सरकार को आवेदन किया है। जिसके लिए भारत सरकार ने इंडियन एसोसिएशन प्रीवेंटिव एंड सोशल मेडिसीन (आईएपीएसएम) को मूल्यांकन के लिए अधिकृत किया है। इन्हीं के प्रतिनिधियों द्वारा आवेदित जिलों के चिन्हाकित गाँवों में सर्वे व सैंपल कलेक्शन व जांच का कार्य किया जाएगा। साथ ही विगत 7 वर्षो के रिकॉर्ड्स का भी विश्लेषण व मूल्यांकन किया जाएगा।


01 Dec. 2022
Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567





सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403